धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

07.07.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी/पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 351



12 फिर शादी करेंगे ऋतिक रोशन, आजाद से जुड़ा नाम

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### देवघर में 17 से दिखेगी बिल्व पत्रों की प्रदर्शनी

**देवघर।** देवघर बाबा मंदिर में चली आ रही पौराणिक परंपरा के अनुसार बेलपत्र प्रदर्शनी और बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा है। यह परंपरा 150 से अधिक वर्षों से चली आ रही है। बांग्ला श्रावण 17 जुलाई सोमवार कर्क संक्रांति से सभी दल भोलेनाथ पर बिल्वपत्र अर्पित करेंगे, जो 17, 24 और 31 जुलाई, सात और 14 अगस्त को बिल्व पत्र चढ़ा कर प्रदर्शित की जायेगी।

### ड्रग माफिया की लिस्ट तैयार, चलेगा बुलडोजर

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस राजधानी में लंबे समय से ड्रग्स का काला कारोबार कर रहे तस्करों पर नकेल कसने में जुट गयी है। पिछले दिनों पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में सैकड़ों जगहों पर छापेमारी कर कई आरोपियों को दबोचा है। पुलिस ने नशा तस्करों की सूची भेजी थी। इस पर एलजी ऑफिस ने नगर निगम को तस्करों की संपत्तियों को सील करने और ध्वस्त करने का निर्देश दिया है।

### झारखंड राजद ने चार सीटों पर दावा ठोंका

**रांची।** राज्य में 14 में से 04 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी करते हुए पार्टी सुप्रीमो को पत्र भेजा है। सूत्रों के अनुसार राजद पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा सीट पर चुनाव लड़ेगा। अंतिम फैसला लालू प्रसाद करेंगे।

### कोडरमा में जोबा ने जानी योजनाओं की हकीकत

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा मांझी क्षेत्र दौरे के दौरान गुरुवार को स्वावलंबी गांव लक्ष्मीपुर पहुंचीं। उन्होंने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया।

### केंद्रीय संयुक्त सचिव आज आयेंगे लोहरदगा

**लोहरदगा।** आकांक्षी जिला अंतर्गत लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, श्रम एवं नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार का लोहरदगा जिला का भ्रमण सात से नौ जुलाई तक निर्धारित है। वे सात जुलाई को जिला परिषद सभागार में 10 .30 बजे पूर्वाह्न से जिला के संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### हाइकोर्ट ने हिरासत में मौतों पर रिपोर्ट मांगी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और आनंद सेन की खंडपीठ ने गुरुवार को राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस हिरासत में हुई मौतों के मामलों में न्यायिक जांच नहीं होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने राज्य के सभी जिला जजों से रिपोर्ट मांगी।

### डायन प्रथा उन्मूलन का जागरूकता रथ रवाना

**रांची।** जिले में डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए समाहरणालय परिसर से गुरुवार को जागरूकता रथ रवाना किया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ रवाना किया।

### तमीम इकबाल ने की संन्यास की घोषणा

**नयी दिल्ली।** इस साल होने वाले वनडे वर्ल्डकप से पहले बांग्लादेश टीम को बड़ा झटका लगा है। वर्ल्डकप से करीब तीन महीने पहले बांग्लादेश की वनडे टीम के कप्तान तमीम इकबाल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

---

## ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक में बोले सीएम हेमंत सोरेन

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ठोस बनाने में मनरेगा का बड़ा रोल

### जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी डीसी को देने की मंजूरी

- हर तीन माह में परिषद की बैठक का निर्देश
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर फोकस



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का अहम रोल है। इस लिहाज से मनरेगा से जुड़ी योजनाएं झारखंड के लिए काफी मायने रखती हैं। इन योजनाओं में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए इसकी मजबूत निगरानी होनी चाहिए। सीएम गुरुवार को आयोजित झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक में बोल रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार का फोकस ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर है। उन्होंने झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक हर तीन माह में उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। ऐसी बैठक से तमाम योजनाओं की नियमित और विस्तार से समीक्षा हो सकेगी। (शेष पेज 11 पर)

#### पारदर्शिता और गुणवत्ता जरूरी

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए लाभुकों की भी अकाउंटेबिलिटी तय होनी चाहिए। योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने में भी मदद मिलेगी और लाभुकों को बिचौलियों से निजात मिलेगी। मनरेगा के तहत राज्य सरकार द्वारा भी कई योजनाएं चलायी जा रही है। ऐसे में श्रमिकों के कार्य की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप इन योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दें। उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने की दिशा में पहल करें। इससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और गांव का भी तेजी विकास होगा।

#### प्रावधानों का प्रचार प्रसार करें

सीएम ने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरी करने वालों के लिए भी सामाजिक सुरक्षा के तहत सहायता अनुदान का प्रावधान है। ऐसे में इसकी जानकारी ग्रामीणों को हो, इसलिए सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का बड़े स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। राज्य विशेषकर पहाड़ी इलाकों में अनेक चुआं और छोटे-छोटे झरने हैं। इन सभी का जियो मैपिंग कराने की परियोजना बनायें। ताकि इसकी पानी की क्षमता को बढ़ाकर समुचित इस्तेमाल किया जा सके।

---

## हैप्पी बर्थडे माही...

### हैदराबादी फैंस से मिला स्पेशल गिफ्ट




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देशभर में क्रिकेट प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले रांची के राजकुमार और टीम इंडिया पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का 7 जुलाई को जन्मदिन है। इस खास दिन धोनी 42 साल के हो जायेंगे। धोनी ने इंटरनेशनल क्रिकेट को भले ही अलविदा कह दिया है, इसके बाद भी फैंस में माही के प्रति दीवानगी आज भी कम नहीं है। माही के बर्थडे से पहले ही देशभर में उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। फैंस अपने पसंदीदा क्रिकेटर के जन्मदिन पर जश्न मनाने की तैयारी में जुट गये हैं। इसी बीच हैदराबाद में धोनी के फैंस ने उन्हें जन्मदिन का एडवांस तोहफा दिया है। यह खास तोहफा है धोनी का 52 फीट का कट आउट। यह प्यारा सा गिफ्ट जन्मदिन से एक दिन पहले 6 जुलाई को ही प्रशंसकों ने उन्हें दिया है।

**हैदराबादी फैंस ने लगाया धोनी का 52 फीट ऊंचा कट आउट :** कैप्टन कूल धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स ने आइपीएल 2023 के 16वें सीजन का खिताब जीता है। माही को लेकर प्रशंसकों में आज भी वही क्रेज कायम है, जैसा जब धोनी टीम इंडिया के लिए क्रिकेट खेलते थे। हैदराबादी फैंस ने धोनी का 52 फीट ऊंचा कट आउट लगाया है। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड कर रही है। इस तस्वीर में धोनी अपने हाथ में बल्ला लिए हुए खड़े नजर आ रहे हैं। धोनी की इस तस्वीर को इंटरनेट पर अभी तक 12 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इसके साथ 8 हजार से ज्यादा फैंस लाइक कर चुके हैं। लगातार इस फोटो पर कमेंट करके धोनी को एडवांस में बर्थडे विश कर रहे हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में भी फैंस ने धोनी का 77 फीट ऊंचा कट आउट लगाया है।

---

# पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा से पांच दिन तक पूछताछ करेगी इडी

## रिमांड मिली, अब कई अहम जानकारी मिलने की उम्मीद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार पत्थर व्यवसायी कृष्णा साहा से इडी अपने कब्जे में लेकर पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। यह पूछताछ शुक्रवार से प्रारंभ होगी। इडी को अब साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा से कई अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। इससे पूर्व गिरफ्तार कृष्णा साहा को गुरुवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। पेशी के दौरान इडी ने सात दिनों की रिमांड मांगी थी। इडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने पांच दिन रिमांड की मंजूरी दी।

**इडी ने कहा ठोस सबूत हैं :** इडी के आवेदन पर वकील अतीश कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग करने का ठोस सबूत है। आरोपी को लगभग छह एकड़ भूमि पर ही खनन करना था, लेकिन, उसने 12 एकड़ से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। (शेष पेज 11 पर)

### राम विनोद सिन्हा की बढ़ी मुश्किलें

बर्खास्त इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं। दरअसल, सीजेएम कोर्ट ने मामले में अपनी न्यायिक शक्ति का उपयोग करते हुए अधिकतम सात साल की सजा सुनायी है, जो पहले तीन साल की गयी थी। साथ ही एक करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। रांची सिविल कोर्ट में दोषी अभियुक्त की सजा बढ़ाने के लिए न्यायिक दंडाधिकारी (जेएम) की अदालत ने सीजेएम को और अधिक कठोर सजा की जरूरत है। सजा बढ़ाने के बिंदु पर लगभग दो महीने तक सीजेएम कोर्ट में सुनवाई हुई। सीजेएम कोर्ट ने मामले में अपनी न्यायिक शक्ति का उपयोग करते हुए अधिकतम सात साल की सजा सुनायी। सीजेएम कोर्ट को अधिकतम सात साल तक की ही सजा सुनाने की शक्ति है। मालूम हो कि राम विनोद सिन्हा मनी लाउंड्रिंग के आरोप में पिछले ढाई साल से अधिक समय से जेल में हैं।

---

### चंद्रयान-3 मिशन 14 जुलाई को होगा लॉन्च

**नयी दिल्ली।** चंद्रयान-3 मिशन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इसे लॉन्च करने की तारीख बता दी है। यह 14 जुलाई को लॉन्च होगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया है कि इसे श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से लॉन्च किया जायेगा। इसकी लॉन्चिंग दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर होगी। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को अपने नए प्रक्षेपण रॉकेट एलवीएम-3 से जोड़ दिया गया है। इसरो ने गुरुवार को ट्वीट पूरे शेड्यूल की जानकारी दी। चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के चट्टानों की ऊपरी परत की थर्मोफिजिकल विशेषताएं, चंद्रमा पर भूकंप आने की बारंबारता, चंद्रमा की सतह पर प्लाज्मा वातावरण और उपकरण उतारे जाने वाले स्थान के निकट तत्वों की संरचना का अध्ययन करने वाले उपकरण भेजे जायेंगे।

**उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहा अपना चंद्रयान**

---

# नीति आयोग की टीम का 11 को झारखंड दौरा, 12 को होगी बैठक

- केंद्र प्रायोजित योजनाओं की होगी समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को झारखंड दौरे पर आ रही है। जानकारी के अनुसार नीति आयोग की टीम 12 जुलाई को प्रोजेक्ट भवन में बैठक करेगी। बैठक में राज्य में केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पॉल के नेतृत्व में 06 सदस्यीय टीम 12.30 बजे प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य के झारखंड के आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। नीति आयोग के टीम के झारखंड दौरे को लेकर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गयी है। केंद्रीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति से संबंधित रिपोर्ट सभी विभागों से मुख्य सचिव कार्यालय में मंगाया जा रहा है। नीति आयोग की टीम में वरीय सलाहकार नीरज सिन्हा, डॉ अशोक, ए सोनू सोनकुसरे, डॉ थ्यागराजू, नमन अग्रवाल और एसजी शिंदे शामिल हैं। दो दिवसीय इस दौरे में नीति आयोग की टीम के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और योजनाओं को लेकर मंथन होगा। (शेष पेज 11 पर)

**मुख्य बातें :** उल्लेखनीय है कि 27 मई को केंद्रीय नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार के सामने कई प्रस्ताव रखे थे। उन्होंने एमएसएमई निदेशालय की स्थापना और जिला उद्योग केंद्रों को विकसित करने की मांग को भी रखा था। साथ ही एमएसएमई में अस्थाई पूंजी की सब्सिडी को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर अधिकतम 40 फीसदी करने के मुद्दे पर भी कई सुझाव दिये थे। सीएम ने नीति आयोग की बैठक में कहा था कि झारखंड ने विगत तीन वर्षों में विकास की गति को काफी तेजी से पकड़ा है। झारखंड में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं हैं। इसको लेकर के मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि केंद्र और राज्य के मिलकर काम करने से झारखंड तेजी से विकास कर सके।

### समान नागरिक संहिता पर जीओएम का गठन

**नयी दिल्ली।** देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाते हुए मोदी सरकार ने मंत्रियों के एक समूह (जीओएम) का गठन कर दिया है। देश में यूसीसी लागू करने को लेकर सभी महत्वपूर्ण पक्षों से और सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के लिए केंद्र सरकार ने फिलहाल अनौपचारिक तौर पर इस जीओएम का गठन किया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की अध्यक्षता में गठित इस अनौपचारिक जीओएम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और जी किशन रेड्डी को शामिल कर अहम जिम्मेदारी दी गयी है। ये चारों मंत्री समान नागरिक संहिता से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

---

## महाराष्ट्र में चाचा-भतीजे के बीच सियासी घमासान जारी

# पवार बोले- मैं ही हूं अध्यक्ष अजित समेत 9 को निकाला



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट के बीच शरद पवार ने गुरुवार को दिल्ली में पार्टी की बैठक और खुद को एनसीपी का अध्यक्ष बताया। वहीं अजित के दावे को खारिज करते हुए 9 विधायकों को पार्टी से निकालने की घोषणा की। अपने आवास पर आयोजित बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में आठ प्रस्ताव पारित किये गये, जिसमें नौ नेताओं को निष्कासित करने के फैसले को मंजूरी भी शामिल है। पार्टी की कार्य समिति की बैठक के बाद शरद पवार ने कहा, मैं ही एनसीपी का अध्यक्ष हूं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली में शरद पवार गुट की बैठक पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भतीजे अजित पवार ने इस बैठक को गैरकानूनी बताया है। गुरुवार को शरद पवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और राजग से हाथ मिलाने वाले नौ अन्य को निष्कासित करने के फैसले को मंजूरी गयी। बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए पार्टी नेता पीसी चाको ने कहा कि बैठक में आठ प्रस्ताव पारित किये गये। अजित पवार के बहुमत होने के दावे पर भी पवार ने कहा कि सच्चाई सामने आ जायेगी। चाको ने कहा कि संगठन पवार के साथ है। उन्होंने कहा, एनसीपी वर्किंग कमेटी ने प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और एनडीए से हाथ मिलाने वाले नौ लोगों को निष्कासित करने के फैसले को मंजूरी दे दी है। (शेष पेज 11 पर)

---

# शिवराज ने पीड़ित युवक के पैर धोये, मांगी माफी, बताया सुदामा

- डैमेज कंट्रोल में जुट गयी है बैकफुट पर आयी भाजपा
- तिलक लगा कर, शॉल भेंट कर किया सम्मान

### सीधी पेशाब कांड पर झारखंड समेत देश भर में प्रदर्शन



**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सीधी में आदिवासी पर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा पेशाब करने की घटना पर देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शन से बैकफुट पर आयी भाजपा डैमेज कंट्रोल में जुट गयी है। एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सीधी पेशाब कांड के पीड़ित आदिवासी युवक से गुरुवार को मुलाकात की। पीड़ित दशमत रावत को सीएम हाउस बुलाकर उसे सम्मान से कुर्सी पर बैठाया। उसके पैर धोकर माफी मांगी। तिलक लगा कर फिर शॉल भेंट कर सम्मान किया। सीएम ने पीड़ित को नारियल और भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट की। सीएम बोले- मैं इस घटना से द्रवित हूं। (शेष पेज 11 पर)

**सीएम बोले तुम मेरे दोस्त हो :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दशमत को सुदामा कहा। सीएम बोले दशमत तुम अब मेरे दोस्त हो। सीएम ने पीड़ित से पूछा बच्चे पढ़ रहे हैं। पीड़ित ने हां में जवाब दिया। सीएम ने फिर पूछा उन्हें छात्रवृत्ति मिल रही है। जवाब मिला उन्हें वजीफा मिल रहा है। सीएम ने कहा कि और कोई परेशानी तो नहीं है, जवाब मिला और कोई परेशानी नहीं है। सीएम ने उसके कंधे पर हाथ रखकर कहा कि कोई परेशानी हो तो बताना। सीएम के सवाल पर पीड़ित ने कहा कि वह कुबेरी मंडी में हाथ गाड़ी पर बोरियां ढोने का काम करता है। इसके बाद सीएम ने कहा कि मुझे वह घटना देखकर बहुत दुख हुआ, मैं माफी चाहता हूं, क्योंकि यह मेरी ड्यूटी है मेरे लिए तो जनता ही भगवान जैसी है। इसके बाद सीएम ने कहा चलो अब नाश्ता करेंगे। वहीं सीएम के निर्देश पर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी पर एनएसए की कार्रवाई भी की गयी है।

---

# खूंटी: नशेड़ी डॉक्टर पर कार्रवाई की अनुशंसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खूंटी सदर अस्पताल में शराब के नशे में मरीज के परिजन को गाली देने वाले आरोपी डॉक्टर पर कार्रवाई होगी। डीसी के निर्देश पर एसडीओ के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने आरोपी चिकित्सक बिपिन खलखो की करतूतों को सही पाया।

एसडीओ अनिकेत सचान के नेतृत्व में बनी कमेटी ने सिविल सर्जन कार्यालय का दौरा किया और सिविल सर्जन डॉ अजित खलखो और सोमवार रात सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में कार्यरत सभी नर्सों एवं मेडिकल स्टाफ से घटना के संबंध में पूछताछ की।

डॉक्टर द्वारा परिजनों के साथ गाली गलौज मामले को मेडिकल स्टाफ ने सही बताया है। जांच के बाद एसडीओ ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा करते हुए अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को दे दी है।

# गुवाहाटी में बन रही झारखंड समेत पूर्वोत्तर राज्यों की चुनावी रणनीति

## बीएल संतोष की अध्यक्षता में हो रही बैठक में झारखंड से रघुवर दास और बाबूलाल मरांडी भी रहे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड सहित 11 राज्यों की सांगठनिक बैठक में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को लेकर गहन विचार विमर्श हुआ। गुरुवार को भाजपा को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी बनाने के साथ-साथ मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

भाजपा पूर्वी क्षेत्र के राज्यों बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा की गुवाहाटी में आयोजित सांगठनिक बैठक में बाबूलाल मरांडी के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हिस्सा लिया। बैठक को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, सह संगठन महामंत्री प्रकाश जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार मजबूत सरकार बनाने की योजनाओं पर गहन विचार विमर्श हुआ। बैठक में मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल और महा जनसंपर्क अभियान में जनता से मिल रहे अपार जन समर्थन केलिए जनता के प्रति आभार प्रकट किया गया। झारखंड सहित गैर भाजपा शासित राज्यों में जनविरोधी नीतियो, कुशासन, ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला, युवा विरोधी कार्यों को उजागर करते हुए उसके खिलाफ आंदोलन को तेज करने का भी आह्वान किया गया।

### माइक्रो स्तर पर मैनेजमेंट का मेगा प्लान तैयार कर रही भाजपा

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर माइक्रो स्तर तक जाकर मैनेजमेंट करने के लिए भाजपा एक मेगा प्लान तैयार कर रही है। इसके तहत पार्टी ने पहली बार पार्टी के कामकाज को सरल बनाने के लिए देशभर के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को तीन सेक्टरों में बांट दिया है। इन सेक्टरों को ईस्ट रीजन, नार्थ रीजन और साउथ रीजन का नाम दिया गया है। ईस्ट रीजन में शामिल राज्यों की बड़ी बैठक गुरूवार को गुवाहाटी में हुई।

## भाजपा-झामुमो के बीच आदिवासी वोटरों को लेकर होगा झकझूमर

उदय चौहान





**रांची।** प्रदेश भाजपा की कमान बाबूलाल मरांडी को सौंपे जाने के बाद राज्य की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। दरअसल, भाजपा ने लोकसभा चुनाव के पहले दीपक प्रकाश के स्थान पर बाबूलाल मरांडी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है।

श्री मरांडी की ताजपोशी से भाजपा के साथ-साथ सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस गठबंधन में भी सुगबुगाहट तेज हो गई है। वहीं, बाबूलाल मरांडी व भाजपा के पैंतरे को भांपते हुये झामुमो भी अपनी रणनीति बदलने को आतुर हो गया है। गौरतलब है कि आदिवासी वोटों पर झामुमो की मजबूत पकड़ है। संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल जैसे आदिवासी बहुल स्थानों पर झामुमो की पकड़ मजबूत है। इन क्षेत्रों के अधिकतर विधायक झामुमो से हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए झामुमो-कांग्रेस ने संताल परगना की 18 में से 14 विधानसभा सीटों पर कब्जा कर लिया था। कोल्हान प्रमंडल में तो भाजपा का खाता तक नहीं खुला था। इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा आदिवासी वोटों के लिये मारामारी होगी।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार बाबूलाल मरांडी लगातर संताल परगना में मिनी एनआरसी का मुद्दा उछाल रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी के साथ ही सोशल मीडिया पर श्री मरांडी ने इस सवाल को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने तो डेमोग्राफी में बदलाव के लिए झामुमो के साथ-साथ कांग्रेस को भी जिम्मेदार ठहराया है। ऐसे में आदिवासी वोटों का ध्रुवीकरण होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। चर्चा है कि झामुमो इसे देखते हुए सक्रियता बढ़ाने की रणनीति बना रहा है। बीते बुधवार को झामुमो की केंद्रीय समिति की बैठक में इस संबंध में निर्देश भी दिये गये हैं। विधानसभा चुनाव से पहले लोकसभा का चुनाव होना है। वहीं बाबूलाल मरांडी की भी परीक्षा पहले लोकसभा चुनावों में होगी। बताया जा रहा है कि भाजपा का लक्ष्य सभी 14 सीटें जीतने का है। फिलहाल, भाजपा के पास 12 सीटें हैं। श्री मरांडी को लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी को बढ़त दिलाने का दबाव है।

**रोमांचक होगा बाबूलाल व हेमंत के बीच मुकाबला :** झामुमो की रणनीति को देखते हुए लग रहा है कि इस बार पहले से अपेक्षा ज्यादा सीटों पर उसकी दावेदारी होगी। महागठबंधन में रह कर पिछले लोकसभा चुनाव में झामुमो ने पांच सीटों पर चुनाव लड़कर एक सीट पर जीत हासिल की थी। जबकि कांग्रेस ने नौ सीटों पर चुनाव लड़कर एक पर विजय हासिल कर सकी थी। ऐसी स्थिति में दबाव कांग्रेस पर होगा। क्योंकि बाबूलाल मरांडी आक्रामक तरीके से अपनी रणनीति बना रहे हैं। दोनों पार्टियों में आदिवासी वोटों के लिए मुकाबला होना तय माना जा रहा है। बाबूलाल संताल आदिवासी समुदाय से आते हैं। वहीं, सीएम हेमंत सोरेन भी संताली हैं। दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव में रोमांचक मुकाबला देखा जा सकता है।

## रांची की अलका जयसवाल व पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक बने शिवेंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**राची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने झारखंड शिक्षा सेवा के दो अधिकारियों को बदल दिया है। एक अधिकारी को डीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया है। राज्य शिक्षा सेवा की अधिकारी अलका जायसवाल को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची का नया क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक बनाया गया है।

वर्तमान में वह जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा के पद पर पदस्थापित थीं। अगले आदेश तक वह अपने ही वेतनमान में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के पद पर कार्य करेंगी।

इनके अलावा झारखंड शिक्षा सेवा के ही शिवेंद्र को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर में पदस्थापित किया गया है। वे माध्यमिक शिक्षा उप निदेशक के पद पर पदस्थापित थे।

इनके अलावा कोडरमा के जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार को अगले आदेश तक कोडरमा का जिला शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विभाग से जारी अधिसूचना में अपर सचिव कुमुद सहाय ने कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### हाइकोर्ट ने हिरासत में हुई मौत से जुड़े मामलों में जिला जजों से मांगी रिपोर्ट

रांची। झारखंड के अलग अलग जिलों में पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामलों में न्यायिक जांच नहीं होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और आनंद सेन की खंडपीठ ने झारखंड के सभी जिला न्यायाधीशों से रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने सभी जिला जजों को पूछा है कि हिरासत में हुई मौत मामलों में न्यायिक जांच कराने के लिए उनके पास कितने आवेदन लंबित हैं। अब हाईकोर्ट 26 जुलाई को सुनवाई करेगा।


**Office of The Executive Engineer**
**Building Construction Department Building Division, Garhwa.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING RE-TENDER**

Sealed Tenders are invited for ***Construction work of Block Public Health Unit Building at Ranka.*** by the Executive Engineer. Building Construction Department, Building Division, Garhwa from the Registered contractor in the Office of the undersigned & in the office of S.E. B.C.D. Circle No-02. Ranchi on **13-07-2023** up to 3.00 pm and will be opened on **13-07 2023** at 3.30 pm in respective offices By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderes or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening Detail list of work, specification, quantity etc. may be obtained from the aforesaid offices in working day on **12-07-2023** from 10.00 am to 1.00 pm which cost of Bid Rs. **5000/-** in shape of Demand Draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

The tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount(Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the Scheduled Bank duly pledge in favor of Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

**Executive Engineer,**
Building Division, Garhwa.

PR 301560Building(23-24)#D



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**–: आम सूचना :–**

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा ग्रामीण स्तर पर युवाओ को स्व–नियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके पलायन को रोकने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वित्तीय वर्ष 2023–24 का क्रियान्वयन पलामू जिला में सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 10 रा0(वि0) दिनांक 14.06.2023 द्वारा किया जाना है।

पशुपालन प्रभाग की योजनाएँ निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रस्तावित कुल राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 01. | बकरा विकास योजना (ब्लैक बंगाल नस्ल का 4 मादा एवं 1 नर की ईकाई (4+1) (10–20 इकाईयों के कलस्टर में) | 24800/– प्रति इकाई | 01. यह कार्यक्रम सभी महिला–पुरूष लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों के लिए है, जिसमे परिवार की महिलाओं/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निसंतान दम्पति (कम से कम 50 वर्ष उम्र को लक्ष्य अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जाएगा। 02. इस योजना के तहत असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (निका उम्र कम सं कम 50 वर्ष हो के लिए अनुदान के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत तथा अन्य सभी लाभुकों को वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत देय होगा। |
| 02. | सूकर विकास योजना (T&Dएवं अन्य विदेशी नस्ल का 4 मादा एवं 1 नर की ईकाई (4+1) (10–20 इकाईयों के कलस्टर में) | 57800/– प्रति इकाई सूकर गृह का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा अभिसरण के अंतर्गत किया जाएगा। | |
| 03. | कुक्कुट विकास योजना (1) बैकयार्ड लेयर कुक्कुट की योजना Chicks आधारित बैकयार्ड कुक्कुट पालन की एक इकाई योजना के तहत् 400 लेयर बर्ड का पालन (5 इकाईयों के कलस्टर में) | 118200/– प्रति इकाई (लेयर कुक्कुट शेड का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा अभिसरण के अंतर्गत किया जाएगा। | |
| 04. | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 ब्रायलर Chicks ) (5 इकाईयों के कलस्टर में | 67500/– प्रति इकाई (ब्रायलर कुक्कुट शेड का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा अभिसरण के अंतर्गत किया जाएगा। | |
| 05. | बतख चूजा वितरण की योजना (15 बत्तख चूजा) | 1700/– प्रति इकाई | 01. यह कार्यक्रम सभी महिला–पुरूष लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों के लिए है, जिसमे मत्स्य पालन कर रहे लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जाएगा। 02. इस योजना के तहत अनुदान वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत अथवा अधिकतम 1530/– रू0 दोनों में से जा कम हो देय होगा। |

**चयन की प्रक्रिया –**

01. लाभुकों का चयन कलस्टर के आधार पर किया जाएगा।
02. जिला में योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय एवं आईटीडीए अंतर्गत गठित शासी निकाय (जहाँ लागू हो) द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा जिला गव्य विकास पदाधिकारी के सहयोग से किया जाएगा।
03. चयनित लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है।
04. चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो तथा चयनित लाभुकों द्वारा इस संबंध में आवासीय प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य है।
05. चयनित लाभुकों में ऐसे परिवार जो पशुधन के गतिविधि से जुडे रहे है, उन्हें प्राथमिकता दिया जाएगा।
06. लाभुकों का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जाना है, तदोपरान्त लाभुकों की सूची प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा से जिला को भेजा जाएगा।
07. प्रखण्ड स्तरीय समिति से प्राप्त लाभुकों की सूची का अंतिम रूप से अनुमोदन उपायुक्त महोदय के अध्यक्षता से जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाना है।
08. अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त ही संबंधित जिला के पदाधिकारी द्वारा अनुदान की राशि लाभुक के खाता में हस्तांतरित करेंगे।
09. विगत पॉच वर्षो में जिन परिवारों द्वारा अनुदान का लाभ ले लिया गया है, उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।

अतः आप सभी इच्छुक किसान एवं पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि उपरोक्त योजनाओं का लाभ हेतु संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से आवेदन फार्म प्राप्त कर आवेदन अच्छी तरह से भरकर संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास जमा करें ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.301548 District(23-24):D


# राज्य में 5 दिनों बाद रजिस्ट्री का काम फिर से शुरू

### सर्वर में तकनीकी खराबी के कारण बंद थी रिजिस्ट्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों के सभी निबंधन कार्यालयों में पिछले पांच दिनों से दस्तावेजों का निबंधन नहीं हो रहा था। कारण सर्वर में तकनीकी खराबी बताया जा रहा था। राज्य के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में चल रही सर्वर की परेशानी गुरुवार को खत्म हो गयी। इसके बाद रजिस्ट्री कार्यालयों में सुचारु रूप से दस्तावेजों का निबंधन शुरू हो गया। पांच दिनों बाद रजिस्ट्री ऑफिस में कामकाज पहले की तरह चलने से आम लोगों ने राहत की सांस ली है।

गुरुवार को कार्यालय खुलने के बाद काफी संख्या में अधिवक्ता और आम लोग अपने कार्य कराने रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे थे। इस कारण अचानक से रजिस्ट्री ऑफिस में भीड़-भाड़ बढ़ गयी थी। सभी लोगों को जल्दी होने की बजह से किसी-किसी कार्यालयों में नोंक-झोक की भी सूचना है। मालूम हो कि राज्य के सभी जिलों में पिछले पांच दिनों से रजिस्ट्री कार्यालय में ऑनलाइन सर्वर में हो रही परेशानी के कारण पूरी व्यवस्था बेपटरी हो चुकी थी। एक अगस्त से जमीन-मकान महंगे होनेवाले हैं। इस कारण सभी लोगों को जल्दी थी। कई लोग घर, फ्लैट, जमीन और विभिन्न दस्तावेज निबंधन कराने के लिए सर्वर ठीक होने का इंतजार कर रहे थे।

## रांची में हंगामे के बीच काम की शुरुआत

खबर मन्त्र संवददाता



**रांची।** वकील साहब काम कराना है तो कराइए नहीं तो बाहर जाइए, यह कहना था रांची निबंधन कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर का दरअसल बात यह है कि गुरुवार को निबंधन कार्यालय में लोग अपने जमीन, घर व फ्लैट के निबंधन के लिए खड़े थे। इसी बीच एक वकील साहब आकर इस बात का विरोध किया की कंप्यूटर ऑपरेटर के केबिन में ढेर सारे दलाल भर गए हैं उन्हें बाहर निकाला जाए। अन्यथा रजिस्ट्री बंद कीजिए जिसके बाद कंप्यूटर ऑपरेटर उत्तेजित हो गया बाद में जिला अवर निबंधन ने वकील साहब को अपने ऑफिस में बिठा कर शांत कराया। आपको बता दें शनिवार से ही रांची निबंधन कार्यालय में लिंक फेल था जिसके चलते जमीन का निबंधन नहीं हो रहा था। गुरुवार को लिंक आया जरूर लेकिन उसकी रफ़्तार काफी धीमी थी।

सुबह से ही निबंधन परिसर में जमीन खरीद- बिक्री करने वालों की भीड़ लगी हुई थी। 70 लोगों ने जमीन निबंधन के लिए कागजाद जमा किए सुबह से हीलोग डटे थे, वहीं पहचान पूर्ण करने के लिए फोटो सह निशान काउंटर पर भी अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए।

## खेलो झारखंड 15 जुलाई से शुरू होगा, कार्यक्रम घोषित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) की ओर से विद्यालय स्तर से लेकर राज्य स्तर पर वार्षिक खेल कार्यक्रम खेलो झारखंड 2023-24 का समय सारणी घोषित किया गया है। राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने पत्र जारी कर सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह कार्यक्रम पदाधिकारी को राज्य में सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, आदर्श विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय एवं जैक बोर्ड के स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए खेलों का आयोजन करने को कहा है।

### खेलो झारखंड के कार्यक्रम

**विद्यालय स्तर खेल प्रतियोगिता**
- 15 जुलाई से 14 अगस्त 2023

**प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता**
- 16 अगस्त से 16 सितंबर 2023

**जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता**
- 18 सितंबर से 21 अक्टूबर 2023

**राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता**
- 1 नवंबर से 22 दिसंबर 2023 एवं 20 जनवरी से 23 जनवरी 2024

## झामुमो ने कहा- भाजपा की चाल, चरित्र और मानसिकता आदिवासी विरोधी है

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला द्वारा मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी युवक के साथ किया गया कुकृत्य भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को उजागर करता है। यह कुकर्म बताता है कि भाजपा कितना दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और आदिवासी विरोधी है।

भाजपा के उक्त मानसिकता के खिलाफ झामुमो रांची जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में आज अलबर्ट एक्का चौक पर भाजपा का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने कहा गया कि भाजपा का चाल, चरित्र और मानसिकता दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और आदिवासी विरोधी है। ये सिर्फ दिखावे में सभी समुदायों के लोगों को लुभाती है और फिर अपना मतलब साध कर धक्के मारकर निकाल देती है। नेताओं ने प्रवेश शुक्ला को फांसी की सजा देने की मांग की है।

मौके पर जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, समनुर मंसुरी, डॉ चिंतामनी सांगा, अफरोज अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, धर्मेन्द्र सिंह, कलाम आजाद, रामानन्द बेदिया, बीरू साहु, कीर्ति, लालजय कुमार नाथ शाहदेव, सुजीत उपाध्याय, रामशरण विश्वकर्मा, कुदुस अंसारी, प्रदीप मिर्धा, आफताब आलम, उमेश यादव, अरूण वर्मा, फरीद खान, मृत्युन्जय सिंह, सुनील साहु, जीत गुप्ता, सुरेन्द्र नायक, ललित केरकेप्ता, कैथरीना तिर्की, शान्ति तिर्की, सुनिता लिण्डा, पुष्पा बरदेवा, धुचु तिर्की, सोनु मुण्डा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्य में उसूल नहीं, वसूली की सरकार : सुदेश महतो

## मिलन समारोह में भाजपा और झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने आजसू का दामन थामा

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची/बोकारो।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि चंदनकियारी राजनीति का शिकार हुआ है। आजसू पार्टी ही इसे संभालेगी और संवारेगी भी। वे आज चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा और झामुमो के सैकड़ों कार्यकताओं, समर्थकों ने आजसू का दामन थामा।

श्री महतो ने कहा कि चंदनकियारी को एक अभिभावक चाहिए। सभी लोग मिलकर एक वातावरण तैयार करें, ताकि परिस्थितियां बदले। चंदनकियारी आजसू का गढ़ रहा है। पार्टी के नेता उमाकांत रजक ने इस चंदनकियारी को जिया है। यहां जिस दिन जिस परिवार को उनकी जरूरत पड़ेगी वे खड़े रहेंगे।

झारखंड में झामुमो के नेतृत्व में चल रही सरकार पर उन्होंने जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य जिन खराब हालातों से गुजर रहा है, उसमें हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस राज्य में उसूलों की नहीं, वसूली की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य जिन हालात से गुजर रहा है उसमें सबसे ज्यादा तकलीफ गरीब गुरबा सह रहे। इस सरकार की पहचान करनी हो तो सबसे निचले तंत्र पर नजर डालने की जरूरत है । थानेदार और सीओ सरकार का कोषाध्यक्ष बना बैठा है। दरअसल यह सरकार उसूलों के नहीं वसूली की हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसी एक विभाग के बारे में बता दें कि वहां काम हो रहा है। मुख्यमंत्री जहां हाथ रखें, घपले-घोटाले, घूसखोरी की परतें खुलेंगी।

उन्होंने ने कहा कि झारखंड ने एक वह दौर से भी देखा है जब सरकार लगातार अस्थिर होती रही। लेकिन अब पांच साल की सरकार बनने लगी है। लेकिन पांच सालों की सरकार में आम आदमी की टीस कहीं ज्यादा है। सुदेश ने कहा, राज्य में जिस तरह के राजनीतिक हालात बने हैं उसमें पहले आपको लीडर चुनना होगा, दल नहीं। जब आपका लीडर सोच वाला और तपा तपाया होगा तो आपके हित अधिकार के काम भी होंगे। वही लीडर जनता के सुख दुख का साथी हो सकता है। यही हो जा रही है कि हम हमेशा लीडर खड़ा करने के पक्षधर रहे हैं।

मिलन समारोह में गोमिया के विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने कहा कि हेमंत सरकार की पहचान भ्रष्टाचार और अराजकता है। अफसरशाही और बाबूगिरी का राज चल रहा है। इसे समाप्त करने का समय आया है इसलिए सोच समझकर चलना होगा।

चंदनकियारी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि आजसू पार्टी इस क्षेत्र और राज्य की दिशा दशा बदलने के लिए पहले से प्रतिबद्ध रही है। यही वजह है कि आजसू के प्रति राजनीतिक कार्यकताओं और आम लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है।

**शामिल होने वाले प्रमुख कार्यकर्ता :** बीजेपी से अश्विनी महतो, पंचू महतो, मानिक ओझा, भागवत रजवार, कालीपद महतो, किशोर रजवार, निर्मय रवानी, विजय गोराई, संजीव कुमार राय के अलावा झामुमो से मो. अनवर अंसारी, अली रजा अंसारी, मुस्ताक अंसारी, जाबिर अंसारी, बंटी अंसारी समेत कई लोग आजसू पार्टी में शामिल हुए।

## जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का हुआ कायाकल्प, खेल के साथ पार्क की सुविधा



फोटो : समीर

# डॉ मुखर्जी की परिकल्पना का राष्ट्र बनना बाकी है : टीके शांडिल्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को डीएसपीएमयू में एक समारोह सह सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी और डिपार्टमेंट ऑफ ईएलएल के संयुक्त सौजन्य से किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में मौजूद डीएसपीएमयू के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने अपने वक्तव्य की शुरूआत झारखंड की भूमि के नमन के साथ की और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मरण किया। डॉ शांडिल्य ने आज के संदर्भ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को प्रासंगिक और रेखांकित करते हुए कहा कि आज भी उनकी परिकल्पना का राष्ट्र बनना बाकी है। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को देखते हुए इस विश्वविद्यालय का नाम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रखा जाना हमें गौरवान्वित करता है। डॉ मुखर्जी के जीवन वृत्त की चर्चा करते हुए कहा कि वह 24 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य बने। वीसी ने कहा कि गणित के अध्ययन के लिए वह विदेश गए और लंदन मैथमेटिकल सोसाइटी ने उन्हें सम्मानित सदस्य बनाया। कुलपति के तौर पर अपने कार्यकाल दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को पहली बार बंगाली भाषा में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक है। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। उनका यह मानना था कि संसार को बचाने के लिए भारत का एक रहना और शक्ति संपन्न होना अत्यंत आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा कि उनके जीवनवृत्त का अध्ययन करने से एक बात स्पष्ट होती है कि उनके कार्यप्रणाली में काफी संकल्पित उद्देश्य निहित रहते थे। कार्यक्रम में विषय प्रवेश और स्वागत भाषण कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने किया।

## स्पीड न्यूज

### आइएएस अविनाश कुमार को मिला होम का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1993 बैच के अधिकारी और ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने बुधवार की देर शाम अधिसूचना जारी कर दी है।

### आरयू मुख्यालय में आज तालांबदी करेगा आजसू

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने रांची विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ के जायज मांगों को समर्थन में गुरुवार को उनके साथ कलमबंद हड़ताल में शामिल होकर समर्थन दिया। साथ ही आजसू विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार से मांग करती है की जल्द से जल्द उनकी जायज मांगों को पूरा करे अन्यथा आजसू शुक्रवार को आजसू विश्विद्यालय मुख्यालय में सुबह 10 बजे ताला बंदी करेगी।

### बीएयू के लिए वाइस चांसलर की तलाश हुई शुरू

**रांची।** कांके स्थित बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के लिए वाइस चांसलर (वीसी) की तलाश शुरू हो गई है। इसके लिए योग्य आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गये हैं। सर्च कमिटी के कॉर्डिनेटर सह राज्यपाल के ओएसडी के स्तर से इस संबंध में सूचना जारी करते कहा गया है कि एकेडमिक तौर पर और बेहतर प्रशासनिक एक्सपीरियंस रखने वाले अभ्यर्थी वीसी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## रांची जिला स्तरीय समिति की बैठक में हुआ निर्णय

# कोविड में पैरेंट्स खो चुकीं छात्राओं को नामांकन में मिलेगी प्राथमिकता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड के कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय से दूर रहनेवाली बालिकाओं, जिनके माता-पिता या माता-पिता में से एक की कोविड-19 से मृत्यु हुई हो और आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को स्कूल के नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन पर विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा इस सत्र में नामांकन के लिए प्रस्तावित सूची का फिर से निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया ताकि आज की बैठक में जो प्रतिनिधि शामिल नहीं हो पाए हैं, वे भी सूची से अवगत हो सके। बैठक में उपस्थित सांसद/विधायक प्रतिनिधि को अपने स्तर के प्रतिनिधि के साथ विचार-विमर्श करते आवश्यक सुधार के साथ नये सिरे से सूची अगली बैठक में रखने का निर्णय लिया गया।

गुरुवार को हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक में सांसद/विधायक के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक, रांची, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची जिला के सभी वार्डन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## इंडिगो की रांची-दिल्ली की एक और विमान सेवा शुरू

**रांची।** दिल्ली से रांची के बीच इंडिगो एयरलाइंस ने एक नई विमान सेवा शुरू की है। यह सेवा सुबह की होगी। यह विमान 6ई-2172 दिल्ली से सुबह 9:10 बजे आएगी और यहां से यात्रियों को लेकर (6ई-2173) 9:40 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएगी। यह सेवा सप्ताह में हर दिन के लिए होगी। रांची एयरपोर्ट में दो विमान सेवा का सुबह 7:30 और 9:10, दोपहर में 3:45 और रात के दौरान 6:55 बजे आगमन होता है। इसके अलावा एयर एशिया की तीन और विस्तारा एयर लाइंस की रात्रिकालीन सेवा यहां से आवाजाही करती है। इसके साथ ही रांची एयरपोर्ट से सप्ताह में उड़ानों की संख्या 35 तक पहुंच गई है। इस सेवा के शुरू होने के साथ ही रांची से दिल्ली विमानसेवा की संख्या आठ हो गई है। रांची से दिल्ली के लिए चार इंडिगो एयरलाइंस, एक विस्तारा और तीन एयर एशिया की सेवा है।

## केंद्र के इशारे पर झारखंड को अनाज देने से एफसीआइ कर रहा इनकार : सीपीआइ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीपीआई राज्य कार्यकारणी सदस्य सह रांची जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि एफसीआई की वजह से 5 रुपया प्रति किलो अधिक दाम पर झारखंड सरकार को चावल खरीदना पड़ रहा है। भारत सरकार के द्वारा संचालित भारतीय खाद्य निगम की ओर से राज्य सरकार को ग्रीन राशन कार्ड धारियों के लिए अनाज उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया गया है। जो यह दशार्ता है कि जहां भी विपक्षी दलों की सरकार है, वहां केंद्र सरकार दोयम दर्जे का व्यवहार करती है। वहां की जनता के बारे में कुछ नहीं सोचती है।

अजय सिंह ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) भारत सरकार द्वारा निर्मित और संचालित एक स्वतंत्र निकाय है। यह भारत की संसद द्वारा खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के अधिनियमन द्वारा गठित उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के स्वामित्व में है। इसका काम सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत देशभर में खाद्यान्नों का वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना को सुनिश्ति करने के लिए खाद्यान्नों के बफर स्टॉक को बनाए रखना और वितरण का है। इसलिए एफसीआई झारखंड सरकार को अनाज न देने के फैसले को तत्काल वापस ले।

अजय सिंह ने कहा है कि झारखंड सरकार कोई भी भूख से न सोये और भूख से किसी की मौत न हो इस पर काम कर रही है। इस योजना के तहत ग्रीन राशन कार्ड बनाकर लोगों को खाद्य आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण झारखंड में लगातार हो रही भूख से मौत पर लगाम लगी है। उन्होंने कहा है कि भात-भात करते करते संतोषी की मौत हुई थी, जिसके कारण पूरी दुनिया में झारखंड की बदनामी हुई थी। सीपीआई राज्य कार्यकारणी सदस्य सह रांची जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार यहां के लोगों को नियमित राशन मिले इसकी व्यवस्था खुद करे। केंद्र सरकार की एजेंसियों के द्वारा झारखंड सरकार को उपेक्षित करने के खिलाफ जोरदार प्रचार-प्रसार किया जाए।

## जानलेवा हमले के आठ आरोपी साक्ष्य के अभाव में हुए बरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपर न्यायायुक्त प्रकाश झा की अदालत ने जानलेवा हमले के आठ आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इसमें तीन महिला आरोपी भी शामिल है। अदालत ने रातू थाना क्षेत्र के रवि स्टील चौक स्थित शांति नगर निवासी अभिषेक चौधरी, यशोदा कुमारी, मलती देवी, अनमोल कुमार जायसवाल, ममता देवी, सुरेश साव, सुबोध कुमार एवं सुनिल कुमार को बरी किया है। इनलोगों के खिलाफ पड़ोसी गणेश प्रसाद साहू ने 15 जून 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत में सुनवाई के दौरान तीन गवाहों को प्रस्तुत किया गया। मामले के सूचक गणेश साहू ने कहा कि मारपीट हुई थी। लेकिन कोई लिखित रिपोर्ट नहीं दिया था।

अदालत ने गवाह को होस्टाइल घोषित कर दिया। अन्य दो गवाह भी होस्टाइल हो गया। जिसका लाभ आरोपियों को मिला। दोनों पक्ष अदालत के बाहर समझौता कर लिया था और अदालत में अपनी ही लिखित रिपोर्ट को गलत बताया।

## दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में संजय उरांव दोषी करार

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या व शव छुपाने के अभियुक्त संजय उरांव उर्फ पाहन को दोषी करार दिया हैण उसके सजा की बिंदू पर 13 जुलाई का सुनवाई होगी। अदालत ने हत्या, दुष्कर्म व पोक्सो की धारा के तहत उसे दोषी करार दिया है। रातू थाना क्षेत्र के पाली अखड़ा टोली निवासी संजय उरांव ने 10 अप्रैल 2018 की रात अपने ही गांव में घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में नाबालिग की मां के बयान पर रातू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

# बिहार क्लब ने समारोह आयोजित कर नवनियुक्त गोसेवा आयोग के अध्यक्ष को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** गौ सेवा आयोग नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद का बिहार क्लब रांची के तत्वाधान में आयोजित समारोह में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह में महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजित सहाय ने चुनरी ओढ़ा कर एवं श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव एवं महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इसके बाद महानगर समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अकीलउर रहमान, मोहम्मद इस्लाम, साहेब अली, रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष आदर्श शर्मा, किशोरगंज चूना भळा के जगदीश वर्मा, बिहार क्लब रांची के सचिव संजय सिन्हा, प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीण लोहिया, ऑल इंडिया गद्दी समाज के साहेब अली, फुटपाथ दुकानदार संघ, परवेज अख्तर, जुल्फिकार भुप्तो, फिरोज सभी ने बारी-बारी से अपने संगठन की ओर से श्री प्रसाद को चुनरी, पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र तथा माल्यार्पण कर अपनी संगठन की ओर से उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया। मौके पर संगठन के लोगों ने झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन सहित झारखंड सरकार का आभार प्रकट किया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए नवनियुक्त गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने अपने संबोधन में यह विश्वास दिलाया कि जिस विश्वास के साथ कांग्रेस पार्टी के कहने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका मनोनयन किया है इसमें वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के गौ सेवा आयोग के क्रियाकलापों एवं योजनाओं की जानकारी इकळा की जा रही है एवं उनका अध्ययन करने के बाद आगे की रणनीति बनाकर काम करने की काशिश करूगा। उन्होंने कहा कि झारखंड गौ सेवा आयोग केवल अनुदान देने वाली संस्था के रूप में काम नहीं करेगा बल्कि एक लंबी लाइन खींचने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि इस राज्य की पहचान गो रक्षक राज्य के रूप में हो और किसी को भी गो रक्षा के नाम पर अराजकता फैलाने की छूट नहीं होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य संयोजक डॉ अजीत सहाय ने किया तथा संचालन महानगर समिति के महामंत्री रविंद्र वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन अमरनाथ साहू ने किया।

सभा अध्यक्ष के रूप में महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजय सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार तथा कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद जिन्होंने राजीव रंजन प्रसाद जैसे कर्मठ एवं युवा शक्ति को इस आयोग का अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि श्री प्रसाद जन्माष्टमी के दिनों में भी रांची में कार्यक्रम करते हैं। समय-समय पर अपने कार्य क्षमता से विभिन्न कार्य को संपन्न करवाते हैं। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इनके नेतृत्व में आयोग बहुत ही अच्छा कार्य करेगा। सभा को श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सचिव अकील उर रहमान, महानगर दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू एवं वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा, बिहार क्लब के सचिव संजय सिन्हा गोपू एवं रांची गौशाला समिति के प्रमोद सारस्वत रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष आदर्श शर्मा, मोहम्मद इस्लाम, साहेब अली, जुल्फिकार भुप्तो, जगदीश वर्मा, मोहम्मद फिरोज, परवेज अख्तर ने भी सभा को संबोधित किया।

## सीसीएल में प्रिवेंटिव विजिलेंस व एचआर ईक्विटी पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा प्रिवेंटिव विजीलेंस और एचआर ईक्विटी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीसीएल मुख्यालय में गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक,विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि निष्ठा और पारदर्शिता के साथ काम करना अधिकारियों का कर्तव्य होना चाहिए।

सीसीएल के निदेशक ( कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कर्मियों को पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष रूप से काम करने का संदेश दिया और कहा कि किसी भी प्रस्ताव को स्पष्टता के साथ भयमुक्त होकर प्रस्तुत करें। महाप्रबन्धक (अधिकारी स्थापना) संजय ठाकुर ने विजलेंस के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों से कहा कि कार्य में निर्भिकता के लिए आवश्यक है कि आप सीडीए रूल के अनुरूप नियमानुसार कार्यों का निष्पादन करें। कार्यशाला का आयोजन महाप्रबंधक (एचआरडी) पार्थ भप्ताचार्य के मार्गदर्शन में किया गया। मंच संचालन मुख्यप्रबंधक (कार्मिक) श्री संजय ने किया।

# मिशन 2024 को लेकर राजद ने राज्य के चार लोकसभा सीटों पर ठोका दावा

सत्येन्द्र



### लालू प्रसाद को लिखा पत्र, पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा सीट पर लड़ना चाहती है चुनाव

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर राज्य की सभी पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में झारखंड के महागठबंधन दल में शामिल दलों ने अपने-अपने राजनीतिक नफा नुकसान के हिसाब से उम्मीदवारी का हिसाब लगाना शुरू कर दिया है। फिलहाल कांग्रेस की कब्जेवाली सिंहभूम सीट पर झामुमो की दावे वाली खबर लोगों के जेहन से उतरा भी नहीं है कि अब झारखंड राजद ने राज्य में 14 में से 04 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी करते हुए पार्टी सुप्रीमो को पत्र भेजा है।

राजद के बेहद विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों राजद के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की बैठक में एक मत से राय बनीं कि झारखंड में लालू प्रसाद के समर्थकों की बड़ी संख्या है। ऐसे में पार्टी चार लोकसभा सीट पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा सीट पर चुनाव लड़ें। सूत्र ने बताया है कि चार लोकसभा सीट पर दावेदारी से संबंधित पत्र पार्टी सुप्रीमो को भी भेज दिया गया है, जिस पर अंतिम फैसला लालू प्रसाद करेंगे।

फिलहाल मिशन 2024 के तहत केंद्र की मोदी सरकार को हटाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर गैर भाजपा दल एकजुट होकर महागठबंध बनाने की तैयारी है। इसकी पहली बैठक 23 जून को बिहार की राजधानी पटना हो चुकी है। इस बैठक में 15 से अधिक विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए थे। इस बैठक में मोदी के खिलाफ अगर विपक्षी एकता का महागठबंधन खड़ा होता है तो उसका स्वरूप क्या हो और कैसा हो? इसको लेकर सभी नेताओं के बीच गहन मंथन हुआ था। इसके विपरीत झारखंड में पहले से ही बना महागठबंधन के दलों के बीच लोकसभा सीट को लेकर शह और मात का खेल शुरू हो गया है। गठबंधन के नेताओं की बयानबाजी से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सीटो को लेकर उावे-प्रतिदावे का खेल शुरू हो चुका है। लोकसभा सीटों को लेकर पहले ही कांग्रेस के विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने लोकसभा की 09 सीटों पर दावेदारी ठोक कर 9-4-1 का फामूर्ला पर आगे बढ़ने की बात कही। फिर झामुमो ने तो विधायकों की संख्या के आधार पर कांग्रेस की विनिंग सिंहभूम लोकसभा सीट पर ही एक तरह से दावेदारी कर दी। यह सिलसिला आगे बढ़ा तो अब राजद का प्रदेश नेतृत्व पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा की सीट पर लालटेन जलाने की बात कर रहा है। अब सवाल उठता है कि राज्य में महागठबंधन में राजद की भूमिका क्या होगी यह लालू प्रसाद को ही तय करना है। वहीं 04 जुलाई को झामुमो केंद्रीय समिति की हुई अहम बैठक में भी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारी और 05 लाख नए कार्यकर्ता बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बावजूद कार्यसमिति की बैठक में मिशन 2024 को लेकर झामुमो राज्य के किन-किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी यह बात खुलकर अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि झामुमो अभी से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में जूट गयी है। इधर 5 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल के 27 वें स्थापना दिवस समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने इच्छा जता दिया है कि राजद राज्य के 04 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसी मकसद से राजद ने गठबंधन में शामिल दलों के समक्ष 04 लोकसभा सीटों पर दावेदारी का तुरुप का पत्ता फेंक दिया है। इस संबंध में लालू प्रसाद को पत्र भेजा गया है तो संभव है कि कोई न कोई राजनीतिक रणनीति इस पर जरूर तैयार होगी। फिलहाल राजद के दावे के विपरीत कांग्रेस ने पहले ही 09-04-01 का फामूर्ला दे दिया है। यही फामूर्ला 2019 के लोकसभा चुनाव में भी तय हुआ था, लेकिन राजद ने इसे अंगूठा दिखाते हुए चतरा लोकसभा सीट पर कांग्रेस के साथ साथ अपना उम्मीदवार दे दिया था। इस चुनाव में भी कहीं राजद पिछले लोकसभा चुनाव के तर्ज पर अपना खेल खेला तो भाजपा को लाभ मिल सकता है। फिलहाल राजद के इस दावे के बाद महागठबंधन सरकार में शामिल दलो की निगाहे राजद सुप्रीमो लालू यादव पर ठहरी हुई है कि वे इस मसले पर क्या फैसला लेते है।

## प्रतुल शाहदेव के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने प्रतुल शाहदेव की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया, साथ ही इस मामले के शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। प्रतुल के खिलाफ बालूमाथ थाना में मारपीट करने और जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

प्रतुल शाहदेव की ओर से पक्ष रखते हुए वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने अदालत को बताया कि चंदवा के चकला में स्थित एक निजी प्लांट में हो रहे स्क्रैप लूट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का विरोध प्रार्थी ने किया था। उन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

अदालत को बताया गया कि माफियाओं और इस पूरे रैकेट को चलाने वाले सफेदपोशों ने उन पर दबाव बनाने के लिए यह मामला दर्ज कराया है। याचिका में न्यायालय से प्लांट में हो रहे अरबों रुपयों की स्क्रैप चोरी में न्यायिक हस्तक्षेप का भी आग्रह किया गया, ताकि माफिया तत्वों और सफेदपोशों की शिनाख्त हो सके। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

# कभी देश के दुश्मनों के दांत खट्टे करते थे, आज अपनों के बीच टापू में घिरे हैं

## पूर्व सैनिकों की व्यथा : मामला नामकुम के जोरार के साईं बिहार कॉलोनी का

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नामकुम जोरार साईं बिहार के रहने वाले फौजी तारकेश्वर कांत प्रसाद और दुगा र्राम बॉर्डर पर कभी दुश्मनों के दांत खप्ते करते थे। आज अपने ही लोग उनके खिलाफ आंखें तरेर रहे हैं। नतीजा अपने घर में ही अपनों के बीच टापू में घिरे हैं। तारकेश्वर कांत और दुगा र्राम जैसे जांबाज सिपाहियों की बदौलत आज देश का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। परंतु ऐसे लोग अपने ही घर में आकर अपनों के बीच घिर जाते हैं और जिंदगी को कोसते रहते हैं। इनके साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। प्रस्तुत है दैनिक खबर मंत्र की रिपोर्ट।

तारकेश्वर कांत प्रसाद और दुगार्राम नामकुम के जोरार स्थित साईं बिहार कॉलोनी में घर बना कर रह रहे हैं। इनके घर आने-जाने के लिए रास्ता तो सरकार के स्तर पर बना दिया गया है। परंतु स्थानीय लोगों ने नाली का पानी रोक दिया है, जिस कारण पूरी सड़क नाला में तब्दील हो गया है और यहां रहने वाले लोग टापू में रहने को विवश हो गए हैं। तारकेश्वर कांत और दुगार्राम के अलावा इस मोहल्ले में 70 से 80 परिवार रहते हैं। परंतु इनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

**नगर निगम जाते -जाते चप्पल घिस गये :** पिछले 2 सालों से नगर निगम के चक्कर लगाकर सैनिक के परिवार के चप्पल घिस गए। परंतु अधिकारियों के दिल नहीं पसीजा और हर बार की तरह इस बारिश में भी इन्हें जिल्लत की जिंदगी जीनी पड़ रही है। इस बार भी बारिश शुरू होते ही इनके रूह कांपने लगे हैं और इनके परिजन नगर निगम को कोसने लगे हैं। इनका कहना है कि इनका कुसूर क्या है। यही न, कि एक फौजी के रूप में 24 साल तक देश की सेवा करने के बाद जब वह अपने वतन को लौटे तो टापू में घिर कर रह गए। स्थानीय लोग कहते हैं कि बीते साल निगम से एक महिला अधिकारी आयीं थीं।

उन्होंने स्थानीय लोगों से बात कर इसका हल निकालने का प्रयास भी किया। परंतु बात नहीं बनी और आज भी स्थिति जस की तस बनी है।

### क्या है मामला

नामकुम जोरार साईं बिहार के लोग पिछले 10 वर्षों से वहां रह रहे हैं। परंतु तब इनके सामने कोई समस्या नहीं थी। हाल के दिनों में स्थानीय लोगों ने नाले का पानी रोक दिया है। नतीजा पूरा मुहल्ला टापू में तब्दील हो गया है और इन लोगों को घर से निकलने के लिए नाली के पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इसकी शिकायत इन लोगों ने न सिर्फ नगर निगम के अधिकारियों से की बल्कि, स्थानीय वार्ड संख्या 47 की पार्षद कविता सांगा और उनके पति किरण सांगा से भी की। परंतु कोई हल नहीं निकला और आज भी यह लोग नाली के पानी में आने जाने को विवश हैं।

## मानगो सहारा सिटी दुष्कर्म मामले में हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान पांच आरोपियों की ओर से बहस पूरी कर ली गई। जिसके बाद अब पीड़िता और अन्य की ओर से बहस प्रारंभ की जाएगी। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई जारी रहेगी। फिलहाल हाई कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक के आदेश को बरकरार रखा है। इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार सहित 22 लोग आरोपी हैं। जमशेदपुर की निचली अदालत ने सभी को समन जारी किया है। जिसके खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। आरोपियों की ओर से बहस के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता सहित पांच की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले में उनका नाम न तो प्राथमिकी में था और न ही पीड़िता के बयान में आया था। लेकिन दो साल बाद उनका नाम शामिल किया गया है।

## खबर एक नजर में

### जेट में आज से होगी मामले की सुनवाई

**रांची।** झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण यानी जेट में आज से मामले की सुनवाई होगी। जेट अध्यक्ष के पद पर रिटायर्ड आईएएस सुधीर प्रसाद ने योगदान कर दिया है। जेत के अवर सचिव संतोष कुमार ने बताया कि न्यायालय की कार्यवाही हफ्ते में 3 दिन चलेगी । इसके लिए सोमवार बुधवार और शुक्रवार की तिथि निर्धारित की गई है।

### सांसद सेठ ने डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने हरमू स्थित नगर निगम पार्क में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती पर उन्हें माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर सांसद ने कि कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिये अपना जीवन समर्पित किया। देश हित में अनेक कार्य किये, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। सभी को उनके जीवन तथा कार्य से प्रेरणा लेनी चाहिये। डॉ मुखर्जी ने सन 1951 में जनसंघ की स्थापना की और दो निशान दो विधान और दो संविधान का खुला विरोध किया। काश्मीर की समस्याओं को लेकर बड़े संघर्ष की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार किया। मौके पर मुख्य रूप से अरगोड़ा मंडल अध्यक्ष मनेश्वर साहू, सुनील साहू, पार्षद अरुण झा, मनोज साहू सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मुख्यालय में दी गयी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में गुरूवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू ने भी डॉ मुखर्जी की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पंजाबी हिंदू बिरादरी के पदाधिकारियों की घोषणा

**रांची।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुधिर उग्गल ने गुरूवार को पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की घोषणा की जिसमें महासचिव राजेश मेहरा,वरीय उपाध्यक्ष रंदीप आनंद,कर्मजीत मुंजाल,सहसचिव बिनोद माकन,कोषाध्यक्ष अरूण चावला को मनोनीत किया गया। यह जानकारी देते हुए बिरादरी के प्रवक्ता एवं मीड़िया प्रभारी अरूण चावला ने बताया कि कार्यसमिति के अन्य सदस्य निम्न हैं।

### अजय राय ने आइआइसीएम का दौरा किया

**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को आईआईसीएम का दौरा कर कैंपस में कार्य कर रहे कर्मियों का हालचाल जाना। इस अवसर पर विभिन्न साइड में काम करने वाले कर्मचारियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

### सीबीएसइ पटना के रीजनल ऑफिसर पहुंचे डीएवी कंदरी

**रांची।** दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कंदरी मोड, मांडर में सीबीएसई पटना के रीजनल ऑफिसर अरविंद कुमार मिश्रा का विद्यालय परिसर में आगमन हुआ। इनके आने पर विद्यालय के निदेशक डॉ राजेश दत्त ने फूलों का गुलदस्ता और शॉल देकर इनको सम्मानित किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में कुछ फलदार पेड़ इनके द्वारा लगाया गया। साथ ही डीपीएस रांची के सीनियर पीजीटी संतोष कुमार को भी फूलों का गुलदस्ता तथा शॉल देकर सम्मानित किया गया।

### सम्मान पाकर बच्चे हुए गदगद

**रांची।** इस्माईलिया मोमिन उर्दू बालिका उच्च विद्यालय डोरंडा में गुरूवार को प्रतिभा सम्मान सामरोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में सत्र 2022-23 में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एस अली ने बच्चों के उज्जल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चें देश के भविष्य है। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले माहरुख, आलिया और कशिश की ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एंव मैडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सचिव नसीमुल गनी ने तीनो छात्राओं को क्रमश: 5000, 2000, तथा 1000 रुपए नगद दिए और कहा कि प्रति वर्ष बच्चों को प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा।

### हजारीबाग में विहिप की बैठक 7 से

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की प्रांत कार्यसमिति बैठक हजारीबाग के मूनका बगीचा स्थित सभागार में 7 से 9 जुलाई तक चलेगी। बैठक में विगत 6 माह के कार्यों की समीक्षा तथा आगामी 6 माह के कार्यक्रमों की योजना बनाई जायेगी। बैठक में संगठन विस्तार, बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा, श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त कार्यक्रम इत्यादि कार्यक्रमों का रूपरेखा तय की जायेगी।

### धनबाद में होगा बिजनेस कॉनक्लेव

**रांची।** राज्य के सभी जिलों के व्यापारियों व उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा युद्धस्तर पर जिलों का दौरा किया जा रहा है। झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के आशन पर गुरूवार को कोयलांचल प्रमंडल के तीनो संगठन धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स, गिरिडीह चैंबर ऑफ कॉमर्स, बोकारो-चास जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स की संयुक्त बैठक धनबाद में बैंक मोड चैंबर के कार्यालय में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन प्रकाश गोयनका ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया की धनबाद में बिजनेस कॉन्कलेव का आयोजन अगस्त के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर संचालन समिति की हुई बैठक

**रांची।** बालाजी मन्दिर में आगामी 16वें वार्षिकोत्सव सह कल्याजोत्सव की तैयारी की समीक्षा और विवेचना की गई। इसकी अध्यक्षता स्वामी श्रीअनिरुद्धाचार्यजी महाराज ने की। स्वामीजी ने कहा कि कोरोना की वैश्विक महामारी के कारण पिछले तीन वर्षों से शोभायात्रा नहीं निकल पाई थी। परन्तु इस वर्ष भगवान घुमधाम से पालकी पर विराजमान होकर नगर-भ्रमण के लिये निकलेंगे।

### धुमकुरिया के महत्व पर चर्चा आज

**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र क्षेत्रीय शाखा रांची एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को समकालीन जनजातीय समाज: धुमकुरिया का महत्व पर एक अकादमीक चर्चा का आयोजन किया गया है। चर्चा दोपहर 2:30 बजे से होगी।

### सीआइटी के विद्यार्थियों ने किया सबस्टेशन भ्रमण

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) रांची के इलेक्टिकल एवम इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनीरिंग (ट्रिपल ई) के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बुधवार को टाटीसिलवे विद्युत सबस्टेशन का शैक्षणिव भ्रमण किया तथा सबस्टेशन के कार्यप्रणाली का विस्तृत अध्ययन किया। मौके पर विद्युत सब स्टेशन के अस्सिस्टेंट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर पंकज कुमार ने सबस्टेशन का विस्तृत भ्रमण कराया तथा 33केवी / 11केवी,स्काडा ऑटोमेशन द्वारा सब स्टेशन के कार्यप्रणाली का निरीक्षण एवं कंट्रोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### नेहरू युवा केंद्र ने डॉ मुखर्जी की मनायी जयंती

**रांची।** नेहरू युवा केन्द्र, संगठन (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार) की ओर से गुरुवार को मोराबादी स्थित कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ओमप्रकाश कुशवाहा और सर्वेंद्र प्रताप सिंह थे। सभी लोगों ने पुष्पांजली कर अपने विचार व्यक्त किये। कहा कि उनके द्वारा दिये गए नारा एक देश ,एक विधान, एक निशान पर चलने की शपथ ली।

### वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल सांसद धीरज साहु से मिला

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर मिल कर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग की। इस संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंप कर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तक झारखंड के ओबीसी और वैश्यों की भावनाओं से अवगत कराने का आग्रह किया गया। सांसद धीरज साहु ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि वे सकारात्मक पहल करेंगे।

## कोडरमा जिला आपूर्ति पदाधिकारी के खिलाफ मजदूरों का आंदोलन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी कोडरमा द्वारा एसएफसी के गोदामों में कार्यरत मजदूरों एक रुपया कमीशन मांगे जाने के खिलाफ पिछले तीन दिनों से राष्ट्रीय खाद्य आपूर्ति मजदूर संघ,झारखंड (इंटक) के बैनर तले आंदोलन की शुरूआत कर चुका है।

इस संबंध में संघ के राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार सोनी ने बताया कि कोडरमा जिला के सभी गोदाम में कार्यरत मजदूर लगभग 15-20 वर्षे से काम करते आ रहे है। अपनी जान की परवाह किये बिना कोरोना काल में भी सभी मजदूरों ने काम करने से परहेज नहीं किया। इसके बावजूद डोर स्टेप डिलीवरी का टेंडर होते ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम के मन में लालच बैठ गया। नयी टेंडर में सभी ठेकेदारों के समक्ष 6 रूपया 18 पैसे प्रति बोरा रेट तय हुआ। इसके दूसरे दिन ही प्रमोद राम ने मजदूरों से 6 रुपया 18 पैसा में से एक रुपया अपना कमीशन मांग करने लगे, जो मजदूरों को नागवार गुजरा और देने से इंकार कर दिया। इसके बाद प्रमोद राम इसे अपना ईगो बनाकर मजदूरों को हटाने पर तुल गए। सीमेंट गोदाम में काम करने वाले मजदूरों को बुलाकर छुप्ती के दिन माल खाली कराने लगे। इसी तरीके से सतगामा में भी मजदूर को हटा दिए जब उन लोगों ने आंदोलन किया तो उन्हें फिर वापस रख लिया। स्थिति तब नाजूक हो गयी जब मजदूरों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे इंटर के राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय खाद आपूर्ति मजदूर संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी एवं जिला के दो तीन मजदूरों के ऊपर गलत तरीके से मारपीट करने का मुकदमा दायर कर दिया गया। आंदोलन कर रहे मजदूरों ने सरकार और खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव से न्याय का गुहार लगाते हुए कहा है कि इस मसले का निदान जल्द नहीं होता है तो गोदामों में कार्यरत मजदूर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम के खिलाफ ंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## कैंब्रियन स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल गठित

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** सिर्फ वर्दी पहनकर ही देश की सेवा नहीं की जाती, बल्कि अनुशासित, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ होकर भी देश की सेवा की जा सकती है। ये बातें सीआरपीएफ के सेकंड इन कमांड पंकज कुमार ने कही। वे गुरुवार को कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में स्टूडेंट काउंसिल के विद्यार्थियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सशक्त और अनुशासित युवा ही भारत को नयी दिशा प्रदान कर सकते हैं। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्टूडेंट काउंसिल विद्यालय के सुचारू संचालन का एक अभिन्न हिस्सा होता है। इसके माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा विकसित होती है।

इससे पहले, सत्र 2023-24 के लिए चयनित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को शपथ दिलायी गयी एवं कार्यभार सौंपा गया। शौर्य प्रखर और वर्षा सोनी को सीनियर विंग तथा अरहम हिलाल और आराध्या कश्यप को जूनियर सेक्शन का हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल चुना गया। अंकिता गिरि और विभु वैभव को कल्चरल, भूमिका दत्ता और चिराग आशीष को कोयर ग्रुप तथा अनुष्ठा सिंह और आकाश सोनी को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया। इसके अलावा, गंगा, यमुना सतलज और गोदावरी हाउस के सीनियर तथा जूनियर विंग के कप्तानों को कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ कोऑर्डिनेटर आशा राज और संचालन कोऑर्डिनेटर विनीता वर्मा ने किया। मौके पर सभी हाउस के इंचार्ज , खेल प्रशिक्षक एवम काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## वैश्य मोर्चा ने राष्ट्रपति पीएम व गृह मंत्री को दिया ज्ञापन

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से झारखंड में ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफ करने, जाति आधारित जनगणना कराने, ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने एवं वैश्य समाज पर हो रहे हमलों, हत्या, लूट, पुलिसिया दमन पर रोक लगाने की मांग की। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल आदि की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा उपरोक्त मांगों को लेकर गत 16 वर्षों से राज्य सरकारों एवं महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन दिया जाता रहा है।

## उमेश सिंह की लॉकअप में मौत मामले में कोर्ट का निर्देश, 5 लाख मुआवजा दे सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**जून 2015 में उमेश सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया था**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने 2015 में पुलिस हिरासत में मारे गये उमेश सिंह की पत्नी को 5 लाख का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को इस मामले में शामिल पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने अपने आदेश में कहा कि यह पुलिस की बर्बरता का 'साबित मामला' है। उन्होंने सवाल किया कि पुलिस विभाग ने दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं की।

अदालत ने आदर्श जारी होने के छह सप्ताह के अंदर मृतक उमेश सिंह के परिजनों को मुआवजा राशि देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस मामले में दोषी पाये जाने वाले पुलिस अधिकारियों से राशि वसूलने को कहा है। इस संबंध में उमेश सिंह की पत्नी बबीता देवी ने याचिका दायर की थी। बबीता देवी के वकील मो० शादाब अंसारी ने अदालत को बताया कि घनुडीह ओपी के प्रभारी हरिनारायण राम के निर्देश पर घनुडीह चौकी के मुंशी पवन सिंह ने जून 2015 में उमेश सिंह को हिरासत में ले लिया था। जब उमेश सिंह अगली सुबह घर नहीं लौटे, तो उनके परिवार ने उनकी तलाश की और घनुआडीह जोरिया के पास उनका शव पाया।

अदालत को वकील ने बताया कि उमेश सिंह के शरीर पर कई चोटें थीं और उन्होंने केवल अंडरगारमेंट पहने हुए थे। आगे यह भी कहा गया कि मृतक की शर्ट पुलिस स्टेशन के लॉकअप में मिली थी। जैसा कि परिवार ने एक वीडियो रिकॉर्डिंग में पुष्टि की थी। अदालत को बताया गया कि बबीता देवी ने झरिया पुलिस स्टेशन में हरिनारायण राम, पवन सिंह, सतेंद्र कुमार और अज्ञात पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। लेकिन जांच अधिकारी ने डेढ़ साल से अधिक समय तक याचिकाकताओं के बयान दर्ज नहीं किये। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीआईडी से करवाई थी। लेकिन सीआईडी ने पुलिस अधिकारियों को दोषमुक्त कर दिया। बता दें कि मो० शादाब अंसारी इस केस को लड़ने के लिए फीस नहीं ली है।

## प्रदेश कांग्रेस ने शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना को लेकर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की के नेतृत्व में अल्बर्ट एक्का चौक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदिवासी कांग्रेस एवं सरना संघर्ष समिति के सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

मौके पर बन्धु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों का अपमान अब नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। भाजपा द्वारा लगातार देश में दलित, आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किया जा रहा है। भाजपा जो आदिवासी का अपने-आप को हितैषी कहलाता है, आदिवासियों को तरह-तरह की बात बोलकर बरगलाता है। उसे देश देख रहा है कि भाजपा के कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी के माथा पर पेशाब कराया जा रहा है। यह कैसी विडंबना है, भाजपा के आदिवासी नेताओं को डूब कर मर जाना चाहिए।

## बीजेपी सरकार तोड़े दोषियों के घर और मनोबल : अजय तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मध्य प्रदेश में भाजपा का आदिवासी, दलित और ओबीसी प्रेम दिख गया। केवल आदिवासी को राष्ट्रपति बना देने से भाजपा का आदिवासी प्रेम जग नहीं जाएगा। आदिवासी, दलित और ओबीसी के प्रति उसका क्या नजरिया एवं सोच है। यह मध्य प्रदेश के भाजपा शासन के दौरान दिख गया। केवल चुनाव को देखते हुए मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज चौहान पीड़ित आदिवासी का पैर धोने का काम कर रहे हैं। इससे काम नहीं चलेगा दोषियों के घर और मनोबल दोनों तोड़ने की जरूरत है। ये बातें केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने धुमकुड़िया भवन, करम टोली में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

तिर्की ने मध्यप्रदेश में घटित घटना पर रोष प्रकट किया। कहा कि भाजपा और मनुवादियों द्वारा दिन-ब-दिन आदिवासियों के प्रति अपनी मानसिकता प्रकट होते जा रही है। तिर्की ने दोषियों का घर और मनोबल दोनों तोड़ने की मांग की, नहीं तो 8 जुलाई को भाजपा कार्यालय का घेराव करेगी। आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने समान सिविल कोड को आदिवासी विरोधी बताया। कहा कि समान कानून से आदिवासियों के जल, जंगल एवं जमीन पर सीधे सेंध मारा जाएगा।

आदिवासी संयोजक समिति के लक्ष्मीनारायण मुंडा ने अपने बयान में बाबूलाल मरांडी एवं समस्त आदिवासी विधायकों, सांसदों को घेरा। दोहरे चरित्र वाले नेता किस मांद में घुसे हुए हैं। जो आदिवासी आदिवासी जाप करते हैं। आदिवासी सेना के महासचिव अलविन लकड़ा ने ऐसे कृत्यों के लिए सिर्फ फांसी देने की मांग की। इस मौके पर रूपचन्द्र केवट,अभय भुटकुवार, अनिल उरांव, विकास तिर्की, रंजीत उरांव, विजय कच्छप, सिमोन कच्छप, मनोज कच्छप, दिनेश कच्छप, संजू कच्छप, रवि खलखो, बिरसा मुंडा, संतोष गाड़ी, जयंत कच्छप, अजीत उरांव, विशाल लिंडा, बबलू उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, मनोज मुंडा आदि

### भाजपा आदिवासी विरोधी पार्टी है : शिवा कच्छप

**रांची।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के तत्वावधान में गुरुवार को जयपालसिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक जुलूस निकालकर युनिफॉर्म सिविल कोड और मध्यप्रदेश के भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला द्वारा आदिवासी लड़के पर पेशाब करने की शर्मशार घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जुलूस का नेतृत्व केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी आदिवासी विरोधी पार्टी है, इसके झांसे में आदिवासी समाज कभी नहीं आएगा। ये आदिवासी का सम्मान नहीं करते हैं। आदिवासी समाज के युवक से ऐसी गिरी हुई हरकत का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। इससे पूरे प्रदेश शर्मशार हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार निरंकुश और आदिवासी विरोधी हो गयी है। वहां के आदिवासियो को प्रताड़ित किया जा रहा है। इसे बर्दाशत नहीं करेंगे। युनिफॉर्म सिविल कोड लागू होता है तो आदिवासीयों का अस्तित्व खतरा में पड़ जाएगा। परंपरा, रिती रिवाज सब समाप्त हो जाएगा, इसका विरोध करते हैं। केन्द्र सरकार इसे निरस्त करे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आल्विन लकड़ा, अजय कच्छप, शाशि उरांव,विकास तिर्की, सती तिर्की, अनिता उरांव, कुईली उरांव, नीलम उरांव, प्रर्मिला उरांव, बसंती कुजूर , शोभा तिर्की , मीणा गाड़ी , सिटया उरांव, पर्वती टोप्पो, विरदी कुजूर, गुड्डी उरांव , कुलदीप उरांव, महादेव उरांव , मनोज उरांव, भानू उरांव, सुनिता कुजूर, पिंकी कुजूर, रीता खलखो, पर्वती लकड़ा, दुलारी उरांव शामिल थीं।

## कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के बच्चों ने बनायी रांची के राजकुमार धोनी की पेंटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के बच्चों के द्वारा रांची के राजकुमार ,भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के 42वीं जन्मदिवस के अवसर गुरूवार को दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट के छात्रों ने धोनी के जीवन पर आधारित 30 से अधिक पेंटिंग्स बनाई जिसमें उनके खेल जीवन के महत्वपूर्ण पलो को चित्रित किया है। जैसे विश्व कप के साथ उनकी तस्वीर, आईपीएल ट्रॉफी के साथ , उनके लंबे बालों वाला रूप, टी 20 ट्रॉफी के साथ उनकी यादगार तस्वीर, बेटी जीवा के साथ उनकी प्यारी सी तस्वीर एवं अन्य पलों को बच्चों ने चित्रत किया। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के निदेशक धनंजय कुमार ने बताया कि रांची के राजकुमार महेंद्र सिंह धोनी के प्रति बच्चों का प्रेम इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया है। इस प्रदर्शनी मे 12 साल से 25 साल के छात्रों ने अपनी कला से धोनी के पेंटिंग को जीवंत कर दिया. चाहे पेंसिल हो या वाटर कलर, चारकोल पेंसिल या फिर एक्रेलिक कलर सभी माध्यमों में छात्रों ने महेंद्र सिंह धोनी की अद्भुत पेंटिंग्स बनाई है । प्रदर्शनी में आरती, सुरुचि, सुमन, अमीषा, जया,अर्चना, स्नेहा ,मयंक ,हर्ष, सक्षम ,सूरज, आयुष, राज ,पलक, रिद्धि एवं सुनंदा की पेंटिंग प्रदर्शित की गई है।

## झारखंड की खेती देखने भारत सरकार के हॉर्टिकल्चर कमिश्नर ओरमांझी पहुंचे

# आय बढ़ाने के लिए किसान करें संगठित खेती

**केंद्र सरकार की योजना में राज्य सरकार सहयोगी**

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी पहुंचे डॉ प्रभात कुमार व अन्य।

**ओरमांझी।** झारखंड में गांव के किसान कैसे खेती करते हैं। किसानों की कैसे आय बढ़े और मानसून असमान्य रहने पर तैयारी कैसे करते हैं। इसकी जानकारी लेने भारत सरकार के हॉटिक्लचर कमिश्नर डॉ प्रभात कुमार गुरुवार को ओरमांझी पहुंचे। उन्होंने प्रगतिशील युवा किसान दुबराज महतो के पॉली हाउस का निरीक्षण किया। वहीं सुदूरवर्ती गांव हेंदेबिल्ली में लगभग 50 किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर धान बीज का वितरण किया। पॉली हाउस में विभिन्न प्रकार के तैयार की जा रही सब्जी पौधे को देखा और किसान से फसल तैयार होने के बाद कहां बिक्री होती है। मार्केट की सुविधा है या नही इसके अलावा गांव के किसान को खेती करने में परेशानियों से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा किसानों को पूर्ण सहयोग सहयोग किया जा रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचने में राज्य सरकार के सहयोग की भी सरहाना की और कहा किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए संगठित खेती करना होगा। झारखंड में ज्यादातर किसान छोटी भूमि में खेती करते है। ऐसे में संगठित खेती को बढावा देना जरूरी है। संगठिन खेती से खर्च कम होती है, और फसल बिक्री के लिए बाजार भी मिलती हैं। जलवायु परिवर्तन व वर्षा कम होने पर राज्य के किसानों की एडवांस तैयारी क्या है। राज्य में मोटा अनाज व वैकलपिक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत बताया, कहा अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य की मानसून व खाद व बीज की स्थिति की भी जानकारी ली गई है। वहीं किसान के सवाल पर उन्होंने कहा कि फसलों के बीमा राज्य सरकार से जुड़ा मामला हैं। बारिष व ओला से फसलों को होने वाले नुकसान का मुआवजा केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है।

**निरीक्षण में थे शामिल**

डॉ प्रभात कुमार के साथ निदेशक रामशंकर सिंह, जिला कृषि पदाधिकरी विकास कुमार, डीएचओ रिशु भरद्वाज, डीपीओ अनिमेष दास, तकनिकी विशेषज्ञ मणिमला, बीएओ विजय टोप्पो, बीटीएम मोहम्मद अलीजान, एफएसी अध्यक्ष भानुप्रताप महतो, कामेश्वर महतो, तीरथनाथ महतो, रेनु देवी, सहित कई कृषक मित्र व किसान उपस्थित थे।

## सिंगपुर कांटाडीह सड़क जर्जर, लोगों को हो रही परेशानी

**सिल्ली।** सिंगपुर चौक से कांटा डीह जाने वाली सड़क पर इन दिनों फिर से बड़े गड्ढे बन गए है। बरसात का पानी भर जाने से इस सड़क पर लोगों का चलना एवं वाहनों का आवागमन काफी मुश्किल हो गया है। ज्ञात हो कि इसी सड़क से होकर आम लोगों के अलावे आर टीसी स्कूल के विद्यार्थी एवं सिंगपुर नर्सिंग होम के मरीज भी आते जाते हैं। इस सड़क के निर्माण की योजना सरकार से स्वीकृत भी हो गई है। लेकिन इस पर आज तक काम शुरू नहीं हुआ है। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मांडर : टोल कर्मी से लूट के दो आरोपी को जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** टोल कर्मी से लूट को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। जिसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशद आलम ने बतायाए उक्त कांड के वादी चान्हो थाना क्षेत्र के रघुनाथपूर निवासी तसलीम अंसारी, एनएच-75 स्थित टोल टैक्स में टीसी का काम करता है। लिखित आवेदन के अनुसार तीन जुलाई को रात्रि करीब 11.45 बजे टोल टैक्स में काम करने जा रहा था। उसी क्रम में टेढी पुल के पास चान्हो की ओर से दो मोटरसाइकिल पर सवार चार व्यक्ति आये तथा तस्लीम को चारो तरफ से घेरते हुए मोबाईल एवं पर्स लूट कर भाग गयेए उक्त कांड का उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक रांची द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर सकरा निवासी आशीष कुमार राम एवं 2 सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी किशन महली उर्फ किशन कुमारए पिता मंटू महलीए को गिरफ्तार किया गयाए गिरफ्तार अपराधकर्मियों के निशानदेही पत कांड में लूटे गये मोबाईल एवं पर्स तथा घटना में प्रयुक्त केटीएम मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है।

**छापामारी दल में शामिल**

अनिमेष नैथानी, पुलिस उपाधीक्षक खलारी, पुनि अवधेश ठाकुर, मांडर अंचल, पुअनि विनय यादव, थाना प्रभारी मांडर, पुअनि दीपक कुमार, मांडर थाना, राजीव कुमार, कृष्णा राम, प्रेमशंकर दूबे।

## खलारी : रुआर नामांकन अभियान रथ रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** रूआर 2023 का सफल संचालन राजकीय कृत मध्य विद्यालय बाजार टांड़ के प्रांगण से गाजे.बाजे के साथ गांव-गांव, विद्यालय, स्कूल प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वरी नाथ चौरसिया के निर्देशानुसार प्रधानाध्यापक उत्तर कुमारए खलारी सीआरपी मनोज कुमार मिश्रा के सहयोग से शिक्षा रथ का दूसरा दिन खलारी प्रखंड प्रमुख श्रीमती सोनी तिग्गा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान में पंचायत के विभिन्न गांव टोला के अभिभावकों को उचित दिशा.निर्देश देकर बच्चों का नामांकन शत प्रतिशत जरूर करवाने का आग्रह किया गया। इस दौरान रामवि बाजारटांड़ खलारी सहित गुलजार बाग, बुकबुका, डकरा, बरटोला, केडीएच, सरना क्लब, सुभाष नगर, मानकी बस्ती में प्रचार प्रसार किया गया। मौके पर मुखिया हुटाप पंचायत शिवरथ मुंडा, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष पुनम देवी, उपाध्यक्ष अख्तर खान, शिक्षक गिरिधर मिश्रा, अमित मिंज, शिक्षिका नुतन कुमारी, सुमन कुमारी, प्रीति साहु, बोबी कुमारी गुप्ता सी आर पी मनोज कुमार मिश्रा एवं विद्यालय के सभी छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## कलवाडीह में वज्रपात से मवेशी मरा

**सिल्ली।** प्रखंड के कलवाडीह गांव में बुधवार देर शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में बादल छाए और तेज गड़गड़ाहट के बीच बज्रपात होने से कोलवाडीह मुस्लिम टोला में लोगों के घरों में स्वीच बोर्ड पंखे आदि में आग लग गई, तारों में भी आग देख बस्ती में हड़कंप मच गया। कोई हताहत तो नहीं हुई उसी दौरान उक्त गांव के मोहम्मद कमरुद्दीन मोमिन के गोशाल में बंधा एक बैल मर गया। साथ ही मोहल्ले में लगे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर भी जल गया एवं उस ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति की जा रही जल मीनार के पेनल बोर्ड समेत लग भग सभी घरों में लगे बिजली के उपकरण जल गए। जिसमें एलईडी टीवी, पंखे, स्विच बोर्ड, वाटर पंप आदि जल गए।

**बैठक का बहिष्कार**

**खलारी।** क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों ने सीसीएल एनके एरिया के वीआईपी सभागार में आयोजित बैठक का सामूहिक बहिष्कार किया। बैठक में जीएम संजय कुमार कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## बेड़ो के 40 किसानों के बीच मड़ुआ कीट का वितरण




**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईंटा पंचायत सचिवालय के प्रांगण में टीआरईएफ संस्था के द्वारा एचडीएफसी परिवर्तन परियोजना के तहत मिलेट ;मोटा अनाजद्ध दिवस मनाया गया। मौके पर ग्रामीणों को मड्ुआ की गुणवत्ता की जानकारी दी गई। साथ ही मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए उन्हें बताया गया कि मोटे अनाज मिलेट्स में विशेष पोषक गुण होते हैं। यह झारखंड की मुख्य फसल है। इसमें फाइबर सूक्ष्म पोषक तत्वों के कारण मनुष्य को रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। इससे शारीरिक पौष्टिकता को मजबूती मिलती है। वहीं भारत में मिलेट क्रांति मोटे अनाज से पर्यावरण के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मडुआ से बनने वाली विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के बारे में बतलाया गया। वहीं 40 किसानों के बीच अनाज वर्ष को लेकर मडुआ की खेती को बढ़ावा देने के लिए मडुवा किट का वितरण किया गया। मौके पर दीपक कुमार, नेहा रोबा, मुखिया अनिता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, चुमानी तिग्गा, रितु बिहा मौजूद थे।

## सीसीएल निदेशक तकनीकी और सीएमडी ने किया पिपरवार का दौरा

**पिपरवार।** सीसीएल के निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद एवं सीएमडी पीएम प्रसाद ने पिपरवार का दौरा किया। अधिकारियों के पिपरवार पहुंचने पर महाप्रबंधक सीबी सहाय ने पुष्प गुच्छ देकर अधिकारियों का स्वागत किया। पिपरवार दौरे पर निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद ने पी वन 1000 पांच केवीए के भारी शोवेल मशीन का उद्घाटन विधिवत पुजा अर्चना कर किया गया । इसके पश्चात अधिकारियों ने अशोका खदानए सीएचपी शाईलोए बीस किलोवाट के निमार्णाधीन सोलर संयंत्र का निरीक्षण किया। निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद के साथ महाप्रबंधक सीबी सहाय, जीएम एक्सवेशन एसके सिंह, सीएचपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार परियोजना एक्सवेशन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद थे।



# देश के उत्थान के लिए नये-पुराने वोटरों का सहयोग महत्वपूर्ण

**ओरमांझी में सांसद ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में जनसंपर्क अभियान चलाते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

**ओरमांझी।** भाजपा महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू द्वारा गुरुवार को ओरमांझी में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वे घर-घर जाकर लोगों को मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कई जनसंघ काल के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं जनसंघ काल के कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी द्वारा उनकी की जारी अनदेखी व अपनी पीड़ा से अवगत कराया। वहीं आदित्य साहू ने भरोषा दिया बैठक कर जनसंघ काल व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की जल्द ही नाराजगी दूर की जागएगी। उन्होंने कहा नये वोटर से लेकर वरिष्ठजन सभी का सहयोग महत्वपूर्ण हैं। वहीं जनसंपर्क के दौरान राज्यसभा सदस्य को अपने द्वार पर देख लोगों ने खुशी जताते हुए स्वागत कर रहे थे। वहीं वे आमजनों से मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहे हैं या नही इसकी भी जानकारी ले रहे थे। उन्होंने कोरोना वैक्सिन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्वला योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी देते हुए 2024 लोकसभा व विधानसभा में जनसमर्थन करने का आग्रह की और कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार में सभी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाया गया है। आज देश के प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी योजना से लाभान्वित है।

**मौके पर थे मौजूद**

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, उप मुखिया संतोष गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता परमानंद तिवारी, शिवनारायण साहू, दुर्गाशंकर साहू, केदार सिंह, कृष्ण कुमार, लक्ष्मण साहू, बालक पहान, अजय सिंह, हरिषचंद्र महतो, नरेश महतो, धनेश्वर महतो, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, शशि मेहता, नीरज नायक, आफताब आलम, नरेंद्र सिंह, अलखनाथ महतो, राजधम साहू, राजकिशोर साहू, संतोष कुशवाह, किरण देवी, ममता देवी व दीपा चैरसिया आदि उपस्थित थे।

**स्पीड न्यूज**

## गणेशपुर के ग्राम प्रधान का निधन



**ओरमांझी।** प्रखंड के जयडिहा पंचायत अंतर्गत गणेशपुर के ग्राम प्रधान रामप्रसाद बेदिया 56 वर्ष का निधन हो गया है। बताया गया कि ग्राम प्रधान मिर्गी रोग से ग्रस्ति था। बुधवार रात 11 बजे के करीब अचानक दौरा पड़ा और शरीर में खिचाव होने लगा था। रात में वाहन की व्यवस्था नहीं हो सकी, गुरुवार सुबह 6 बजे के करीब उपचार के लिए बनखेता स्थित एक बैध के पास ले जाया गया। वहां दवा देने के बाद सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद उसे पिस्का स्थित डॉ मिश्रा के क्लिनिक में ले जाया गया। तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। घर में पत्नी ज्योति देवी के अलावा ममता कुमारी, संध्या कुमारी, चांदो कुमारी, रेणु कुमारी व रैना कुमारी सहित पांच बेटी है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम प्रधान राम प्रसाद बेदिया ने कई समाजिक कार्य किए हैं। गणेषपुर से कई गांव जोड़ने वाले सड़क व पुलिया का निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। ग्रामप्रधान के निधन पर गांव के बिशुन बेदिया, नकुल बेदिया, मन्नु बेदिया, केतरा बेदिया, क्रांति देवी, मुनि देवी, उप मुखिया निलांबर खरवार, रमेश कुमार महतो ने दुख जताया।

## भाजपा के सहयोग कार्यक्रम में तीन सम्मानित

**पिठोरिया।** भाजपा के समर्थन से सहयोग कार्यक्रम के तहत पिठोरिया गांव निवासी समाजसेवी अनिल केशरी, अरुण कुमार केशरी व मुखिया मुनी देवी सहित अन्य गणमान्य लोगों का को सम्मानित किया गया। यह सम्मान सांसद आदित्य साहू और कांके विधायक समरी लाल भाजपा द्वारा दिया गया। मौके पर ग्रामीण जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पिठोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, कमलेश राम, सुरेश राम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्र के 9 साल की उपलब्धियों को बताया गया।

## नावाडीह पंचायत सचिवालय में चोरी

**राहे।** ओपी क्षेत्र के नावाडीह पंचायत सचिवालय में बुधवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़ कर लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान की चोरी की गई है। पंचायत सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्र के कमरे का तोड़ कर एक बड़ा फोटो कॉपी मशीन, एक लेपटॉप, दो प्रिंटर, दर्जनों इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की चोरी की गई है। कमरे के अलमारी को तोड़ कर 27 हजार नगद की भी चोरी की गई है। नगद सहित 2 लाख 62 हजार की चोरी हुई है।

## झामुमो का धरना-प्रदर्शन 12 जुलाई को

**खलारी।** एनके एरिया में ज्वलंत समस्याओं को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा 12 जुलाई को डकरा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने किया जायेगा। एनके क्षेत्र में ज्वलंत समस्या में जर्जर स्कूल बस की समस्या, खिलान धौड़ा और बिश्रामपुर मे लगी आग को बुझाने, एनके क्षेत्र के कालोनियों की नाली की साफ-सफाई, डकरा अस्पताल की व्यवस्था में सुधार, रोजगार उपलब्ध कराने आदि मुद्दे हैं।

**एक नजर में**

## तमाड़ : एसएसबी ने लगाये 200 पौधे



**तमाड़।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रांची द्वारा चलाये जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत कमांडेंट 26 वि वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल एसडी शेरखाने के मार्ग दर्शन से सेवा सुरक्षा बंधुत्व के उद्देश की पूर्ति हेतू सहायक कमांडेंट समान्य निलेश संतोष मासुले, निरीक्षक समन्या सामू सरदार, प्रधानाध्यापक सुमन की उपस्थिति में गुरुवार को सेंट जॉन्स उच्च विद्यालय, डोरिया, तमाड़ परिसर मे शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा एवं स्थानीय लोगो के साथ जी कम्पनी सशस्त्र सीमा बलए तमाड़ के जवानों द्वारा 200 पौधे लगाये गये। पर्यावरण को स्वस्थ एवं सुंदर बनाया जा सके।

## सड़क किनारे खड़े टेंपो की चोरी

**इटकी।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के चचगुरा बस्ती में सड़क के किनारे खड़े एक टेंपो जेएच-01 जेड 2350 को बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इस संबंध में टेंपो के मालिक सूदन गोप ने थाना में एक मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर एक अन्य जानकारी के मुताबिक गड़गांव स्थित डीएवी आलोक स्कूल की तीन दिन पूर्व गायब हुई स्कूल वैन को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वैन लापुंग थाना के लालगंज बस्ती से बरामद किया गया है।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखण्ड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi. co.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़**
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक,
रामगढ़ कैन्ट, जिला-रामगढ़, झारखण्ड- 829122

-: आवश्यक - सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, रामगढ़ के लिए योजनाओं के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु मासिक किराये पर डीजल ए०सी०वाहन यथा Scorpio S-11 अथवा Scorpio N Series की आपूर्ती (चालक सहित) हेतु दिनांक 14.07.2023 के अपराह्न 12.30 बजे तक दर हेतु उद्धरण मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यलय में प्राप्त किया जायेगा, जो दिनांक 14.07.2023 को ही अपराह्न 01.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय m)j. kdrkZ@muds द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/ अनुपस्थिति में खोला जायेगा।
उद्धरण की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.301591 Road(23-24):D

**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

51वीं औपबंधिक सूची
जिला:-गिरिडीह

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक- 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0-296/23<br>2. आवेदक-तुलिया देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति-स्व0 जीवलाल महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम-घंघरी पोस्ट-बेको<br>5. थाना-बगोदर प्रखण्ड- बगोदर<br>6. लिंग-महिला आयु- 64 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह-नाक में तिल का निशान | बगोदर थाना काण्ड सं0-274/93 | नहीं | कारण:- दि0 30.11.1993 को नजायद मजमा बनाकर झामुमो के मशाल जुलूस द्वारा जी0टी0 रोड जाम करना। धारा-143, 144, 341 भा0द0वि0 पार्टी का नाम-झामुमो | 2(ix) (आश्रित पत्नी) |

नोट :- 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 301541 (Home) 23-24 (D)

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम- अरूणा देवी, उम्र-25 वर्ष,
रंग-गोरी, उचाँई-5 फिट,
पहनावा-नीली रंग का साडी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला अरूणा देवी, पति-संजय गोप, सा0-टिकराटोली, थाना-नगड़ी, जिला-राँची जो दिनांक-23.05.23 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में नगड़ी थाना सनहा संख्या-26/2023 दिनांक-26.05.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।
अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
पुलिस उपाधीक्षक मु0-2, राँची। -94317 06142
थाना प्रभारी,नगड़ी, राँची। -94317 06176

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 301650 Police(23-24).D

**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

51वीं औपबंधिक सूची
जिला:- लोहरदगा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक- 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0-87<br>2. आवेदक-मनोज श्रीवास्तव<br>3. पिता-सदानन्द श्रीवास्तव<br>4. ग्राम- पावरगंज चौक पोस्ट-लोहरदगा<br>5. थाना-सदर प्रखण्ड-लोहरदगा<br>6. लिंग-पुरुष आयु-47 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह-ठोढी में कटा का निशान | लोहरदगा थाना अप्र0प्र0 सं0-102/92<br>अनु0 दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0-एम0-544/92 | नहीं | कारण:- दि0-23-24.11.1992 को सम्पूर्ण झारखण्ड बंद के अवसर पर विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा-107 द0प्र0स0 पार्टी का नाम-आजसू | 2(ix) |

नोट :- 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 301556 Home (23-24)_D

# फिजूलखर्जी पर फटकार

विकास की प्राथमिकताओं को नजरअंदाज करके सरकारी धन को विज्ञापनों व फिजूलखर्ची में उड़ाने वाली दिल्ली सरकार की कारगुजारियों पर शीर्ष अदालत की फटकार को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। अदालत ने सख्त लहजे में कहा भी कि ऐसा क्यों है कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिये सरकार के पास पैसा नहीं है? तो फिर विज्ञापनों पर अनाप-शनाप खर्च होने वाला धन कहां से आ रहा है? दरअसल, दिल्ली सरकार ने शीर्ष अदालत के निर्देश के बावजूद रैपिड रेल परियोजना के लिये आर्थिक योगदान देने में वित्तीय संकट का रोना रोया था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जनहित की योजनाओं में योगदान करने से कतराने वाली सरकार विज्ञापनों तथा अन्य गैर जरूरी काम के लिये धन कहां से ला रही है? यही वजह है कि दिल्ली सरकार की नीयत को भांपते हुए शीर्ष अदालत ने विज्ञापनों पर खर्च किये गये उस धन का विवरण मांगा है जो पिछले तीन वित्तीय वर्षों में व्यय किया गया। जानकार सूत्र बता रहे हैं कि जिस रैपिड रेल परियोजना में दिल्ली सरकार ने योगदान देने से मना किया था वह दिल्ली को राजस्थान व हरियाणा से जोड़ सकती है। जिससे सड़कों पर ट्रैफिक के दबाव को कम करने में मदद मिल सकती थी। व मुफ्त का प्रलोभन देकर सत्ता में आये राजनीतिक दलों का वास्तविक चरित्र क्या है? ऐसे दलों की कथनी और करनी की वास्तविकता क्या है? अंधाधुंध विज्ञापनों पर खर्च करके राजनीतिक दल क्या हासिल करना चाहते हैं? क्या यह प्रचार की भूख है या अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने का असफल प्रयास? देश में राजनीति सदैव विकास पर हावी रही है। देश के पिछड़ने का यह एक बड़ा कारण रहा है। दुर्भाग्य है कि केन्द्र की सरकार की कथनी और करनी में भी बड़ा फर्क आ रहा है और 2024 भी आ चुका है।

# किसानों की आय

दुनिया के कई विकसित देश कृषि क्षेत्र में बेहतर वैज्ञानिक तकनीक और प्रबंधन के कारण से न सिर्फ खुशहाल हो रहे हैं, अपितु कनाडा यूरोप और इजरायल जैसे देशों में किसान की आय में वृद्धि हो रही है। भारत भी उसी राह पर चल पड़ा है। हम मिलकर चलेंगे तो समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। अब छोटे जोत वाले किसानों को मिलकर खेती करनी होगी समय की यही मांग है। पिछले लगभग 40 वर्षों भारत में किसान के भू जोत के आकार 1970 में 2.3 हेक्टेयर से घटकर 2015-16 तक 1.08 हेक्टेयर रह गया और खेती का रकबा घटकर बहुत छोटे और छोटे आकार का होता चला गया। भारत के कृषि गणना के अनुसार छोटे रकबे के और भूमिहीन किसानों की संख्या लगभग 86% के आसपास पहुंच गई है। 2011 जनगणना के अनुसार भारत में भूमिहीन कृषि मजदूरों की संख्या किसानों की संख्या से भी ज्यादा हो गई है। लगभग कृषि श्रम का 55% के आंकड़े को पार कर गया है। भूमिहीन कृषक मजदूर जिनकी संख्या देश में लगभग 16 करोड़ के आसपास है। वहीं काश्तकार किसान लगभग 45% हैं जो इस समय देश में लगभग 12 करोड़ है। विश्व के कृषि कमाई में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। कारण है बेहतरीन तकनीक, मात्र 20% संचित जमीन के बूते इजराइल दुनिया के 10 बड़े उत्पादक देशों में अपना स्थान बना चुका है। इसका कारण है कोऑपरेटिव से खेती बेहतर तकनीक और पानी का बेहतरीन इस्तेमाल और कॉपरेटिव के माध्यम से किसानों का बाजार से बेहतर लिंकेज। लागत से दोगुनी में किसानों का उत्पाद बाजार में बिके तब 17 करोड़ परिवार यानी 100 करोड़ भारतीय को बेहतर आय हो सकती है और देश संपन्न हो सकता है। दूसरा कोई रास्ता नहीं है सरकारें केवल आईवाश कर काम चला रही है। वक्त कड़ें और व्यावहारिक निर्णय का है।

# निर्धन- निम्न मध्यम वर्ग के लिये स्वास्थ्य सेवा



देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पोलियो उन्मूलन जैसी सफलताओं और निजी तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसी नाकामियों, दोनों का दस्तावेजीकरण करते हैं। यह स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का ही नतीजा था कि कोविड-19 महामारी के कारण देश में हुई मौतों के आधिकारिक आंकड़ों तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के बीच इतना अधिक अंतर देखने को मिला। इस आलेख में हम देश में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के बारे में बात नहीं करेंगे। बल्कि हम यह चर्चा करेंगे कि दिल्ली और आसपास रहने वाले तथा निजी क्षेत्र में काम करने वाले और प्रतिमाह लगभग 30,000 रुपये से कम वेतन पाने वाले लोगों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा हासिल करना कितना मुश्किल है। साथ ही यह भी कि अपेक्षाकृत अमीर वर्ग के लोगों के लिए उचित चिकित्सा सलाह पाना कितना मुश्किल या आसान है।

53 वर्षीय अविनाश चंद्र (बदला हुआ नाम) का उदाहरण लेते हैं। अविनाश दक्षिण दिल्ली में रहने वाले एक परिवार का वाहन चलाते हैं। निजी अस्पताल में महंगी स्वास्थ्य सेवाओं को देखते हुए उनके नियोक्ता ने अविनाश को सुझाव दिया कि उनको दिल्ली अथवा केंद्र सरकारों के अस्पतालों या म्युनिसिपल अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और उनकी लागत का पता लगाना चाहिए। उन्होंने अपने नियोक्ता को बताया कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा की लागत तो कम है लेकिन वहां भर्ती होने के लिए बहुत लंबा इंतजार करना पड़ता है। बस उन्हीं लोगों को तत्काल भर्ती किया जाता है जो सड़क दुर्घटना या अन्य किसी वजह से घायल होकर अस्पताल पहुंचते हैं।

जमीनी हकीकत को जानकर उनके नियोक्ता ने कई निजी बीमा कंपनियों से संपर्क किया और अविनाश, उनकी पत्नी और अवयस्क बेटी के लिए एक बीमा कंपनी से बीमा पॉलिसी खरीदी। इस कंपनी का मुख्यालय मुंबई में था। यह स्वास्थ्य बीमा खरीदने के कुछ ही महीनों बाद अविनाश की पत्नी को भयंकर पेट दर्द शुरू हो गया। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में ले जाना पड़ा। अल्ट्रासाउंड से पता चला कि उनके गर्भाशय में फाइब्रॉइड हैं और चिकित्सा सलाह में कहा गया कि उनका गर्भाशय तत्काल निकालना होगा।



**-जैमिनी भगवती**

> बीमा कंपनी से आगे और बात करने पर अविनाश के नियोक्ता को पता चला कि 30,000 रुपये सालाना प्रीमियम वाले इस बीमा का दायरा बहुत अधिक सीमित है। उदाहरण के लिए पहले से चली आ रही किसी भी बीमारी के इलाज के लिए कम से कम तीन वर्ष का समय बीत जाना जरूरी था। इसके अलावा मोतियाबिंद, हार्निया, गर्भाशय निकालने, जोड़ बदलना, गर्भावस्था, दांत के उपचार और बाहरी उपकरणों के लिए कम से कम दो वर्ष का समय बीतना आवश्यक था।

अविनाश ने बीमा कंपनी से संपर्क किया जिसने बताया कि गर्भाशय का निकाला जाना दो वर्ष तक उनकी बीमा पॉलिसी में शामिल नहीं है, हालांकि अस्पताल में भर्ती होने पर वापस मिलने वाली राशि की सालाना सीमा 5 लाख रुपये थी। अविनाश के नियोक्ता इस सूचना की सत्यता को लेकर संतुष्ट नहीं थे लेकिन उन्होंने पाया कि ऐसी ही परिस्थितियों में मुंबई की एक अन्य बड़ी बीमा कंपनी भी गर्भाशय निकालने को बीमा में शामिल नहीं करती। बीमा कंपनी से आगे और बात करने पर अविनाश के नियोक्ता को पता चला कि 30,000 रुपये सालाना प्रीमियम वाले इस बीमा का दायरा बहुत अधिक सीमित है। उदाहरण के लिए पहले से चली आ रही किसी भी बीमारी के इलाज के लिए कम से कम तीन वर्ष का समय बीत जाना जरूरी था। इसके अलावा मोतियाबिंद, हार्निया, गर्भाशय निकालने, जोड़ बदलना, गर्भावस्था, दांत के उपचार और बाहरी उपकरणों के लिए कम से कम दो वर्ष का समय बीतना आवश्यक था। जन्मजात बीमारियां और गैर एलोपैथिक उपचार भी इसमें शामिल नहीं हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि आखिर क्यों सस्ते आयुर्वेदिक उपचार को इसमें शामिल नहीं किया जाना चाहिए। प्रभावी ढंग से देखा जाए तो इसमें वे सभी चोट शामिल हैं जो किसी व्यक्ति को दुर्घटनावश लगती हैं और वह अस्पताल भागता है। चाहे जो भी हो सरकार और निजी अस्पताल आपात स्थितियों में चिकित्सा सुविधा देने के लिए वैसे भी बाध्य हैं। ऐसे में यह बात चकित करने वाली है कि भारतीय बीमा नियामक एक निजी बीमा कंपनी को इतने अधिक अपवाद अपनाने का अवसर देता है।

इस समय अविनाश की पत्नी की हालात लगातार बिगड़ती देखकर नियोक्ता ने निजी अस्पतालों से बात की और उन्होंने गर्भाशय निकालने के लिए 80,000 से 1.10 लाख रुपये का खर्च बताया। उपयुक्त विकल्प की तलाश चल ही रही थी कि अविनाश के नियोक्ता की मुलाकात एक महिला चिकित्सक से हुई जो केंद्र सरकार के एक चिकित्सालय में स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष थीं। उन्होंने उनसे सारा वाकया कह सुनाया। अविनाश को भी लगा कि सरकारी अस्पताल में उनकी पत्नी के साथ कुछ गलत होने की संभावना कम है। आखिरकार बीमारी का पता लगने के दो महीने बाद इसी सरकारी अस्पताल में 42,000 रुपये में अविनाश की पत्नी की शल्य चिकित्सा पूरी हो गई।

अगर संयोग से वह महिला चिकित्सक नहीं मिलती तो यह शल्य चिकित्सा दो माह में न हो पाती। शल्य चिकित्सक ने अविनाश को बताया कि इस प्रतिष्ठित शासकीय अस्पताल में यह शल्य चिकित्सा आठ से नौ महीने की प्रतीक्षा के बाद ही हो पाती है।

लगभग इसी समय अविनाश के नियोक्ता ने एक निजी अस्पताल में सामान्य जांच के बाद पाया कि उनके दिल की एक धमनी 95 प्रतिशत ब्लॉक है। उनका रक्तचाप सामान्य था और उन्हें कभी दिल का दर्द भी नहीं हुआ था। उन्होंने कई हृदयरोग विशेषज्ञों से बात की और सब ने उनको यही सलाह दी कि वे एंजियोप्लास्टी करा लें। उन्हें यह भी कहा गया कि वे खून पतला करने वाली दवाएं लें और जरूरत के मुताबिक एक या अधिक स्टेंट डलवा लें। उनका छोटा भाई चिकित्सक था और वह न्यूयॉर्क के एक अस्पताल में पढ़ाता था। उसने उन्हें अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा 2020 में किए गये एक अध्ययन के बारे में बताया जिसमें कहा गया था, ह्यजीवन गुणवत्ता और चिकित्सकीय नतीजों को देखें तो यही पता चलता है कि बिना लक्षण वाले मरीजों में स्टेंट की आवश्यकता नहीं है ह्ल इसके अलावा इस अध्ययन के प्रमुख लेखक स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय में प्रिवेंशन रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. डेविड मैरॉन ने शोध का हवाला देते हुए कहा है कि जिन लोगों को दिल का दर्द शुरू भी हुआ हो उनके लिए औषधियों और जीवनशैली में बदलाव से उपचार शुरू करना उचित रहता है।

खास बात

## कल्याण की सोच

**राजकुमार चाहर**

वर्तमान मोदी सरकार की संपूर्ण शासकीय प्रबंधकीय नीतियों को देखें और उसका सूक्ष्म अध्ययन करें तो एक तरफ किसान कल्याण की बेहतर रणनीतियां और दूसरी तरफ संपूर्ण सरकारी व्यवस्थाएं हैं। इजराइल दुनिया के छोटे देशों में से एक है, जो हरियाणा के क्षेत्रफल के बराबर बमुश्किल है और आबादी सिर्फ 90 लाख। अब भारतीय सीमांत किसानों को भारत सरकार की कृषि नीतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा। मोदी सरकार की सीमांत किसानों के लिए अति महत्वाकांक्षी योजना है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)। मोदी सरकार ने सूक्ष्म अध्ययन करके कि किसान आखिर आज भी गरीब क्यों है? उस की आय दोगुनी कैसे हो, 2022 तक का लक्ष्य मोदी सरकार ने रखा है। मोदी सरकार का वर्तमान भारत में कृषि और किसान की सेहत के लिए एफपीओ का संपूर्ण भारत में ठीक से क्रियान्वयन हो जाए। इस पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। किसान उत्पादन संगठन के निर्माण हेतु कम से कम 300 किसानों की संख्या होनी चाहिए। इसमें सीमांत किसान, छोटी जोत के किसान लगभग 50% कि उनकी संख्या जरूर होनी चाहिए। साथ ही ढाई एकड़ से ऊपर के किसानों को भी इसमें सदस्य बनाया जा सकता है। किसान उत्पादन संगठन एफपीओ का सदस्य बनने के लिए मात्र दो हजार रुपये का व्यक्तिगत अंशदान किसान को देना होगा। इस योजना के अंतर्गत दो हजार रुपये प्रति सदस्य अधिकतम 15 लाख रुपये इक्विटी अनुदान के रूप में किसान उत्पादन संगठनों को भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रत्येक एफपीओ गठन के 3 वर्षों के लिए वित्तीय संभल के रूप में कुल 18 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक किसान उत्पादन संगठन को भारत सरकार दो करोड़ रुपये की राशि बैंक के द्वारा योग्य परियोजनाओं के लिए 75% तक बैंक क्रेडिट गारंटी कवर के रूप में सहायता प्रदान करती है जबकि एक करोड़ तक की बैंक योग्य परियोजनाओं के लिए 85% तक का गारंटी कवर के रूप में सहायता प्रदान करती है।

**महान** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि !भारत के लिए उन्होंने जो संकल्प लिए थे, वे सभी एक-एक कर पूर्ण हो रहे हैं। माँ भारती की सेवा में उनके बलिदान के लिए यह राष्ट्र सदा कृतज्ञ रहेगा।

**-योगी आदित्यनाथ**

## आपके ट्वीट

**राज्य** की जनता के लिए 206 नए एम्बुलेंस के लोकार्पण के साथ कई स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नव नियुक्त दन्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र एवं राज्य के कई चिकित्सकों को सम्मानित भी किया।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**नफरत** के कारण किसी अपने को खोने का दर्द जानता हूं। जहां हिंसा होगी, वो समाज या देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता।

नफरत छोड़ो, मणिपुर जोड़ो!

**-राहुल गांधी**

# आध्यात्मिक चिंतन

धर्म-प्रवाह

**श्री राम शर्मा आचार्य**

**जो** लोग आध्यात्मिक चिंतन से विमुख होकर केवल लोकोपकारी कार्य में लगे रहते हैं, वे अपनी ही सफलता पर अथवा सद्गुणों पर मोहित हो जाते हैं। वे अपने आपको लोक सेवक के रूप में देखने लगते हैं। ऐसी अवस्था में वे आशा करते हैं कि सब लोग उनके कार्यों की प्रशंसा करें, उनका कहा मानें। उनका बढ़ा हुआ अभिमान उन्हें अनेक लोगों का शत्रु बना देता है। इससे उनकी लोक सेवा उन्हें वास्तविक लोक सेवक न बनाकर लोक विनाश का रूप धारण कर लेती है।

आध्यात्मिक चिंतन के बिना मनुष्य में विनीत भाव नहीं आता और न उसमें अपने आपको सुधारने की क्षमता रह जाती है। वह भूलों पर भूल करता चला जाता है और इस प्रकार अपने जीवन को विकल बना देता है।

**मानवमात्र को प्रेम करो**

हम जिस भारतीय संस्कृति, भारतीय विचारधारा का प्रचार करना चाहते हैं, उससे आपके समस्त कष्टों का निवारण हो सकता है। राजनीतिक शक्ति द्वारा आपके अधिकारों की रक्षा हो सकती है, पर जिस स्थान से हमारे सुख-दुःख की उत्पत्ति होती है उसका नियंत्रण राजनीतिक शक्ति नहीं कर सकती। यह कार्य आध्यात्मिक उन्नति से ही सम्पन्न हो सकता है। मनुष्य को मनुष्य बनाने की वास्तविक शक्ति भारतीय संस्कृति में ही है। यह संस्कृति हमें सिखाती है कि मनुष्य-मनुष्य से प्रेम करने को पैदा हुआ है, लड़ने-मरने को नहीं। भारतीय संस्कृति का सूर्योदय अवश्य होगा।

**(प्रस्तुतिः दीपक दयाल प्रसाद)**

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### चीनी मंसूबे

**भारत** और चीन के बीच गतिरोध अभी भी जारी है। काफी समय हो गया है लेकिन गतिरोध समाप्त नहीं हो रहा है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद और गहरा सकता है। यदि भारत स्वयं को चीनी सीमा विवादों से सुरक्षित रखना चाहता है, तो उसे तिब्बत की स्वायत्तता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कूटनीति के तहत उठाने की जरूरत है। कठोर कदम से ही सुरक्षा संभव है।

**-जैसमीन कौर, जमशेदपुर**

### बैंको का निजीकरण

**आईडीबीआई** बैंक के निजीकरण पर काम चल रहा है और इस पर भी कयास लगाए जा रहे हैं कि दो अन्य बैंक कौन हैं जिनका निजीकरण किया जाएगा। निजीकरण प्रक्रिया की तरफ बढ? के साथ ही कई बैंकों का एकीकरण भी हुआ है और अब 2017 से 2020 के बीच इनकी संख्या कम होकर 27 से केवल 12 रह गई है।

**– सतीश शर्मा, रांची**

# शरद पवार की पार्टी टूटी, विपक्षी एकता का हवा निकली

**ललित गर्ग**

सामयिक

वर्ष 2024 के चुनाव से पूर्व भारतीय राजनीति के अनेक गुणा-भाग और जोड़-तोड़ भरे दृश्य उभरेंगे। जो पटकथा महाराष्ट्र में लिखी गयी है, वही बिहार में भी लिखी जा सकती है। राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार को दबाने के लिये, सत्ताकांक्षा एवं आंतरिक असंतोष के चलते ऐसे समझौते, दलबदल एवं उल्टी गिनतियां अब आम बात हो गयी हैं। कल तक सत्ता पक्ष को कोसने वाले अजित पवार अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से बगावत कर डिप्टी सीएम बन गए हैं। राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले शरद पवार की पार्टी का यह हश्र आश्चर्यकारी ही नहीं, बल्कि एक बड़ा विरोधाभास एवं विपक्षी एकता का संकट भी है। एक तरफ इस तरह के घटनाक्रम को राजनीतिक दलों में आंतरिक असंतोष व गुटबाजी से जोड़ा जा सकता है तो दूसरी तरफ सत्ता के उस स्वाद की आकांक्षा से भी, जिसे हर कोई पाना चाहता है। राजनीतिक दलों में बगावत का ऐसा दौर जब भी होता है इस बात को जोर-शोर से प्रचारित किया जाता है कि उनके दल में लोकतंत्र नहीं रहा इसलिए वे अपने विरोधियों से हाथ मिला रहे हैं। बड़ा प्रश्न है कि इस तरह राजनीतिक दलों से लोकतंत्र गायब होता रहा है, तो ऐसे अलोकतांत्रिक दल कैसे देश के लोकतंत्र को हांक सकेंगे?

ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की कार्रवाई की गिनती शुरू हो रखी है। किसी की भी हालत ठीक नहीं है। ये उल्टी गिनतियां परिचायक हैं कोई नया पर्दा उठने की, किसी नए विस्फोट की। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे नेताओं की कई उल्टी गिनतियां हुईं, फलस्वरूप कई सरकारें गिरीं/बनीं/पर टिकी नहीं। अबकी बार कितनी दूर जाएगी-यह गिनती, पूरी होने पर ही मालूम होगा। पर कांप अभी से कई नेता रहे हैं। इसीलिये ऐसे बेमेल गठबंधन एवं उठापटक देखने को मिल रही है, आम चुनाव आने तक ऐसे तरह-तरह के परिदृश्य उभरेंगे। ऐसे में देखना होगा कि जांच एजेंसियां इन नेताओं के कथित भ्रष्टाचार के मामलों में आगे क्या करती हैं। बहरहाल, दलबदल भले ही महाराष्ट्र में हुआ हो, इसकी सबसे बड़ी चोट राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर पड़ी है। यह बहुत बड़ा संदेश है, जिसका जवाब तलाशना भी विपक्षी दलों के लिए जरूरी है। भाजपा एक सक्षम एवं ताकतवर पार्टी है, नरेन्द्र मोदी एवं अमित शाह करिश्माई राजनेता हैं, अनेकानेक विशेषताओं वाले इन दोनों नेताओं की एक बड़ी विशेषता यह है कि ये अपने साथ दगा करने, धोखा देने या विश्वासघात करने वालों को कभी माफ नहीं करते। मौका आने पर ये ऐसे लोगों को सबक जरूर सिखाते हैं, महाराष्ट्र में सियासी उठापटक ऐसा ही सबक है। चुनाव पूर्व गठबंधन को नकारते हुए 2019 में शिवसेना ने अपने सहयोगी दल भाजपा से संबंध तोड़ जिस तरह सरकार बनाई और उसके जवाब में बाद में भाजपा ने जो दांव खेला, वह किसी से छिपा नहीं नहीं है। विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष रहे अमित शाह को चुनाव परिणाम बाद उद्धव ठाकरे ने धोखा दे दिया था। इसी कारण एकनाथ शिंदे शिवसेना से बगावत कर सीएम बनने में कामयाब हुए। दरअसल महाराष्ट्र में राकांपा के साथ जो कुछ भी हुआ उसका एक बड़ा कारण यह भी है कि शरद पवार ने चुनाव परिणाम के बाद भाजपा के साथ सरकार बनाने को राजी होकर भी तीन-चार दिनों में ही पलटी मार ली थी।

इस तरह से शरद पवार ने भी अमित शाह को धोखा दिया था। एक चीज साफ नजर आती है कि भाजपा को धोखा देने वाले नेता अथवा पार्टी को अमित शाह राजनीतिक रूप से माफ नहीं करते। अमित शाह उस नेता या पार्टी को राजनीतिक सबक सिखाने के लिए बस सही समय का इंतजार करते हैं।

# साल 2022-23 में ईंधन का आयात बढ़ा

**शाइन जैकब**

आर्थिक

सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाए जाने को लेकर मिली जुली प्रतिक्रिया मिली है। देश में ईंधन की कमी के मसले से निपटने के लिए उठाए गए इस कदम से निजी क्षेत्र चिंतित है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल मात्रा के हिसाब से पेट्रोल व डीजल के निर्यात में क्रमशः 13 प्रतिशत और 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात में भी इस वित्त वर्ष के पहले दो महीने में 16 प्रतिशत वृद्धि हुई है। निर्यातकों ने संकेत दिए कि शुल्क में बढ़ोतरी के बावजूद रिफाइनर लाभ में हैं। यूक्रेन के साथ युद्ध होने के बाद निजी रिफाइनरों जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज और रोसनेफ्ट समर्थित नयारा एनर्जी ने सूचना के मुताबिक भारी मुनाफा कमाया है और उन्होंने ईंधन की कमी वाले देशों यूरोप, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया को निर्यात किया है। इन्हें भारी मुनाफा इसलिए हुआ कि रूस का कच्चा तेल उनके लिए भारी छूट पर उपलब्ध था।

यह उल्लेख किया गया है कि रिफाइनर पेट्रोल व डीजल का निर्यात कर रहे थे, जब कीमतें बहुत ज्यादा थीं। सरकार के मुताबिक निर्यात का लाभ उठाने के लिए रिफाइनरों ने घरेलू बाजार में अपने पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति बंद कर दी ।चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने में पेट्रोल का निर्यात 22.7 लाख टन से बढ़कर 25.6 लाख टन हो गया। इसी तरह से डीजल का निर्यात अप्रैल मई 2021-22 में 57.6 लाख टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 48.2 लाख टन था ।उद्योग के सूत्र ने कहा कि जून महीने में यह आंकड़े बहुत ज्यादा रहने की संभावना है, क्योंकि इस दौरान ईंधन की कमी चरम पर थी। मौजूदा फैसले के बाद निर्यात कम होने की उम्मीद है ।रुपये के हिसाब से पेट्रोल का निर्यात दोगुना होकर वित्त वर्ष 2021-22 के पहले दो महीने में 23,522 करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल मई 2020-21 के दौरान 10,917 करोड़ रुपये था।

वहीं चालू वित्त वर्ष के पहले 2 महीने के दौरान डीजल का निर्यात मूल्य 50,289 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के दौरान 19,047 करोड़ रुपये था। 2021-22 में भारत ने 135 लाख टन पेट्रोल और 320 लाख टन डीजल का निर्यात किया।

इक्रा में वाइस प्रेसीडेंट और को-ग्रुप हेड प्रशांत वशिष्ट ने कहा, ह्यनिर्यात शुल्क का असर रिलायंस, नयारा, मंगलौर रिफाइनरी ऐंड पेट्रोकेमिल्स (एमआरपीएल) और चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसीएल) जैसी 3-4 कंपनियों पर पड़ेगा। शुल्क में बढ़ोतरी के बावजूद कुल मिलाकर सकल रिफाइनिंग मुनाफा और क्रैक स्प्रेड्स बहुत ज्यादा बना रहेगा। सिंगापुर जीआरएम अभी तेज है और उम्मीद है कि यह स्थिति बनी रहेगी, क्योंकि मांग बढ़ रही है ह्ल

सिंगापुर के सकल रिफाइनिंग मुनाफे में औसतन 20 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी देखी गई, जो भारत के तेलशोधकों के लिए फायदेमंद रहा, जिन्होंने रूस से कच्चा तेल खरीदना शुरू कर दिया था। भारत ने रूस से करीब 10 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया, जो मई के 8,40,000 बैरल और अप्रैल के 3,88,000 बैरल प्रति दिन की तुलना में ज्यादा है। जीआरएम वह राशि होती है, जो प्रति बैरल कच्चे तेल को रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों में बदलने पर रिफाइनरी को मिलती है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### संतोष बने राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राजद 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने संतोष यादव को पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।संजय सिंह यादव ने संतोष यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष का प्रमाण पत्र देते हुए आशा व्यक्त किया है कि ये पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही अपने राजद के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए ाालू यादव के विचारधारा के साथ पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे। संतोष यादव ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना पहली प्राथमिकता होगी।

### गोला : हाथियों का उत्पात जारी, दहशत

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गावों में पिछले एक माह से लगातार जंगली हाथियों का झुंड रकुवा पंचायत में डेरा डाले हुए हैं। प्रत्येक दिन किसी न किसी गांव में उत्पात मचा रहे हैं। दिन को आसपास के जंगलों में बसेरा बना लेते हैं। रात होते ही किसी न किसी गांव में प्रवेश कर जाते हैं और किसानों के फसलों को खाते हुए रौंद देते हैं। जिससे क्षेत्र के किसान काफी परेशान हैं। मंगलवार रात को भी लिपिया गांव में घुस गये और किसानों के खेतों में लगे फसलों को जमकर खाते हुए रौंद दिये हैं। सुबह होते ही किसानों ने इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया सुरेश रजक को दी। सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि उक्त गांव में पहुंचकर फसलों के क्षति का जायजा लिया।

### तुलसी भवन में दिव्यांग शिविर 10 को

रामगढ़। तुलसी देवी स्मृति भवन में 10 जुलाई को दिव्यांग शिविर लगेगा। शिविर के सफल बनाने केलिए टीम का गठन किया गया है। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर प्रखंड रामगढ़ डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह,सदर अस्पताल नेत्र सर्जन डॉ प्रीतिश प्रणय, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ कृति सिन्हा, डॉ राहुल बरेलिया, नेत्र सहायक उपेंद्र कुमार को शामिल किया गया है। शिविर का आयोजन 11:00 से 3:00 बजे तक किया जाएगा।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में चले रहे नृत्य-संगीत व चित्रांकन प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को मेडल व उपहार देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह की प्रतियोगितां बच्चों में नये ऊर्जा का संचार भरता है। श्री कुमार ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए प्रबंधन सार्थक कदम उठाती रहेगी।

### परवरिश में बच्चे हुए सम्मानित

कुजू। विभिन्न ओलंपियाड प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने पर गुरूवार को कुंदरियाबांध स्थित परवरिश एजुकेयर स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त ओलंपियाड प्रतियोगिता में शैक्षणिक संवर्धन और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की आधारशिला है। जिसने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान किया।प्राचार्या नेहा राज बनर्जी ने छात्रों की उपलब्धियों की प्रशंसा व्यक्त की।

### डीडीसी ने डेली मार्केट का किया निरीक्षण

कुजू। रामगढ़ डीडीसी के निर्देश पर गत 23 जून को मांडू भाग संख्या 3 की जिप सदस्य दयामंति देवी द्वारा कुजू नया बाजार टांड़ स्थित डेली मार्केट का निरीक्षण किया गया था। जिसमें सभी चीजे सभी पाये जाने के बाद इसकी रिपोर्ट जिप सदस्य ने डीडीसी को सौंपा था। इसके बाद गुरूवार को रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो ने उक्त डेली मार्केट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से मार्केट के आस-पास साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही मार्केट का उदघाटन कर लाभुकों को दुकान आवांटित किया जायेगा। मौके पर जिप सदस्य दयामंति देवी, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, पंसस सुरेश केशरी उर्फ पप्पू, उदय केशरी आदि मौजूद थे।

### रोशनलाल ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



भुरकुंडा (रामगढ़)। बलकुदरा एवं कुरसे पंचायत में गुरुवार को ट्रांसफार्मर का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना व फीता काटकर किया। मालूम हो कि तकनीकी खामियों के कारण कुतुलवा टोला में लगा ट्रांसफार्मर अचानक जल गया था। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की सूचना के बाद रोशनलाल चौधरी ने त्वरित पहल करते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान आजसू की पहली प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दिक्कत होने पर सूचना दें हर हाल में समस्याओं का समाधान होगा।

### केवी के छात्र उत्सव जायेंगे जापान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नवल किशोर प्रसाद के पुत्र सह केन्द्रीय विद्यालय पतरातू के 12वीं साईंस का छात्र मास्टर उत्सव भारती जापान-एशिया यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम इन साइंस के तहत जापान के ओसाका के लिए शुक्रवार को रवाना होंगे। प्रभारी प्राचार्य आमोद कुमार सिंह ने प्रातरुकालीन सभा में मास्टर उत्सव भारती को शुभकामनायें दी और छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि केन्द्रीय विद्यालय पतरातू के लिए आज गौरवशाली दिन है। साकुरा साइंस एक ऐसा प्रोग्राम है जो युवा वैज्ञानिकों को जापान में वैज्ञानिक अध्ययन और अनुभव के लिए एक मंच प्रदान करता है, और हमारे विद्यालय के छात्र को यह मौका मिला है। सकुरा साइंस प्लान का मुख्य उद्देश्य एशियाई देशों के युवा वैज्ञानिकों के बीच सहयोग, विश्वास और संवाद को प्रोत्साहित करना है।

# कर्जन ग्राउंड जल्द होगा विकसित : भोक्ता

## हजारीबाग में फुटबॉल टूर्नामेंट का श्रम मंत्री ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **खेल से होता है शारिरिक और मानसिक विकास: किशोरी राणा**



**हजारीबाग।** शहर के कर्जन ग्राउंड में नव झारखंड फाउंडेशन एवं हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा जिला फुटबॉल लीग मैच का उद्घाटन श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, नव झारखंड फॉउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ,खेल पदाधिकारी सुनील राम, शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, बटेश्वर मेहता, सच्चिदानंद पांडे,जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, शेख तैयब, विवेकानंद सिंह, किशोर सावंत, महेंद्र ठाकुर सहित कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समस्त अतिथियों ने संयुक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर मैच को विधिवत रूप से प्रारंभ किया। यह मैच एक महीने चलेगा। जिसमें हजारीबाग जिले के 15 टीमें उद्घाटन में शामिल हुई थीं। जिसमें बरकट्ठा, गिद्दीसी से भी कई खिलाड़ी पहुंचे। मैच के दौरान उमेश कुमार , सिकंदर यादव, परमेश्वर यादव एवं दिलीप कुमार राम ने रेफरी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान अंडर-17 फीफा विश्व कप की भारतीय टीम की सदस्य पूर्णिमा कुमारी को सम्मानित किया गया साथ ही उसके कोच सोनी कुमारी को भी सम्मानित किया गया।

मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने समस्त खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल के प्रति आपसभी रुचि हमेशा रखिए। क्योंकि खेल में हार और जीत लगी रहती है जिस तरह लोकतंत्र के चुनाव में हार और जीत रहता है उस तरह खेल में भी बरकरार रहता है। कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। कंचन ग्राउंड का जल्द विकास किया जाएगा। हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोरी राणा ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अपने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए पहुंचे इसके लिए आपका हृदय से आभार। मौके पर रूद्र शेखर, सुखदेव यादव, गुड्डू, धीरज यादव, तैयब खान, कामेश्वर यादव, दीपक यादव रंजन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# चितरपुर-रजरप्पा फोरलेन का निर्माण जल्द पूरा करें: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददात**



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को चितरपुर एवं गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम चितरपुर प्रखंड अंतर्गत चितरपुर रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर बाकी बचे कार्यों को पूर्ण करने हेतु दिए गए निर्देश के आलोक में अब तक किए गए कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़ को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

वहीं,सुरक्षा दृष्टिकोण से उपायुक्त ने चितरपुर रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग के समीप हाइट बैरियर लगाने सहित आवश्यकता अनुसार अन्य सुरक्षा उपबंध करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उपायुक्त ने फोरलेन मार्ग अंतर्गत पड़ने वाले डिवाइडरों पर वृक्षारोपण व सुरक्षा संबंधित अनुबंध करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। चितरपुर प्रखंड के उपरांत उपायुक्त ने गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारतमाला परियोजना के तहत गोला ओरमांझी पथ निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

मौके पर परियोजना निदेशक एनएचएआई रामगढ़ के द्वारा उपायुक्त को अब तक किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कार्यों के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने व योजनाबद्ध तरीके से ससमय कार्य पूर्ण करने को लेकर कई निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा, परियोजना निदेशक एनएचएआई रामगढ़, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### करियातपुर में खुला कुआं बड़ी हादसे को दे रहा आमंत्रण



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर बाजार के किनारे एनएच 2 से सटा 20 मीटर की दूरी पर एक समतल में खुला पुराना कुआं है जिसमें वर्तमान में कूड़ा करकट भरा हुआ है। उक्त कुआं मुख्य सड़क के बिल्कुल नजदीक है।जो निरन्तर सड़क दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। जा सकता है।विगत कुछ दिनों पूर्व पदमा के एक सड़क किनारे स्थित कुआं में एक बुलेट एवं एक कार गिर जाने से छः लोगो को अपनी जान गवानी पड़ी थी। इस मामले को ध्यान में रखते हुए धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पूर्व की हुई घटना से स्थानीय प्रशासन एवं एनएचएआई को सबक लेनी चाहिए एवं तत्काल उक्त कुआं को भर देना चाहिए या कोई सुरक्षा मानक स्थापित कर आम लोगो को इसकी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन व एनएचएआई से उक्त कुआं को भरवाने का अपील किया ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटना को रोका जा सके।

### श्रीश्री हनुमान मंदिर के छत ढलाई शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित श्रीश्री खोपड़िया बाबा धर्मशाला परिसर स्थित इच्छापूर्ण प्राचीन हनुमान मंदिर के छत का ढलाई शुभारंभ आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी वं व्योवृद्ध समाजसेवी फुलझरी देवी ने किया। पहली कढ़ाई मशाला देकर रोशनलाल चौधरी ने ढलाई कार्य की शुरूआत कराई। रोशनलाल चौधरी ने कहा की धर्म की स्थापना के लिए मैं हमेशा तत्परता के साथ हर संभव सहयोग करता आया हूं जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बजरंग बली से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, वैभव एवं सामाजिक विकास की कामना करते हुए कहा कि भगवन सभी का कल्याण करें। मौके पर पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, विनय सिंह चौहान, सतीश मोहन मिश्रा, धर्मनाथ राम, सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, जगतार सिंह, युगल किशोर पांडेय, मुखिया व्यास पांडेय, विनय मिश्रा, रोबिन मुखर्जी, विधायक प्रतिनिधि राजू पांडेय,गब्बर सिंह, बिल्लू अग्रवाल, सुधीर दूब सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।



छत ढलाई का शुभारंभ कराते आजसू नेता रोशनलाल चौधरी

### हजारीबाग में भाजपा ने मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**हजारीबाग।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर गुरुवार को हजारीबाग जिले के सभी मंडलों में जयंती मनाई गई।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने कहा की भारत की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को महान विचारक के रूप में आज भी याद किया जाता है। सबसे कम उम्र ,33 वर्ष की आयु में 8 अगस्त 1934 से 7 अगस्त 1938 तक कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरंतर आगे बढ़ती गई। 15 अगस्त 1947 जय से 6 अप्रैल 1950 तक पंडित जवाहरलाल नेहरु के मंत्रिमंडल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री रहे। मौके पर नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, ऋषि शर्मा ,कृष्णा सिन्हा, जयनारायण प्रसाद सुमन कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार, अविनाश कुमार, रोशन कुमार ,मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद ने दी।

### पूर्व विधायक मनोज यादव ने डॉ मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**बरही।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद से इन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की जो 1980 में भारतीय जनता पार्टी बन गई। भारत को सशक्त बनाने में इनका अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद कश्मीर में अनुछेद 370 के खिलाफ थे। उनका मानना था कि एक देश मे दो विधान, दो प्रधान ओर दो निशान नही चलेगा। कहा कि उनकी सोच एक भारत श्रेष्ठ भारत की रही।

# इचाक : राजद के प्रखंड अध्यक्ष बने प्रदीप मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ईचाक।** राजद के 27 वां स्थापना दिवस के अवसर पर इचाक प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता पिता युगल किशोर मेहता ग्राम गुंजा निवासी का मनोनयन किया गया। मनोनयन प्रदेश राजद उपाध्यक्ष सह बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी राजकुमार यादव ने दर्जनों कार्यकताओं के मौजूदगी में माला पहना कर किया। प्रदीप मेहता ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हमें पार्टी अध्यक्ष बनाने का काम किया है ,मैं उस पर खरा उतरने का कार्य करूंगा। श्री मेहता ने यह भी कहा कि पार्टी के लिए दिए गए कार्यो के धरातल पर उतारकर विकास की बुलंदीयो पर पहुंचाने का मेरा पहला प्राथमिकता होगा।कार्यक्रम में राजद जिला प्रवक्ता प्रो.राजेन्द्र यादव, राजद जिला महासचिव बसंत नारायण मेहता,राजद युवा प्रदेश महासचिव रघुनाथ राणा,जिला राजद अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ हजारीबाग शत्रुघ्न राम,मुस्ताक अंसारी,सलाहउद्दीन अंसारी, असरफ अंसारी,मोती पासवान, बालेश्वर प्रसाद मेहता,कमला मेहता बधाई दिया व उपस्थित थे।

# नशे की लत ने युवाओं को किया बर्बाद

**सोनू केशरी**



**हजारीबाग।** जिले में युवा नशे की जद में फंसता जा रहा है। इस का मुख्य कारण आसानी से नशा मिलना हैं। युवाओं को नशे से बचाने के लिए हजारीबाग पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। कई नशे के सौदागरों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा भी गया है। लेकिन उसके बाद भी नशे का काम और उपयोग निरंतर चलता जा रहा हैं। इन मामलों में कई तस्करों और पैडलरों को गिरफ्तार कर लाखो रुपए के मादक पदार्थ और नकदी जब्त की गई है । लेकिन इसके बावजूद युवा नशे में होकर एक से बढ़कर एक क्राइम को अंजाम दे रहे हैं। अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए युवा चोरी , लूट, छिनतई की वारदातों को भी अंजाम दे रहे है । साथ ही खून बेचकर भी नशे के लिए पैसे का जुगाड़ कर रहे है।

**हजारीबाग में चोरी, लूट व छिनतई की वारदातों को दे रहें हैं अंजाम**

**मादक पदार्थो की लत लगा रहे पैडलर :** नशे के सौदागर बेखौफ शहर के गली , मोहल्लों में अपना जाल फैलाकर युवाओं को मादक पदार्थों की लत लगा रहे है।

बढ़ते अपराध पर लगाम कसने के लिए अब पुलिस को शहर को ड्रग फ्री करने की मुहीम तेज करने की आवश्यकता है। हजारीबाग शहर में बड़कागांव, कटकमसांडी, गिद्धौर से तस्कर मादक पदार्थ लाकर शहर के पैडलरों को बेच रहे है। सच्चाई ये है कि नशे की लत में फंसे युवा अब हजारीबाग पुलिस के लिए चुनौती बने हुए है । सूत्र बताते है कि मादक पदार्थ सप्लाई में पकड़े गए बदमाश जेल से छूटने के बाद दोबारा यह काम करने लगते हैं। उन्हे इस काम में मेहनत कम और मुनाफा अधिक मिलता हैं। पुलिस के लाख प्रयासों के बाद भी आम और खास को पता है कि नशा कहां मिल सकता हैं। लोगों की पहुंच तक आसानी से नशे के सौदागर पहुंच रहे हैं। ऐसे में हजारीबाग पुलिस को सप्लायर नहीं नशे का कारोबार करने वाले तक पहुंचने की जरूरत हैं।

## एक नजर में

### रौनियार महिला मंच का हुआ विस्तार



हजारीबाग।देवी दयाल लेन स्थित रौनियार धर्मशाला प्रांगण में रौनियार वैश्य समिति (महिला मंच) के आम सभा का आयोजन निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती रेनू गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस आम बैठक में समाज की महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया तथा समाजहित में किए जाने वाले सकारात्मक कार्यों पर विचार विमर्श किया साथ ही वर्तमान महिला समिति जिसका गठन दिनांक 07/05/2023 को निर्वाचित अध्यक्ष श्री महेन्द्र प्रसाद गुप्ता की देखरेख में किया गया था का विस्तार सर्वसम्मति से किया गया। नई समिति में निम्न पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए, उनके दायित्व भी आवंटित कर दिए गए। रेखा गुप्ता(संयोजक), रेनू गुप्ता (अध्यक्ष), प्रभा देवी गुप्ता (सचिव) रीना गुप्ता (उपाध्यक्ष), रिंकी गुप्ता (सह उपाध्यक्ष), पूनम गुप्ता (उप सचिव), शोभा गुप्ता (सह सचिव), मीनू गुप्ता (कोषाध्यक्ष), गीता देवी (सलाहकार),मंजू देवी (सह सलाहकार)।

### पपचो में हांथी ने वृद्ध महिला को पटका, मौत



**दारु।** हाथी ने पिपचो में गुरुवार सुबह एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला को पटक कर ली जान। मृत महिला जागिनी मल्हारीन( पति रामेश्वर मल्हार) घर के अंदर कमरे में सोई थी, तभी झुंड से बिछड़े एक हाथी ने घर के अंदर घुस कर महिला को सूढ़ से खींचकर बाहर ले आया और पटक कर उसकी जान ले ली। यह सब घटना महिला के पुत्र ने अपनी आंखों से देखा। मृत महिला के बेटे और बहू उत्तर प्रदेश में काम करते हैं घटना के बाद पहुंचे वन विभाग के कर्मी और ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के लिए सबको हजारीबाग भेज दिया। जबकि वन विभाग के कर्मी ने तत्काल 5000 या नगर परिजनों को दिया आशीष मुआवजा राशि जल्द लाने की बात कही । सांसद जयंत सिन्हा के सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद ने वन विभाग से हाथी को दूर करने की मांग की है।

### एनटीपीसी के अधिकारियों ने किया प्रदर्शन



**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह में एनटीपीसी के कार्यपालक अधिकारियों ने काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। एनटीपीसी कार्यपालक अधिकारियों को समय पर पन्नोति नहीं देकर दमनकारी नीति अपना रही हैं। कार्य करने के बदले में हम सभी अधिकारियों को साल के अंत में यह उम्मीद रहती है कि इस बार हमारा ग्रैड में बदलाव आएगा लेकिन प्रबंधन के तानाशाही रवैया से हम सभी परेशान हो चुके हैं। एनटीपीसी के केंद्रीय नेतृत्व से डिमांड है कि अधिकारियों को सम्मान मिलते रहना चाहिए और प्रमोशन पोलिशी में सुधार होना चाहिए। यदि केन्द्रीय प्रबंधन अधिकारियों के मांग को नही मानती है तो अधिकारियों ने निर्णय लिया कि दिल्ली के एनटीपीसी इओसी मुख्य कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन के साथ आमरण अनशन शुरू करना निश्चित है। कोयला खनन परियोजनाओं के जोनल सचिव कमला राम रजक ने कहा है कि हम सभी की स्वाभिमान की लड़ाई है। सभी लोग सम्मान के लिए नौकरी करते हैं। कार्यक्रम में कोयला खनन के बिभुति नारायण सिंह, केडी शर्मा, विवेक कुमार,दिनेश कुमार मंडा, संतोष कुमार, सुव्रत कुमार दास,नविण कुमार ज्वाइंट सेक्रेटरी रवि कुमार टुडू ने सभास्थल पर उपस्थित होकर आंदोलन को सफल किया।

### चरही में लोहे से लदे पिकअप वाहन जब्त

चरही।सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र (चरही ) में लोहा चोर सक्रिय हैं।मंगलवार को रात 4 बजे सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों के गश्ती दल ने चोरी के लोहा ले जा रहे है पिकअप वाहन को धरदबोचा। लोहे से लदे पिकअप वाहन को वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में सुरक्षाकर्मी गोवर्धन मिस्त्री के द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें लिखा है कि 4 जुलाई की रात 4:00 बजे सूचना मिली थी कि अज्ञात चोरों ने सीसीएल के केदला ओपन कास्ट परियोजना में रखे कीमती लोहे को मशीन से काटकर पिकअप नंबर जेएच01इएल/0635 पर लादकर नया मोड़ की ओर भाग रहा है।जिसे गश्ती ने उस वाहन को पीछा कर सारूबेडा 4 नंबर के पास दबोचा।

### चरही में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनी

चरही।गुरुवार को भाजपा मंडल कार्यालय जगदम्बा कम्प्लेक्स चरही में महान शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में मनाई गई। जयंती प्रखंड के सभी 54 बूथों पर मनाई गई। श्री सिंह ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महान व्यक्ति थे। इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर देश हित में कार्य करने के लिए निष्ठा पूर्वक संकल्प लेने की जरूरत है। मौके पर मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,युवा मोर्चा महामंत्री घनश्याम करमाली,प्रखंड मंत्री घनश्याम महतो,मीडिया प्रभारी दिनेश महतो, युवा नेता मुकेश कुमार, राजेश कुमार,संजीत यादव, ब्रज बिहारी महतो, रोहित महतो,पारस महतो,प्रदीप कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्राद्ध के लिए विधायक ने दिया नमो राशन किट

हजारीबाग। बीते दिनों सदर विधायक मनीष जायसवाल ने एक नई परंपरा की शुरूआत की जिसमें क्षेत्र के ऐसे जरूरतमंद परिवार जो श्राद्ध कर्म भोज में सक्षम नहीं हो पाते हैं उन तक नमो श्राद्ध राशन किट पहुंचा कर उन्हें सहयोग करने में जुटे हैं। विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने बुधवार की शाम को सदर प्रखंड स्थित गुरहेत पंचायत के ग्राम धवैया निवासी स्व.द्वारिका यादव के शोकाकुल परिजनों को विधायक मनीष जयसवाल की ओर से यह नमो श्राद्ध राशन की सौंपा। इस राशन किट में डेढ़ सौ लोगों की खिलाने भर का कच्चा राशन होता है। जिसमें चावल, आटा, दाल, तेल और मसाला है।

### अदाणी फॉउंडेशन ने किसानों को दिया खाद

बड़कागांव।अदाणी फॉउंडेशन ने गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत गुरुवार को किसानों को दिया खाद। बड़कागांव स्थित कार्यालय परिसर में प्रखंड के गाली, बलोदर और गोंदलपुरा के ग्रामीणों को 50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50 किलोग्राम यूरिया और दस किलोग्राम धान का बीज प्रदान किया गया। इस अवसर पर करीब 35 से अधिक किसान मौजूद थे। किसानों को बताया गया कि खाद और दवाओं के सही प्रयोग करने से अच्छी फसल मिलेगी। पौधों के पोषक तत्वों के लिए भी यह अत्यधिक उपयोगी माना जाता है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, डीजीएम संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता, शरद मिश्रा, उप प्रबंधक संतोष तिवारी और चेतन साई समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बाबा नगरी जा रहे भक्तों का झुमरा में स्वागत

**दारु।** सावन का पावन महीना शुरू होते ही बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए रोजाना भक्तो का जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए प्रस्थान कर रहा है गुरुवार को हजारीबाग से पांच युवकों का जत्था पैदल ही सुल्तानगंज के लिए निकला जहां से जल उठाकर बाबा नगरी देवघर जाएंगे और बाबा का और जल अर्पण करेंगे। हजारीबाग से निकले बाबा के भक्तों की चार युवकों की टोली का झुमरा में सचिन कुमार की दुकान पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया' इस मौके पर बाबा के भक्तों ने जय भोलेनाथ हर हर महादेव के नारे लगाए बाबा नगरी पैदल जाने वालों में हजारीबाग निवासी मंजीत यादव अभिषेक कुमार अनूप यादव अभिजीत दुबे और विकास दुबे शामिल हैं झुमरा में स्वागत करने वालों में ऋषि सिंह सचिन कुमार सुमन कुमार अशोक कुमार अशोक कुशवाहा सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# नैतिकता से युक्त समाज हमारी प्रतिबद्धता

## खबर मन्त्र की प्रतिबद्धता महिलाओं की सुरक्षा और शैक्षणिक विकास





## 11 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा खबर मन्त्र

**एनके मुरलीधर**

**समाज** और राष्ट्र के बिखरे हुए ऊर्जा के स्त्रोत युवाओं को संगठित और अनुशासित करके उनकी ऊर्जा को किसी सकारात्मक लक्ष्य और समाज उत्थान के कार्य हेतु अगर प्रयोग में लिया गया तो यह युवा शक्ति हर लक्ष्य को भेदती हुई सफलता के नए आयाम गढ़कर देश और समाज को हिमालय की बुलंदियों तक पहुचा सकेगें। इसके लिए उचित शिक्षा, सही मार्गदर्शन एवं अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ताओं व सरकारी तंत्र के पारस्परिक समन्वय की महती



आवश्यकता है। अतएव शिक्षा को रोजगारपरक, हिंसामुक्त, क्रियाशील, मूल्यपरक एवं प्रकृति से सम्बन्धित करके ही निर्भय, स्वानुशासित, अहिंसात्मक जीवन दृष्टि वाले, आत्मनिर्भर, सहकारप्रिय एवं गीता में विंणत 'आत्मन्येवात्मना तुष्ट (अपने भीतर स्वयं से तृप्त) युवाओं का निर्माण किया जा सकता है। ऐसे युवकों के द्वारा ही देश में सामाजिक सौहार्द्र ,सुख-शान्ति व समृद्धशाली समाज की स्थापना की जा सकती है जिसके द्वारा ही आधुनिक सभ्यता के उज्जवल भविष्य का सपना साकार हो सकेगा।

### कौन संभालेगा युवाओं को

आज प्रश्न यह है कि युवा शक्ति को संभालने और दिशा देने की सामर्थ्य किसमे है जबकि वर्तमान भारतवर्ष में 13 से 35 वर्ष की आयु वाले लगभग 42 करोड़ यूवाओं की मानवीय पूँजी है जो कि दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में बहुत अधिक है अर्थात हमारा देश इन दिनो सर्वाधिक युवा देश है जिसमें से 70 प्रतिशत (लगभग 29 करोड़) ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। गॉव में रहने वाले युवाओं तथा शहरों में निवास करने वाले लगभग 13 करोड़ युवा दोनो के रहन-सहन, क्षमता, रूचि, परिवेश, शिक्षा आदि एकदम अलग है। गॉवो की शिक्षा व्यवस्था और शहरों की सुविधाए, दोनो में जमीन-आसमान का फर्क है। इसलिए ग्रामीण युवाओं को आज शिक्षा एवं रोजगाार के पर्याप्त अवसर प्राप्त नही हो पा रहे हैं और वे विकास की दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। जबकि किसी भी राष्ट्र की

### एक सोच जो विचार और समाचार का प्रबल बल बनकर उभरा

**डॉ अभय कुमार सिंह ने झारखंड राज्य बनने के बाद रांची से एक संपूर्ण व्यवस्था, आधारभूत ढांचा युक्त समाचार पत्र निकालने का साहस किया। उनका साहस और सोच का प्रतिफल है कि आज खबर मन्त्र हिंदी दैनिक 11वें साल में प्रवेश करने जा रहा है। आज वो हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सशक्त योजना और मजबूत आधार के बल पर खबर मन्त्र अपने प्रकाशन के 11वें साल में प्रवेश करने जा रहा है। डॉ सिंह के जीवन में युवाओं का ओज और एक बड़ी सोच सदैव कुछ करने को प्रेरित करती रही। खबर मन्त्र पन्नों तक सिमटा अखबार न होकर एक विचारों का ओज है जो सूचना, संवाद और समाज के संतुलन का कार्य बेखूबी कर रहा है।**

युवा शक्ति उसके रचनात्मक कार्यो का आधार होती है परन्तु जब युवाओं को अपनी योग्यता व शक्ति का सदुपयोग करने का अवसर नही मिलता तो वह अपने वास्तविक मार्ग से भटक जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में युवा शक्ति रचनात्मक कार्यो में व्यस्त न रहकर विध्वंसक कार्यो की ओर अग्रसर होती है।

आज हमारे देश में ग्रामीण युवा शक्ति के सामने अनेक गम्भीर चुनौतियां हैं जिनमें आर्थिक विषमता, मूल्यरहित शिक्षा, शिक्षा का रोजगारोन्मुखी न होना, उचित मार्गदर्शन का अभाव एवं टेलीवीजन के द्वारा सेक्स और हिंसा का ग्लैमराइजेशन किया जाना आदि हैं। जिसके कारण उत्पन्न अमीरी-गरीबी की बढती खाई, बेरोजगारी, सामाजिक रिश्तों का अभाव, पारिवारिक विघटन, उपभोगवादी संस्कृति का प्रसार, टूटते सामाजिक-राजनैतिक मूल्यों ने इन युवाओं के भीतर निराशा पैदा कर दी है। आज हमारे देश में उचित मार्गदर्शन के अभाव में भारतीय युवा पीढी दिग्भ्रमित है और कुप्रवृत्तियों की पगडंडियो में भटककर अपराध और आतंकवाद पर चल रही है। कश्मीर में जारी आतंकवादी गतिविधियों तथा देश के कोने-कोने में पैर पसारते नक्सलवाद में गुमराह युवा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अतिरिक्त देश की बढती जनसंख्या ने भी युवा वर्ग को दिशा से भटकने के लिए मजबूर कर दिया है।

शिक्षा में सामाजिक व नैतिक मूल्यों के अभाव ने युवाओं को नैतिक मूल्यों के सरेआम उल्लंघन की ओर अग्रसर किया है। मसलन मादक द्रव्यों व धूमपान की आदतें, यौन शुचिता का अभाव आदि ने विद्यालयों को विद्यास्थल के बजाए राजनीतिक अखाड़ा, असामाजिक व अनैतिक कार्यौ की जन्मस्थली बना दिया है। दुर्भाग्यवश आज के गुरूजन भी प्रभावी रूप में सामाजिक व नैतिक मूल्यों को स्थापित करने में असफल रहे। युवाओं के समक्ष





एक अन्य चुनौती उचित मार्गदर्शन का अभाव है। आदर्श नेतृत्व ही युवाओं को सही दिशा दिखा सकता है, पर जब नेतृत्व ही भ्रष्ट हो तो युवाओं का क्या? किसी दौर में युवाओं के आदर्श गांधी, नेहरू, विवेकानन्द, आजाद, सुभाष जैसे लोग या उनके आसपास के सफल व्यक्ति, वैज्ञानिक और शिक्षक रहे। पर आज के युवाओं के आदर्श वही हैं जो शार्टकट के माध्यम से ऊँचाइयों पर पहुॅच जाते हैं। फिल्मी अभिनेता, अभिनेत्रियां, विश्वसुन्दरियां, भ्रष्ट अधिकारी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ और अपराध जगत के डान आदि उनके आदर्श बन गए हैं। फलस्वरूप अपनी संस्कृति के प्रतिमानो और उद्यमशीलता को भूलकर रातोरात ग्लैमर की चकाचैंध में वे शीर्ष पर पहुॅचना चाहते हैं। पर वे यह भूल जाते हैं कि जिस प्रकार एक हाथ से ताली नहीं बज सकती, उसी प्रकार बिना उद्यम के ठोस कार्य भी नहीं हो सकता।

### स्वामी विवेकानंद के विचार

राष्ट्रीय युवा नीति का लक्ष्य युवाओं की पूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और उसके जरिए देश को राष्ट्रों के बीच सही जगह हासिल करने में समर्थ बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति में पांच भली-भांति परिभाषित उदेश्यों और प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों की पहचान की गई है। इसमें प्रत्येक प्राथमिक क्षेत्र में नीति के लिए भी सुझाव दिया गया है। प्राथमिक क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्द्धन, समुदाय से जोड़ना, रानीति एवं शासन में भागीदारी, युवाओं को संलग्न करना, समावेश और सामाजिक न्याय शामिल हैं। यह नीति 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के सभी युवाओं की जरूरतें पूरी करेगी जो 2011 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का 27.5 प्रतिशत हैं।

### राष्ट्रीय युवा नीति

राष्ट्रीय युवा नीति का लक्ष्य युवाओं की पूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और उसके जरिए देश को राष्ट्रों के बीच सही जगह हासिल करने में समर्थ बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति में पांच भली-भांति परिभाषित उद्देश्यों और प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों की पहचान की गई है। इसमें प्रत्येक प्राथमिक क्षेत्र में नीति के लिए भी सुझाव दिया गया है। प्राथमिक क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्द्धन, समुदाय से जोड़ना, रानीति एवं शासन में भागीदारी, युवाओं को संलग्न करना, समावेश और सामाजिक न्याय शामिल हैं। यह नीति 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के सभी युवाओं की जरूरतें पूरी करेगी जो 2011 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का 27.5 प्रतिशत हैं। युवा वर्ग देश का भविष्य होने के साथ-साथ हमारे देश के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में युवाओं संख्या सर्वाधिक है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 वर्ष से कम है। सरकार का पूरा ध्यान युवाओं के माध्यम से विकास लाने पर केंद्रित है।

## खबर मन्त्र के 10 साल

## हमारा उदेश्य ज्ञान से युक्त समाज, सुरक्षित और मेघा संपन्न भी

**खबर मन्त्र** हिंदी दैनिक के रांची के चिरौंदी स्थित मुख्य कार्यालय के प्रवेश द्धारा पर स्वामी विवेकानंद की तस्वीर हमारे संस्थापक संपादक डॉ अभय कुमार सिंह ने लगवाई थी। वे विवेकानंद के विचार से प्रभावित थे। उठो, जागो और जब तक मत रुकों तब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हों। आप भगवान में जब तक विश्वास नहीं कर सकते जब तक कि आप खुद में विश्वास नहीं करते। जब एक विचार यदि मन में आये तो ये वास्तविक शारीरिक या मानसिक स्थिति में तब्दील हो जाता है। युवाओं के बीच काम करना सबसे अच्छा हैं जिनमें तुम्हारी आशाएं रहती हैं : धैर्य, व्यवस्थित रुप से और बिना शोर के।

### स्वामी जी के विचार

उन्नति की जरुरत है।पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता हैं ये अमोघ सत्य हैं। एक नायक बनो और सदैव कहो मुझे कोई डर नहीं है। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगें। मेरी भविष्य की आशाएँ युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो न कि लहरों की तरफ। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। धर्म आदमी में पहले से ही देवत्व की अभिव्यक्ति है। धन पाने के लिये कड़ा संघर्ष करों पर उससे लगाव मत करो **जो गरीबों में, कमजोरों में और बिमारियों में शिव को देखता हैं, वो सच में शिव की पूजा करता हैं। प्रत्येक आत्मा संभावित परमात्मा है।**

दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो... नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओंगे। मेरा विश्वास युवा पीढी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जायेगें। काम, काम, काम बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिये।**खबर मन्त्र अपने समाजिक सरोकार, राष्ट्र निमार्ण और सदैव सच के साथ खड़ें होने को प्रतिबद्ध है। एक बड़ें आधारभूत संरचना के साथ हमारे नियमित प्रकाशन के पीछे हैं वर्तमान प्रबंधन का संकल्प शक्ति और स्वर्गीय अभय कुमार सिंह की दूरदर्शिता।**







स्पीड न्यूज

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत व एक गंभीर

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएम हाई स्कूल के समीप गुरुवार शाम करीब छह बजे दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई व एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग नगर झुमरीतिलैया निवासी 24 वर्षीय अशोक कुमार पुप्ता उर्फ ष्णा पिता सरजू साव व 22 रौशन कुमार पिता जगदीश प्रसाद मोटरसाइकिल से डोमचांच की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद राहगीरों के द्वारा उक्त दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान अशोक कुमार गुप्ता की मौत हो गई। वहीं घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## वज्रपात से दो की मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत खांडी में वज्रपात से एक बच्चा व एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी निवासी 44 वर्षीय जोवल यादव पिता बिहारी यादव खेत में काम कर रहे थे, इसी दौरान वज्रपात के चपेट में आये गये। वहीं खाड़ी निवासी तीन वर्षीय बच्चा कारू रविदास पिता विदेशी रविदास अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी क्रम में वो भी वज्रपात के चपेट में आ गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उक्त दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ कुमार सौरभ के द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

## चोरी करते युवक पिकअप वैन सहित गिरफ्तार

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सतडीहा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत योगियाटिल्हा में बन रहे इंटक वेल से सामान चोरी करते हुए एक युवक को पिकअप वैन के साथ पकडा गया। इस संबंध में साइड इंचार्ज दीपेश राणा चुटियारो ने थाना में एक आवेदन देकर कहा है कि पांच जुलाई की रात दस बजे वे डंडाडीह साइड से वापस लौट रहे थे, इसी क्रम में योगियाटिल्हा स्थित निर्माणाधीन इंटक वेल के पास देखा कि दस लोग साइड पर से पलाई व रड के टुकडों को पिकअप वैन संख्या जेएच02एडी/3067 पर लोड कर रहे है, उसे देखकर लोग भागने लगे जबकि उसने दौडकर एक युवक योगियाटिल्हा निवासी दशरथ दास पिता बबून दास को पकड लिया गया। इसके बाद जयनगर थाना को सूचना दी गयी। वहीं रात लगभग एक बजे पुलिस ने पहुंचकर दशरथ दास को हिरासत में लिया और पिकअप वैन को भी जब्त कर थाना में संख्या 139/23 के तहत मामला दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया गया।

## अवैध ढिबरा लदा 407 सात वाहन जब्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** कोडरमा पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान के नेतृत्व बीती रात अवैध ढिबरा लदा एक 407 वाहन को जब्त किया गया। वहीं मौके से चालक बीरबल यादव ढाब निवासी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक चार सौ सात वाहन अवैध ढिबरा लोड कर पडरिया से जोड़ा सीमर डम्पिंग करने जा रहा था। त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को पकड़ा।

## वर्षो से खराब पड़ा है तमाड़ बस स्टैंड का हाई मास्ट लाइट

**तमाड़।** प्रखंड के तमाड़ बस पड़ाव चौक पर लगाये गये हाई मास्ट लाइट कई वर्षो से बंद पड़ा है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया की तमाड़ का मुख्य चौक होने के कारण देर शाम तक ग्राहकों की दुकानों में भीड़ लगने लगती है। शाम होते ही पूरे बस पड़ाव चौक में अंधेरा पसर जाता है। दुकानदारों राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को रात में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खूंटी-तमाड़ पथ होने के कारण अत्यधिक वाहन आवागमन सें हादसे का खतरा बना रहता है। चौक के समीप ही घुमावदार मोड़ भी है। हाई मास्ट लाइट खराब होने के कारण शाम होते ही दुर्घटना की स्तिथि बनी रहती है। चौक के समीप घुमावदार मोड़ में दर्जनों बार हादसा हो चुका है, फिर इसपर ध्यान नहीं है।

# देश को गोल्ड दिलानेवाली असुंता गुमला उपायुक्त से लगायी मदद की गुहार

## तंगी : मलेशिया जाने के लिए नहीं जुटा पा रही है 66,000 रुपये

- उपायुक्त ने मलेशिया जाने के लिए पूर्ण सहायता का दिया आश्वासन
- नेपाल में आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारत को दिलाया है गोल्ड मेडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नेपाल में आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने वाली दिव्यांग खिलाड़ी असुंता टोप्पो मलेशिया जाने के लिए गुरुवार को उपायुक्त सुशांत गौरव से मदद की गुहार लगायी। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण 27 से 31 जुलाई तक मलेशिया में होने वाले पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में सेलेक्शन के बाद भी असुंता जाने में असमर्थ है। असुंता ने बताया कि उसका सेलेक्शन मलेशिया में हो रहे पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता खेलने के लिए हुआ है मगर मलेशिया खेलने जाने को रजिस्ट्रेशन कराने में 66 हजार का खर्च आ रहा है। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के कारण वह 66 हजार रजिस्ट्रेशन के लिए देने में असमर्थ है।

### रजिस्ट्रेशन चार्ज देखने के बाद मर गया जुनून

असुंता बताती है कि रजिस्ट्रेशन चार्ज देखने के बाद उसने अपनी खेल के प्रति जुनून को अपने अंदर ही दबा दिया। बताया कि सरकारसे खेलने जाने के लिए फंड नहीं मिलता। जितने भी खिलाड़ी खेलने जाते हैं उन्हें अपने पैसे से खेल का खर्च उठाना पड़ता है। पैसे की कमी से निराश असुंता उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या रखी। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि मलेशिया जाने में आर्थिक तंगी रोड़ा नहीं बनेगी। जिला प्रशासन पूरी व्यवस्था करेगी। उपायुक्त के आश्वासन के बाद खिलाड़ी के चेहरे की मायूसी खत्म हुई। इस बात से असुंता के सपनों को उड़ान मिलने की उम्मीद जगी। साथ ही असुंता ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मदद की गुहार लगायी है।

असुंता ने कहा कि प्रशासनिक तौर पर मदद मिलने से वह और बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश के लिए मेडल जितेगी।

# नल जल योजना में बरती जा रही है अनियमितता : ममता

## मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव पेयजल मंत्री, डीसी और डीडीसी को लिखा पत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने हंटरगंज प्रखंड के ग्राम कोबना, गोखना, केदली कोबनी के अतिरिक्त कई गांव का भ्रमण किया। ग्रामीणों की सूचना पर सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याण कारी नल जल योजना का निरीक्षण भी किया। स्थल निरीक्षण के क्रम में ग्राम कोबनी में लगाए जा रहे जल मीनार लगने से पहले ही धारासई हो गया।इस पर श्री कुमारी ने काफी नाराजगी जताते हुए एजेंसी के ठेकेदार और पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला को मोबाईल पर इसकी जानकारी दी तो कार्यपालक अभियंता ने श्रीमती कुमारी के प्रश्नों का उत्तर बहुत ही सहजता से देते हुए कहा की अगर इस तरह का कहीं और भी मामला है तो जानकारी दें। इस उत्तर पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए स्थानीय डीसी के नाम एक पत्र प्रेषित कर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।पत्र की कॉपी झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव,पेय जल मंत्री और डीडीसी को भी प्रेषित किया गया है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि जिला परिषद अध्यक्षा होने एवं जन प्रतिनिधि होने के नाते नल जल योजना का कार्य स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण में ग्राम कोबनी में नल जल योजना का जलमीनार गिर गया है। अन्य स्थानों पर भी इस तरह की सूचना प्राप्त हुई है। संबंधित संवेदक से पूछने पर बोला गया कि कार्य में गलती हुई है इसे सुधार कर लिया जायेगा। कार्यपालक अभियंता को मोबाईल के माध्यम से जानकारी दी गयी तो कार्यपालक अभियंता द्वारा भी यही दोहराया गया कि कार्य में कुछ गलती हूई है इसे जल्द सुधार करा लिया जायेगा।

### कार्यपालक अभियंता का उत्तर अशोभनीय

कार्यपालक अभियंता का इस तरह के उत्तर अध्यक्षा के लिए अशोभनीय और और अमर्यादित है। इस से काफी आहत पहुंचा है। जबकि नल जल योजना सरकार की बहूत ही महत्वकांक्षी योजना है। सरकार चाहती है कि हर घर स्वच्छ जल पहुंचाया जाए। परन्तु कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमण्डल चतरा का यह कृत नल जल योजना में घोर अनियमतता को दशार्ता है। नल जल योजना की जांच करते हुए संबंधित पर उचित कार्रवाई की जाय, ताकि सरकार की योजना को धरातल पर उतारा जा सके एवं सभी को स्वच्छ जल मिल सके।

# पान की गुमटी से 4 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद, दुकानदार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत मुख्य चौक में संचालित बाबा पान दुकान में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। की संजय पांडेय पिता स्व डेगन पांडेय ग्राम पोस्ट थाना गिद्धौर (पांडेय टोला) निवासी चौक स्थित पान की दुकान गुमटी में अवैध रूप से ब्राउन शुगर का कारोबार करता है। जिसे लेकर थाना दैनिकी सन्हा संख्या 11/23 के अनुसार बुधवार को गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव वं अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक के नेतृत्व टीम गठित किया गया। और मुख्य चौक पर छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान पान की दुकान से लगभग 14 ग्राम ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ को बरामद किया गया। जबकि पान की दुकान से लगभग 38690रुपया नगद भी बरामद किया गया है। पुलिस ने पान दुकान के संचालक संजय कुमार पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है।और गिद्धौर थाना कांड संख्या 49/23 के तहत मामला दर्ज कर धारा 21,22, 27,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नॉलेश मैजिशियन ने दिखाया जादू



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नॉलेश मैजिशियन (गया) द्वारा पहली से पांचवी कक्षा तक के छात्रों को ज्ञानवर्धक और जादुई करतब दिखाकर भरपूर मनोरंजन किया गया। इस रोमांचक खेल में छात्र-छात्राओं ने भी जादू की गतिविधियों में प्रतिभाग लिया और इसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी समझने का प्रयास किया। वाज्ञानिक ढंग से अपनी जादुई छड़ी द्वारा कई जादू जैसे कागज से फूल बना देना, किसी भी मनुष्य की हाथ की शक्ति कम कर देना, गुब्बारे को फूल में बदल देना दिखाए। जादूगर का प्रयास रहा कि विभिन्न गतिविधियों से बच्चों को सामाजिक दर्शन से अवगत कराएं। जादूगर ने बड़े ही रोचक अंदाज में जादू का जौहर दिखाया। उन्होंने बताया कि यह कहने में सिर्फ जादू है लेकिन हाथ साफ करने की यह अनूठी कला है।

# गुमला : अज्ञात बीमारी की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत, चचेरी बहन भी बेहोश

- अर्थी उठते ही चचेरी बहन भी बेहोश होकर गिरी
- सांस लेने में दिक्कत होने पर सुंगती अस्पताल में भर्ती
- छुट्टी लेकर घर जाने के बाद मां-बेटी घर में गिरे पड़े थे अचेत अवस्था में
- गुमला में इलाज के लिए पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया मृत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अज्ञात बीमारी की चपेट में आने से सदर अस्पताल गुमला में इलाज के दौरान घाघरा थाना क्षेत्र के गुटवा परसा टोली गांव निवासी मां 65 वर्षीय रोपनी देवी व 19 वर्षीय बेटी सुंगती कुमारी की मौत बुधवार की रात इलाज के क्रम में हो गयी थी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। अभी उनके आंसु रुके भी नहीं थी की मृतका सुंगती कुमारी की चेचेरी बहन जानकी कुमारी भी घर पर अचेत होकर गिर गई और उसे भी इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, घर से मां बेटी की अर्थी उठी ही थी कि मृतका की चेचेरी बहन जानकी भी अचेत होकर गिर पड़ी। परिजन तत्काल उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करायें हैं। जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है।

### सांस लेने में तकलीफ

दो दिन पूर्व घाघरा थाना क्षेत्र के गुट्वा परसा टोली की सुंगती कुमारी (19) को सांस लेने में तकलीफ होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां स्थिति में सुधार होने के बाद छुट्टी दे दी गयी। बुधवार की शाम अचानक सुंगती के साथ उसकी मां रोपनी देवी अपने घर पर अचेत गिरी पड़ी थी। परिजन तत्काल दोनों को घाघरा अस्पताल पहुंचाया में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला रेफर कर दिया। सदर अस्पताल गुमला लाने पर डॉक्टरों ने जांच किया और दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## वज्रपात में एक व्यक्ति की मौत, महिला घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के टरहे गांव निवासी लगभग 55 वर्षीय राम परत महतो की मौत गुरुवार को वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली से हो गई। जानकारी के अनुसार वे टड़हे बांकी नदी पार कुसुमिया दामर गांव में पशु चरा रहे थे, इसी दौरान वज्रपात हुई, जिससे घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों ने शव को घर लाया। पोस्टमार्टम कराने के लिए इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी रामजी राम की पत्नी सह वार्ड नंबर तीन के वार्ड सदस्या मालती देवी उम्र लगभग 56 साल वज्रपात के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घायल मालती देवी के पुत्र दीपक कुमार ने बताया कि उसकी मां अपनी खेत में मक्का का बोआई कर रही थी, इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## एक नजर में

### बेड़ो में सदान विकास परिषद की बैठक में चर्चा



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय के परिसर में बुधवार को सदान विकास परिषद की बैठक क्षितिज कुमार राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सदानों के हितों को लेकर गहन विचार विमर्श किया। वहीं आगामी 9 जुलाई को महादानी मैदान स्थित रंगमंच में झंडा लगाओ अभियान व सदान विकास परिषद का गठन किया जाएगा। ज्ञात हो कि सदानों की हक व पहचान का प्रतीक को लेकर पूरे राज्य के सदान के हर घर में सदानी झंडा लगाया जा रहा है। सदानी समुदाय में आने वाले हिंदू व मुसलमानो के घरों में बड़ी श्रद्धा के साथ यह झंडा लगाया जा रहा है। मूलवासी की आस्था और पहचान का प्रतीक सदानी झंडा लगाओ का कार्यक्रम बेड़ो में होगा। बैठक में धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, रशीद मीर, रंजन गुप्ता, सरुल खन्ना, विनोद सिंह, मो सगीर, अताबुल खान, महेंद्र गोप, प्रदीप सिंह प्रदीप नायक, ओकील खान, बसंती देवी, नारायण सहित कई लोग मौजूद थे।

### 200 जरूरतमंदों को मिली खाद्य सामग्री



**अनगड़ा।** अनगड़ा के गेतलसूद में आज जनसंघ के संथापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 123 वीं जयंती के अवसर पर 200 जरूरत मंदों के बीच खाद्य सामग्री व जरूरत के सामानों का पैकेट वितरण किया जिसमें मुख्य रूप से डॉ प्रदीप वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो सांसद प्रतिनिधि कामेस्वर महतो मुखिया शांति मुंडा उपमुखिया शंकर बैठा वार्ड सदस्य ममता देवी गौरीशंकर मुंडा इत्यादि उपस्थित थे।

### समस्याओं को लेकर खलारी प्रखंड कार्यालय में सर्वदलीय बैठक



**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागर में कांके विधायक समरीलाल के कार्यालय में एक सर्वदलीय बैठक किया गया। बैठक में सभी दल एवं प्रतिनिधि तथा खलारी की आम जनता उपस्थित रहे।बैठक में कुछ दिन पहले ही स्कूल बस दुर्घटना में छात्रों को चोट लगी थी। जोकि क्षेत्र के लिए बहुत गंभीर समस्या है। स्कूल बस एनके एरिया क्षेत्र में देखा जाता है कि सीसीएल के द्वारा जो बस भेजा जाता है वह बहुत ही जर्जर अवस्था में है। बसों का किसी भी प्रकार का कागजात दुरुस्त नहीं है। सर्वसम्मति बैठक में एक निर्णय लिया गया कि सीसीएल के द्वारा सभी बसों को बदला जाएए कागजात सहित दुरुस्त किया जाए। दुर्घटना में बच्चे को चोट लगा है उन सभी बच्चों को बेहतर इलाज कराया जाए। इन सभी बातों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया जाएगा तो खलारी की जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। वही रीजनल अस्पताल डकरा में डॉक्टर एवं चिकित्सा सुविधा समुचित रूप से रखा जाएए क्योकि डकरा हॉस्पिटल में चिकित्सा के नाम पर खानापूर्ति किया जाता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंहए जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान रामसूरत यादव रतिया गंझू राजकुमार गंझू राजेश प्रसाद संजीत तुरी अनिल तुरी दिलीप पासवान निरंजन सिंह नागेंद्र सिंह नितेश सिंह प्रेम साहू रामप्रीत यादव मौजूद थे।

# तीन माह से नहीं मिला राशन कार्डधारियों ने किया हंगामा



धरना पर बैठे राशन कार्डधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर गुरुवार को खाला गांव के सैकड़ों राशन कार्डधारियों ने डीलर खुशबू महिला मंडल समूह के द्वारा तीन माह का राशन गबन करने के आरोप में हंगामा करते हुए धरना पर बैठ गए। कार्डधारियों ने बताया कि हम लोगों ने 22 दिन पूर्व धुरकी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह को लिखित शिकायत आवेदन देकर डीलर के बिचौलिए द्वारा राशन गबन करने व राशन कार्डधारियों से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। लाभुको का कहना था कि जब तक डीलर को बर्खास्त नहीं किया जाता है तब तक हमलोग धरने पर बैठे रहेंगे। राशन कार्डधारियों ने पुनः प्रखंड प्रमुख शांति देवी और प्रखंड कार्यालय का आवेदन फैयाज खान को सौंपा। मौके पर हकीक अंसारी, इस्माइल अंसारी सहित काफी संख्या में कार्डधारी उपस्थित थे।

# थाना का अधिकारी बता दुकानदार को ठगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** साइबर अपराी ने अपने आप को भवनाथपुर थाना का अधिकारी बता गुरुवार सुबह कर्पूरी चौक के समीप स्थित मुर्गा दुकानदार अफजल अंसारी को ठगी का शिकार बनाया। इस दौरान अफजल अंसारी से उसने अपने फोन पे खाते में 4600 रुपये का ट्रांजेक्शन करा लिया। ठगी का शिकार होने पर उसने स्थानीय थाना पहुंचा, जहां उसे निराशा ही हाथ लगी। घटना के बारे में जानकारी देते हुए भुक्तभोगी मुर्गा दुकानकर अफजल ने बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब मोबाइल संख्या 9262227439 से उसके फोन नम्बर- 7061608802 पर कल आया। कल करने वाला ने अपने आप को भवनाथपुर थाना के अधिकारी बताते हुए कहा कि मुर्गा दुकानदार अफजल अंसारी बोल रहे हो न आज थाना में पार्टी है, ऐसा करो तुम 30 किलो मुर्गा काटकर थाना में भेज दो, जब मैं कहा कि सर किसी को भेज दीजिये सामने रहकर मुर्गा तौलवा लेंगे। इस पर उसने कहा कि हर बार तुम्हारे ही दुकान से मुर्गा आता है, तुम पर विश्वास है, इसके बाद उसने 9707345107 नंबर से वीडियो कल किया जिसमे पुलिस की वर्दी पहने आिकारी ने कहा कि अपना फोन पे नंबर दो उस पर पैसा भेज दे रहे है। फिर उसने किरण देवी के नाम फोन पे नंबर 97073451606 से 10 रूपये भेज कर कहा कि उस पर क्लिक करो पैसा खाते में चला जायेगा। जब 10 रूपये पर क्लिक किया तो पैसा मेरे फोन पे खाता में आ गया। तब उसने कहा कि चेक करो फोन पे में 30 किलो मुर्गा का दाम 3600 रूपये सेंड किये है, फिर उसी तरह उस पर क्लिक करो पैसा खाते में चला जायेगा, जब मैं उस पर क्लिक किया तो एकाएक मेरे फोन पे खाते से 3600 रूपये कट गये, और कुछ देर के बाद फिर 1000 रूपये कट गया। इसके बाद मैं अविलंब अपना सारा पैसा दूसरे खाते में ट्रांसफर कर बड़ी क्षति होने से बचा लिया। भुक्तभोगी ने बताया कि कभी कभी मेरे दुकान से ही थाना में मुर्गा जाता है, इसलिए उसने सोचा कि शायद थाना में कोई प्रोग्राम होगा। वीडियो कल के दौरान पुलिस की वर्दी पहने व्यक्ति को देख लगा कि थाना के ही कोई अधिकारी होंगे इसलिए फोन पे करने के दौरान मुझे शक नही हुआ, और मैं साईबर ठगी का शिकार हो गया।



अफजल अंसारी

# राजन सिंह राजा ने भाजपा नेता प्रताप यादव पर दर्ज कराया केस

## रंगदारी मांगने का आरोप

**राजेश प्रसाद**

**खलारी।** राजन सिंह राजा कांग्रेस नेता सह इंटक युनियन के प्रदेश सचिव व श्रावणी मेला के समिति के संरक्षक उन्होंने खलारी थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक वर्ष सावन के महिने में श्रावणी मेला सह मीना बाजार का आयोजन पिछले 35 वर्षो से सफलता पुर्वक कराया जाता है। पिछले वर्ष से रौशन लाल पिता स्व. जगदीश राम धौड़ा-बुकबुका, छोटू राम उर्फ सूरेंद्र राम पिता अम्बिका राम नया धौड़ा बुकबुका, प्रताप यादव पिता स्व. धर्मजीत यादव चतरा धौड़ा केडी ओल्ड साईडिंग रोड, संजित सिंह पिता स्व. सोबरन सिंह ग्राम जेहली टांड़, छलटापुल खलारी, अन्य लड़कों के साथ अपराधिक गिरोह बनाकर श्रावणी मेला लगाने देते के एवज में रंगदारी देने की मांग कर रहे हैं, नहीं देते पर गंभीर परिणाम एवं जान माल की क्षति पहुंचाने की धमकी दे रहे है।

### प्रताप यादव को बताया प्रोफेशनल क्रिमिनल

श्रीमान को बताना चाहूंगा कि प्रताप यादव और छोटू राम प्रोफेशनल क्रिमिनल हैं और हत्या, अपहरण, फिरौती वसूली सहित उग्रवादी घटनाओं में लिप्त रहने के कारण कई दफा जेल भी जा चुके है। 2020 में प्रताप यादव को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के साथ साठ गाँठ रखने के आरोप में पिपरवार थाना के द्वारा गिरफतार किया गया था और चतरा जेल भेजा गया था। मेरे आवास के अंदर आते ही रौशन लाल मुझे धमकाते हुए कहा कि पैसा के बारे में खबर भेजे थे, तुम अभी तक न ही पैसा भेजे और न ही जवाब दिया, हमारे गिरोह को अगर तीन लाख रूपया नहीं दोगे तो मेला नहीं लगाने देंगे और तुमको बर्बाद कर देंगे। मेरे सहयोगियों में पवन राज सिंह, शुभम सिंह एवं मिठू सिंह द्वारा बीच बचाव करने पर ये सभी लोग गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी एवं जान-माल की क्षति पहुँचाने की धमकी देते हुए अपने-अपने वाहनों पर सवार होकर चले गए। इस मामलें में खलारी थाना ने कांड संख्या 39/23 दर्ज करते हुए धारा 384/ 385/ 452/ 506/ 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मेला लगाने के एवज में रोशन लाल ने मांगी थी रंगदारी

पिछले वर्ष इन लोगों के भय से मैंने रौशन लाल को 15000 रुपये एकाउंट में एवं 5000 रुपया नकद दे चुका हूं, परंतु इस वर्ष मेला लगाने से पहले ही नए-नए लोगों से संवाद भेजा जा रहा है कि मेला लगाने के एवज में रौशन लाल और उसके अपराधिक गिरोह को 3,00,000 (तीन लाख रुपया) रंगदारी स्वरूप दिया जाए, अन्यथा अंजाम भुगतने को तैयार रहो, जब मैंने इन लोगों के संवाद का कोई जवाब नहीं दिया तो दिनांक सात जून बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे मैं अपने 3-4 सहयोगियों के साथ अपने शहीद चौक स्थित आवासीय परिसर में बैठकर बातचीत कर रहा था तभी अचानक रौशन लाल अपने गुर्गों प्रताप यादव, संजीत सिंह और छोटू राम के साथ मेरे घर पर आ गया। घर के अंदर सिर्फ रौशन लाल आया। उसके बाकी साथी मेरे बाउंड्री के बाहर ही खड़े रहे, मुझे अंदेशा है कि वे सभी लोग घातक हथियार से लैस थे।

# सैफ चैंपियनशिप में दुनिया ने देखे भारतीय फुटबॉलरों के तेवर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सैफ चैंपियनशिप 2023 के दौरान भारतीय दर्शकों को फुटबॉल टीम के बदले हुए तेवर देखने को मिले। चैम्पियनशिप का पहला ही मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ था जिसमें एक फैसले को लेकर भारतीय कोच अधिकारियों से उलझ गये। फिर कुवैत के खिलाफ लीग मुकाबला आया जिसमें दोनों टीमों के 3 खिलाड़ियों को मैच में हाथापाई करने पर रैड कार्ड जारी हो गये। यकीनन यह फुटबॉल देखने आये हजारों दर्शकों के कारण था जिसके कारण भारतीय प्लेयर पूरे जोश में नजर आये। चैंपियनशिप के फाइनल को देखने के लिए 20 हजार से ज्यादा दर्शक मैदान पर पहुंचे थे। भारतीय क्रिकेट टीम की आइसीसी टूनामैंट्स में लगातार असफलताओं को देखते हुए फैंस भी अब अन्य खेलों का रुख कर रहे हैं। इसमें भारतीय फुटबॉल लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान खींच रहा है।



### भारतीय कोच रहे सबसे आगे

भारतीय कोच इगोर स्टिमैक ने पूरी चैंपियनशिप में खासे एग्रैशन दिखाए। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में बाधा डालने के लिए पहले उन्हें पीला कार्ड मिला था लेकिन अधिकारियों के पास जाने के कारण यह रैड कार्ड में बदल गया। नेपाल के खिलाफ मैच में डगआऊट में नजर नहीं आए। टीम इंडिया जब कुवैत के खिलाफ फाइनल खेल रही थी तब भी स्टिमक टीम के साथ नहीं थे। कप्तान छेत्री ने बिना कोच के ही टीम को लीड किया और चैम्पियनशिप जीतकर विरोधियों को करारा जवाब दिया।

### 3 प्लेयरों को मिला रैड कार्ड

इससे पहले-भारत-कुवैत के खिलाड़ी लीग मुकाबले में भी आमने-सामने हो गये थे। पहले हाफ में आकाश मिश्रा की भिड़ंत कुवैत के खिलाड़ी से हो गई। रैफरी ने मामला शांत करवा दिया। लेकिन दूसरे हाफ में भी दोनों खिलाड़ी भिड़ते हुये नजर आये। कुवैत के हमाद अलकल्लाफ ने भारत के सहल समद को धक्का देकर गिराया तो मामला और बढ़ गया। इसके बाद भारत के रहीम अली ने अलकल्लाफ को धक्का दे दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गये। रहीम और अलकल्लाफ को रैड कार्ड दिखाया गया।

### जैकसन ने खड़ा किया नया विवाद

फाइनल मुकाबले के बाद भारतीय फुटबॉलर जैक्सन सिंह मेइती ध्वज ओढ़कर नया विवाद खड़ा कर गए। दरअसल, मणिपुर में मेईती और कुकी समुदाय में जातीय झड़पें चल रही हैं जिसमें सैकड़ों लोग मर चुके हैं। ऐसे में जैक्सन द्वारा मेइती ध्वज को ओढ़कर आगे आना विवाद को और भड़का गया। हालांकि जैक्सन का बाद में बयान आया कि उन्होंने यह ध्वज सिर्फ इसलिए पहना क्योंकि वह सरकार और अन्य लोगों का मणिपुर के प्रति ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। झड़पों को 2 महीने हो गये हैं। मुझे नहीं पाता कि मणिपुर में आगे क्या होगा।

### टीम इंडिया को किया ट्रोल

क्रिकेट के अलावा भारत के अन्य खेल तेजी से पॉपुलर हो रहे हैं। बीते दिनों ही भारत ने एशियन कबड्डी चैंपियनशिप जीती थी और अब फुटबॉल टीम ने सैफ चैंपियनशिप जीतकर अपनी ताकत का लोहा मनवा लिया। क्षेत्रीय खेलों की सफलता देखकर फैंस ने भारतीय क्रिकेट टीम को जमकर ट्रोल किया। भारत ने बीते महीने ही ऑस्ट्रेलिया से डब्ल्यू.टी.सी. फाइनल गंवा दिया था। क्रिकेट टीम करीब एक दशक से आई.सी.सी. टूनामैंट में संघर्ष कर ही है ऐसे में फैंस ने खिलाड़ियों के साथ बी.सी.सी.आई. को भी जमकर ट्रोल किया।

### सुनील छेत्री की उपलब्धि

38 साल के सुनील छेत्री को सैफ चैंपियनशिप में गोल्डन बूट और बॉल का अवॉर्ड मिला। उम्मीद थी कि वह फुटबॉल से रिटायर हो सकते हैं लेकिन आई.सी.एल. में बेंगलुरु टीम ने उनके साथ करार बढ़ाकर सीधा संदेश दिया कि फुटबॉल अभी भी फैंस का ध्यान खींचने में सफल हो रहा है और यह अभी भी चैंपियन प्लेयरों पर भरोसा कर रहा है।

## भारतीय भारोत्तोलन टीम घोषित

**नयी दिल्ली।** दो बार के स्वर्ण पदक विजेता अजय सिंह 12 जुलाई से ग्रेटर नोएडा में शुरू होने वाली राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मेजबान भारत के अभियान की अगुवाई करेंगे। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। भारत दूसरी बार इस टूनामेंट की मेजबानी कर रहा है, जबकि 2015 में पुणे में इसका सफल आयोजन किया जा चुका है।

## सिंधू, सेन कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

**कैलगरी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन कनाडा ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जिन्होंने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के इस सुपर 500 टूनामेंट में सीधे गेम में जीत दर्ज की। चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू ने कनाडा की टालिया एनजी को 21.16, 21.9 से हराया वहीं सेन ने दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत विदितसर्न को 21. 18,21.15 से मात दी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना अब जापान की नतसुकी निदाइरा से होगा जबकि सेन ब्राजील के वायगोर कोल्हो से खेलेंगे।

# मीराबाई 95 प्रतिशत फिट, पर अगले हफ्ते राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में नहीं खेलेंगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने बताया कि ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू डेढ़ महीने पहले लगी जांघ की चोट से 95 प्रतिशत उबर चुकी हैं लेकिन अगले हफ्ते भारतीय सरजमीं पर होने वाली राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पायेंगी। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई अभी अमरीका के सेंट लुईस में डॉक्टर होर्शिंग के मार्गदर्शन में 65 दिन के रिहैबिलिटेशन में हिस्सा ले रही हैं लेकिन वह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में शिरकत करेंगी। यादव ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया, मीराबाई को मामूली चोट लगी थी, वह इसके लिए सेंट लुईस में रिहैब में है। वह अभी 95 प्रतिशत फिट हैं और अच्छी ट्रेनिंग कर रही हैं।' उन्होंने कहा, करीब डेढ़ महीने पहले मीराबाई ने जांघ में परेशानी की शिकायत की थी। इसलिये हमने तुरंत ही उसे अमेरिका भेजने की तैयारी कर दी। मीराबाई पूर्व भारोत्तोलक से फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग' कोच बने होर्शिंग से 2020 से मार्गदर्शन ले रही हैं। महासंघ (आइडब्ल्यूएलएफ) 12 जुलाई से राष्ट्रमंडल सीनियर, जूनियर और युवा चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए तैयारी में जुटा है। फिर 28 जुलाई से इसी स्थल पर एशियाई युवा और जूनियर चैंपियनशिप भी खेली जायेगी। यादव ने कहा, हमें उसे (मीराबाइ) को पेरिस ओलंपिक तक चोटों से मुक्त रखना होगा। उसे 49 किग्रा में कट में जगह बनाने के लिए अपना वजन कम करना होगा। और बार बार ऐसा करना उसके लिए अच्छा नहीं होगा इसलिए वह राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेगी।' विश्व चैंपियनशिप चार सितंबर से रियाध में शुरू होगी और एशियाई खेल 20 से कम दिन बाद चीन के हांगजोऊ में 23 सितंबर से खेले जायेंगे। एशियाई खेल 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूनार्मेंट नहीं है और इस मणिपुरी खिलाड़ी की ट्राफियों में सिर्फ एशियाड पदक की कमी है। वहीं 2024 ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियम के अनुसार एक भारोत्तोलक का 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2024 विश्व कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इसलिए वह विश्व चैम्पियनशिप से नहीं हट सकती। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन जेरेमी लालरिनुगा को राष्ट्रीय शिविर से बाहर कर दिया गया क्योंकि इस भारोत्तोलक ने अपनी पीठ की चोट के रिहैबिलिटेशन के लिए अमेरिका जाने से इनकार कर दिया और साथ ही उन्होंने एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप के लिए ट्रायल्स में भी हिस्सा नहीं लिया। यादव ने कहा, ह्यजेरेमी जब चोटिल हुआ तो हमने उसे सेंट लुईस जाने के लिए कहा। हमने टॉप्स से भी बात की लेकिन उसने जाने से इनकार कर दिया।' उन्होंने कहा, वह प्रतिभाशाली खिलाड़ी है लेकिन उसने विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के लिए ट्रायल्स नहीं दिया। इसलिये हमने उसे शिविर से बाहर कर दिया। उसे वापसी करने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।' यादव ने साथ ही कहा, उसके कुछ अनुशासनात्मक मुद्दे भी रहे हैं।' उन्होंने कहा, ह्यसंकेत सरगर (राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता) भी चोटिल थे तो उन्हें भी शिविर से हटा दिया गया। उसका प्रदर्शन भी गिर रहा था। हाल के ट्रायल्स में जूनियर खिलाड़ियों ने उसे हरा दिया।'



# पुजारा व सूर्यकुमार के अर्धशतक से वेस्ट जोन का दबदबा, बनायी मजबूत बढ़त

एजेंसी

**अलुर।** अर्जन नागवासवाला (74/5) की अगुवाई में गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद सूर्यकुमार यादव (52) और चेतेश्वर पुजारा (50 नाबाद) के अर्द्धशतकों से पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को 241 रन की बढ़त बना ली। पहली पारी में 220 रन बनाने वाले पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र को मात्र 128 रन पर ऑलआउट कर दिया। नागवासवाला ने पांच विकेट चटकाये, जबकि अतीत सेठ ने तीन और चिंतन गज ने दो विकेट लिये। सूर्यकुमार और पुजारा के अर्द्धशतकों की बदौलत पश्चिम क्षेत्र ने दिन का खेल खत्म होने से पहले तीन विकेट के नुकसान पर 149 रन बना लिये। पश्चिम ने दिन की शुरूआत 216/8 के स्कोर से की और मध्य क्षेत्र ने बचे हुए दो विकेट लेने में ज्यादा समय व्यर्थ नहीं किया। शिवम मावी ने एक ही ओवर में नागवासवाला (छह) और युवराजसिंह डोडिया (शून्य) को आउट कर पश्चिम की बल्लेबाजी समाप्त की। नागवासवाला ने मध्य क्षेत्र की पारी की शुरूआत विवेक सिंह को पवेलियन लौटाकर की, जबकि चिंतन गज ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हिमांशू मंत्री को आउट किया। अमनदीप खरे (चार) 11 गेंद खेलने के बाद गज का शिकार हुए। विकेटों के पतन के बीच ध्रुव जुरेल और रिंकू सिंह ने मध्य क्षेत्र की पारी को संबल दिया। ध्रुव ने 55 गेंद पर सात चौकों की मदद से 46 रन बनाये, जबकि रिंकू ने 69 गेंद पर छह चौके लगाकर 48 रन की पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 42 रन की साझेदारी हुई जिसे नागवासवाला ने ध्रुव को आउट करके तोड़ा। रिंकू एक छोर पर खड़े रहे, हालांकि दूसरे छोर से विकेटों का पतन जारी रहा। नागवासवाला ने अपना स्पेल समाप्त होने से पहले उपेंद्र यादव और सारांश जैन को भी पवेलियन लौटाया, जबकि सेठ ने सौरभ कुमार, शिवम मावी और आवेश खान के रूप में तीन पुछल्ले बल्लेबाजों के विकेट लिये। अंततः, लंबे संघर्ष के बाद रिंकू भी नागवासवाला का शिकार हुए और मध्य क्षेत्र की पारी 128 रन पर सिमट गयी। पश्चिम क्षेत्र के बल्लेबाज दूसरी पारी में अधिक आक्रामकता के साथ पिच पर उतरे। पृथ्वी शॉ (26 गेंद, पांच चौके, 25 रन) और प्रियांक पांचाल (21 गेंद, तीन चौके, 15 रन) आक्रामक बल्लेबाजी की कोशिश में आउट हो गये, लेकिन पुजारा और सूर्यकुमार ने अपना-अपना अर्द्धशतक पूरा किया। सूर्यकुमार ने सौरभ कुमार (34/2) का शिकार होने से पहले 58 गेंद पर 52 रन बनाये, जबकि पुजारा 103 गेंद पर 50 रन बनाकर नाबाद रहे। सरफराज खान (छह नाबाद) पुजारा के साथ क्रीज पर मौजूद हैं।





## तमीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**चटगांव।** बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल ने एकदिवसीय विश्व कप 2023 से सिर्फ तीन महीने पहले गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। संन्यास की घोषणा करते हुए भावुक हुए तमीम ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह मेरे करियर का अंत है। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। मैं इसी क्षण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। कल अफगानिस्तान के खिलाफ मेरा आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था। यह अचानक लिया गया फैसला नहीं है, मैं कई कारणों के बारे में सोच रहा था। मैं यहां जिक्र नहीं करना चाहता। मैंने इस बारे में अपने परिवार वालों से बात की है। मैंने सोचा कि यह मेरे लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय है।

## विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने वाली आखिरी टीम बनी नीदरलैंड

**बुलावायो।** नीदरलैंड ने बास डी लीड (पांच विकेट, 123 रन) के उच्चस्तरीय हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत विश्व कप क्वालीफायर के सुपर-6 चरण में गुरुवार को स्कॉटलैंड को चार विकेट से मात देकर मुख्य टूनार्मेंट में जगह बना ली। स्कॉटलैंड ने जॉर्ज मंसी (106) के शतक की मदद से नीदरलैंड के सामने 50 ओवर में 278 रन का लक्ष्य रखा। नीदरलैंड को एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिये क्वालीफाई करने की खातिर यह लक्ष्य 44 ओवर में प्राप्त करना था। डी लीड ने शतक जड़कर नीदरलैंड को 42.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचाकर भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप 2023 में प्रवेश दिला दिया।

## डिफेंस में सुधार देखना चाहते हैं सहरावत

**बेल्लारी।** भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान पवन सहरावत ने सितंबर में चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों से पहले टीम के डिफेंस में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है। सहरावत ने इंस्पायर इंस्टिट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा, मुझे अब भी यकीन है कि हमें एक टीम के रूप में अपने रक्षण को सुधारने पर बहुत काम करना होगा। मैं एशियाई चैंपियनशिप के दौरान हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं था। एशियाई खेल अधिक चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। हमें आगामी शिविर के दौरान फिर से ध्यान केंद्रित करने और अधिकतम प्रयास करने की जरूरत है ताकि हम इस प्रतियोगिता में अपने विरोधियों पर हावी हो सकें।

## बंजरिया में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के भोला चौक के समीप चैलाहां जटवा मार्ग पर एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगो की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बालू लदे ट्रक की ठोकर से बाइक सवार तीनों की मौत हुई है। स्थानीय मुखिया आदिल राणा ने बताया तीनों मृतक पचरूखा मध्य पंचायत के गोबरी गांव के वार्ड न.2 निवासी है। मृतक शेख लड्डू (27) पुत्र शेख अकलू अपनी मां आस्मां खातून (60) और अपनी पत्नी शहीबुन खातून (24) बाइक से मोतिहारी में अपनी पत्नी का इलाज कराकर लौट रहा था, इसी बीच बालू लदे लापरवाह ट्रक चालक ने पीछे से ठोकर मारते हुए निकल गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे बंजरिया अंचल अधिकारी मणि कुमार वर्मा व बंजरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि शेख लड्डू की मौत घटनास्थल पर ही हो चुकी थी। जबकि अन्य दो घायल महिला की मौत अस्पताल पहुंचाने के दौरान हो गई।

## गया : बौद्ध श्रद्धालुओं ने धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिवस केक काटकर मनाया

**गया।** धर्मगुरु दलाई लामा का 88वां जन्मदिवस बोधगया के तिब्बती मिनिस्ट्री में मनाया गया। दलाईलामा की लंबी उम्र की कामना को लेकर पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे विशेष-पूजा अर्चना की गई। वहीं स्थानीय स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति की गई। दलाई लामा के जन्मदिन को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

## बेतिया में युवती की हत्या में प्रेमी गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के गोपालपुर स्थित महछी नैन गांव में 28 जून की संध्या नाबालिग युवती की गलाघोट हत्या करने के मामले में नामजद मुख्य आरोपी रामप्रवेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ माहताब आलम ने बताया कि रामप्रवेश गिरफ्तारी के डर से जगदीशपुर के जमुनिया गांव में छीपा हुआ था। उन्होंने बताया कि यह मामला प्रेस प्रसंग से जुड़ा हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की मौत का कारण फंदे से लटका बताया गया है। वहीं मृतका के साथ बलात्कार की घटना नहीं घटने का खुलासा हुआ है।

## पटना में तेज रफ्तार ने ली 2 जानें

**पटना।** पटना में बुधवार की देर रात एक बाइक पर सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया था। गंभीर स्थिति में तीनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां दो की मौत हो गई है। एक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना राजीव नगर थाना क्षेत्र के भारत गैस एजेंसी के पास की है। अज्ञात वाहन के द्वारा ठोकर लगने से इलाज के दौरान दो की मौत हो गई। एक युवक का घायल स्थिति में इलाज चल रहा है।वहीं मृतक की पहचान 33 वर्षीय जतन ठाकुर, जिला दरभंगा और 30 वर्षीय दीपू ठाकुर के रूप में की गई है। वहीं ट्रैफिक रढ पूरन झा के द्वारा बताया गया कि ट्रैफिक थाना में अज्ञात वाहन पर पीड़ित के द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। इसकी जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक जतन ठाकुर पटेल नगर में सैलून चलाते हैं। देर रात सैलून बंद कर पटेल नगर से एक मोटरसाइकिल पर तीनों लोग सवार होकर राजीव नगर जा रहे थे। गैस गोडाउन के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया।

# बिहार में भी चाचा भतीजा एक दूसरे के खिलाफ ठोक रहे हैं ताल

एजेंसी

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की 70 वी जयंती पर उनके भाई पशुपति कुमार पारस और पुत्र चिराग पासवान हाजीपुर लोकसभा सीट को लेकर एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं। स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती पर बुधवार को उनकी कर्मभूमि हाजीपुर में आयोजित समारोह में उनके पुत्र और सांसद चिराग पासवान ने अपने पिता के अधूरे सपना को पूरा करने के लिए हाजीपुर से ही चुनाव लड़ने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि हाजीपुर उनके पिता की कर्मभूमि रही है। उनके पिता की पहचान हाजीपुर से है और हाजीपुर की पहचान भी स्व. रामविलास पासवान से है । इस नाते यहां की धरती से उनका विशेष लगाव रहा है। इसलिए अगला लोकसभा का चुनाव वह यहीं से लड़ेंगे। श्री पासवान ने कहा, हमारे पिता के जाने के बाद आप लोगों ने साथ दिया है। आप लोग अगर नहीं होते तो हम टूट जाते। कुछ लोगों ने हमारी पार्टी और परिवार को तोड़ने के लिए साजिश रची थी। कुछ लोग कहते हैं कि चिराग पासवान हाजीपुर क्यों जाता है। वहां जाकर वह क्या कर लेगा। क्यों नहीं जाएंगे हाजीपुर, हमारी मां है हाजीपुर। मैं हाजीपुर का अंग हूं, हाजीपुर का बेटा हूं। जमुई से सांसद चिराग पासवान ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान भी चाहते थे कि उनका बेटा चिराग हाजीपुर से चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि हर कोई चाहेगा कि घर का बेटा आगे बढ़े। उधर स्वर्गीय रामविलास पासवान के छोटे भाई और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने पटना में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में स्वर्गीय पासवान की जयंती मनाई। बाद में जब पत्रकारों ने श्री चिराग पासवान के हाजीपुर से चुनाव लड़ने के ऐलान के बारे में सवाल किया तब उन्होंने कहा, मैं बड़े भाई रामविलास पासवान को अपना भगवान मानता हूं। वह हाजीपुर को अपनी मां मानते थे। उन्होंने अपने जीते-जी मुझे हाजीपुर में अपना उतराधिकारी बनाया और हाजीपुर से चुनाव लड़ाया। मैं जब तक जीवित रहूंगा हाजीपुर की जनता का सेवा करता रहूंगा। श्री पारस ने कहा कि जिस चिराग पासवान को जमुई की जनता ने दो बार सांसद चुना, उस क्षेत्र और वहां की जनता को अब धोखा देकर चिराग क्यों क्षेत्र बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान एक ओर तो भाजपा के साथ नजदीकियां दिखाते हैं लेकिन दूसरी ओर वह लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के खिलाफ कुछ भी नहीं बोलते हैं। वह दो नाव की सवारी कर रहे हैं और उनका डूबना तय है।



## मंत्री-अफसर की लड़ाई खुल कर सामने, तेजस्वी महीने-भर से विदेश में : सुशील

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आज कहा कि दो दिन की बरसात से शहरी इलाके में लोग जल-जमाव झेल रहे हैं, दरभंगा मेडिकल कालेज बंद कर दिया गया, मरीज नाव से अस्पताल पहुंच रहे हैं और उप मुख्यमंत्री तथा कई विभागों के मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव एक महीने से विदेश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह छुट्टियाँ मना रहे हैं। श्री मोदी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि गरीबों के मसीहा होने का नाटक करने वालों को बिहार की गर्मी बर्दाश्त नहीं हो रही है। वे विदेश से ट्वीट कर रहे हैं और अब सीधे 10 जुलाई को विधान सभा सत्र के समय सदन में प्रकट होंगे। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव डीफैक्टो मुख्यमंत्री हैं, इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किसी भी महत्वपूर्ण मुद्दे पर निर्णय नहीं ले पा रहे हैं। वे मंत्री-अफसर टकराव के मूकदर्शक बने हुए हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और विभागीय अवर सचिव एक-दूसरे को औकात बताने पर तुले हैं। मंत्री के आप्त सचिव को शिक्षा विभाग में घुसने पर पाबंदी लगा दी गई और उनकी डाक्ट्रेट डिग्री पर सवाल उठा दिये गए। उन्होंने कहा कि इतने अपमान के बाद तो शिक्षा मंत्री को खुद इस्तीफा दे देना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि पथ निर्माण और स्वास्थ्य जैसे बड़े विभाग श्री तेजस्वी यादव से संभाल नहीं रहे हैं। उनकी एक मात्र योग्यता लालू-राबड़ी का पुत्र होना है।



# खगड़िया में 18 साल की युवती ने लगाई फांसी

एजेंसी

**खगड़िया।** खगड़िया में एक प्रेमिका ने गुरुवार की शाम सुसाइड कर लिया। प्रेमी द्वारा शादी से इनकार करने पर एक 18 साल की युवती ने आहत होकर अपने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना जिले के गोगरी थाना क्षेत्र के गोगरी पंचायत के इमादपुर लतामबाड़ी गांव की है। वहीं मृतक की पहचान रोशनी कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक इमादपुर लतामबाड़ी निवासी घोलटी देवी की 18 साल की बेटी का प्रेम प्रसंग बीते तीन साल से गांव के ही गौतम कुमार नामक युवक से चल रहा था। जब युवती ने प्रेमी से शादी करने के लिए कहा तो युवक ने घर से भागकर शादी करने की बात कही, लेकिन लड़की भागकर शादी करने से इनकार कर रही थी। लड़की का कहना था कि दोनों परिवार की रजामंदी कर घर से ही शादी करेंगे, मगर इसके लिए उसका प्रेमी तैयार नहीं हुआ। बताया जाता है कि शादी के लिए लड़की के तरफ से प्रेमी को कुछ नकद रुपए दिया गया था, लेकिन युवक गांव समाज के बीच रहकर शादी करने से मना कर रहा था। इससे आहत होकर युवती ने घर में फंदा से लटक कर आत्महत्या कर ली।

इधर, युवती के आत्महत्या की खबर मिलते ही गोगरी पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि फिलहाल प्रेम प्रसंग के कारण आत्महत्या का मामला सामने आया है। आवेदन आने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आर्मी जवान ने पत्नी-दो माह के बेटे को जिंदा जलाया

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में एक आर्मी जवान ने पत्नी और अपने दो महीने बेटे को जिंदा जलाकर हत्या कर दी। आरोपी जवान हिमांशु राजस्थान के जोधपुर में तैनात है। मंगलवार को छुट्टी पर घर आया था। पत्नी के रहते हुए वह अपनी गर्लफ्रेंड से शादी करना चाहता था आर्मी जवान अपनी गर्लफ्रेंड को घर पर बुला लिया। पत्नी इसका विरोध कर रही थी। इससे गुस्साये हिमांशु ने बुधवार की रात पत्नी और 2 महीने के बेटे को जिंदा जला दिया। फिर 8 वर्षीय बेटी भागे-भागे मामा के घर पहुंची और घटना की जानकारी दी।

## पूर्णिया में वज्रपात से युवक की मौत

**पूर्णिया।** पूर्णिया में वज्रपात से दरभंगा के एक युवक की मौत हो गई। मृतक पूर्णिया में रहकर मखाना फोड़ने का काम करता था। घटना बीती रात की है। खेत से घर लौटने के दौरान आकाशीय बिजली युवक पर जा गिरी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान दरभंगा के लरीयाम सुपौल निवासी 28 वर्षीय मुकेश सदाय के रूप में हुई है। वहीं आकाशीय बिजली गिरने की इस घटना के बाद से हरदा के कवैया में अफरातफरी का माहौल है। प्राकृतिक हादसे के बाद लोग खेत की ओर जाने से कतरा रहे हैं। मखाना फोड़ी करने वाले मजदूरों के बीच दहशत का माहौल है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन और स्थानीय मनीष कुमार ने बताया कि मृतक मुकेश सदाय मुख्य रूप से मखाना फोड़ी करने वाला मजदूर था। वह शहर के मरंगा थाना क्षेत्र के हरदा बजार के कवेया रोड में रहकर बीते 6 साल से मखाना फोरी का काम कर रहा था। युवक की मौत के बाद से उसके घर में कोहराम मचा है। घटना के संबंध में मरंगा थानाध्यक्ष पंकज आनंद ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से आकाशीय बिजली से मौत की सूचना मिली है। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम में जुट गई है।

स्पीड न्यूज

## मंत्री बेबी देवी ने की बाबा बासुकीनाथ में पूजा-अर्चना

**दुमका।** झारखंड सरकार की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को सपरिवार बासुकिनाथ धाम में पूजा अर्चना की। विद्वान पंडितों संग वैदिक मंत्रोचार के बीच बाबा मैया की विधि विधान से पूजनोपरांत फौजदारी नाथ सहित सभी देवी देवताओं की आरती की गई। इसके बाद मंत्री के साथ खड़े तमाम लोगों ने हर महादेव का जयकारा लगा बाबा से आशीर्वाद मांगते हुए झारखंड के लोगों की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।
बीडीओ ने किया प्रखंड गोदाम का निरीक्षण

## 9 को नगर कांग्रेस कमेटी की होगी बैठक

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक 9 जुलाई को होगी। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सांसद गीता कोड़ा और जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी नगर अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई रविवार की दोपहर 2 बजे से पुराना कांग्रेस भवन, राजबाड़ी रोड में होगी। बैठक में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव, संगठन की मजबूती और झारखण्ड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार और अन्य विषयों को लेकर विचार विर्मश किया जायेगा।

## युवक ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या की

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरबे निवासी शिव पासवान के 35 वर्षीय पुत्र सतीश पासवान ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सतीश बुधवार की देर शाम कीटनाशक दवा खाया। परिजन उसे ले कर रेफरल अस्पताल मझिआंव पहुंचे। चिकित्सक ने गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सतीश राजस्थान के जयपुर में रहकर मजदूरी का काम करता था। कुछ दिन पहले अपना घर आया था।

## निदेशक ने किया आम्रपाली मगध परियोजना का दौरा

**टंडवा (चतरा)।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने आम्रपाली एवं मगध-संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत खदानों का एकदिवसीय दौरा किया। इस दौरान मगध कोलपरियोजना में अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ सहित मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक (संचालन) एस के झा, मगध-संघमित्रा क्षेत्र के अमला अधिकारी (खनन) नवीन कुमार, मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी स.सत्यनारायाण, मगध परियोजना के खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम एवं वरिष्ठ प्रबंधन आदि मौजूद थे। उन्होंने मगध परियोजना के उत्पादन, प्रेषण आदि की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ऋ 2022-23 में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मगध के टीम को बधाई दी और कंपनी के लक्ष्य को पूरा करने की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र एवं मगध परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## डायवर्सन नहीं बनने से आवागमन बाधित

**कांडी।** प्रखंड के कांडी-मोखापी मोड़ सड़क स्थित चोरांटी नदी पर एक सप्ताह के बाद भी डायवर्सन नहीं बन सका है। जिससे उक्त सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाित है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश में नाममात्र का बना डायवर्सन बह गया था। उसके बाद से उक्त सड़क से आवागमन बन्द है। दो पहिया वाहन बगल से किसी तरह आना जाना कर रहे हैं। जबकि उक्त सड़क पर चार पहिया व अन्य दूसरी वाहनों का आना जाना एक सप्ताह से बंद है। मालूम हो कि चोरांटी नदी पर तीन स्पेन के पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। पुल निर्माण कार्य के बगल में संवेदक द्वारा नाममात्र का अस्थायी डायवर्सन बनाया गया था। डायवर्सन में केवल मिट्टी होने के कारण पिछले दिनों हुई तेज बारिश में डायवर्सन बह गया था।

श्रीनाथ विवि में मोडिवेशनल टॉक शो

# सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं : सरायवाला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** गुरुवार को आदित्यपुर स्थित 'श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन' और 'श्रीनाथ विश्वविद्यालय' के संयुक्त तत्वाधान में यंग इंडियंस के द्वारा एक मोटिवेशनल टॉक शो का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में 'अटिपिकल एडवांटेज' के संस्थापक एवं सीईओ विनीत सरायवाला उपस्थित थे।

सरायवाला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। केवल आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच आपको आगे लेकर जा सकती है। ज्ञान सभी जगह उपस्थित है बस हमें उसे लेने आना चाहिए और उसे पाने के लिए हमे हमेशा तत्पर भी रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति में कुछ करने की इच्छा हो तो वह चमत्कार कर सकता है, एक उद्यमी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन ऐसी समस्याओं का समाधान ढूंढना उसकी एक कला है। इस अवसर पर कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कहा कि यदि कोई शारीरिक रूप से अक्षम है तो भी यह जीवन की कोई बाध्यता नहीं हो सकती है, क्योंकि यदि मनुष्य चाहें तो इस शारीरिक अक्षमता के बीच भी अपने लिए रास्ता बना सकता हैं जरूरत है तो केवल आत्मविश्वास और इच्छा-शक्ति की। विदित हो कि अटिपिकल एडवांटेज विकलांग व्यक्तियों के लिए आजीविका उत्पन्न करने के लिए भारत का सबसे बड़ा समावेशी मंच है तथा विनीत सरायवाला स्वंय भी दृष्टि बाधित है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री पहुंची कोडरमा, विभिन्न कार्यक्रमों में हुई शामिल

# शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा: मांझी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा दौरे पर आई महिला बाल विकास मंत्री जोबा मांझी परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रोजेक्ट इम्पैक्ट और प्रोजेक्ट रैल के तहत किये जा रहे विभिन्न क्रिया कलापों से अवगत हुई, साथ ही स्कूल परिसर में ओपन जिम का उदघाटन किया और व्यवस्था पर सन्तोष व्यक्त करते हुए कहा कि उपायुक्त के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर जिस तरह का प्रयास किया जा रहा है, वह सराहनीय है। मंत्री ने स्कूली छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ें, सफलता अवश्य मिलेगी।

**आंगनबाड़ी से प्रभावित हुई मंत्री :** परियोजना बालिका उच्च विधालय के निरीक्षण के उपरांत मंत्री कोडरमा और डोमचांच प्रखण्ड के बलरोटांड, सलयडीह, नावाडीह, झरीटांड, हुसैनाबाद, सिंगलोडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान केंद्रों की सेविकाओं के द्वारा मंत्री को टीएलएम के माध्यम से केंद्र में होने वाले विभिन्न गतिविधियों की जानकारी के अलावे किलकारी से सम्बंधित प्रशिक्षण, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना से बच्चियों की दी जा रही लाभ के बाबत जानकारी दी। इसके अलावे बच्चों द्वारा बनाये गए वस्तुओं को दिखाया, केंद्रों की व्यवस्था देख मंत्री ने कहा कि जिले के नौनिहालों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं, उम्मीद है कि इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, डीडीसी ऋतुराज, डीएसडब्लूओ आरती कुमारी आदि मौजूद थे। मंत्री जोबा मांझी डोमचांच प्रखंड के स्वाबलंबी गांव लक्ष्मीपुर का भ्रमण किया। साथ ही रक्षा बंधन कार्यक्रम में शामिल हुई।

## एक नजर में

### विधायक संजीव सरदार की पत्नी का निधन

**जमशेदपुर।** पोटका के विधायक संजीव सरदार की पत्नी बुधनी सरदार की टाटा मेन हॉस्पिटल में इलाज के क्रम में बुधवार की देर शाम मृत्यु हो गई। बुधनी यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया की कर्मचारी थीं और नरवा में रहती थीं। वे लीवर समेत अन्य कई बीमारियों से पीड़ित थीं। उनके निधन के पश्चात परिजनों ने पोटका के उदाल गांव में अंत्येष्टि कर दी। पत्नी के निधन से विधायक बहुत दु:खी हैं। विधायक की पत्नी की मृत्यु की खबर मिलते ही बागबेड़ा कॉलोनी के पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, बन्ना गुप्ता फैंस क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंह, झामुमो के अजीत सिन्हा, मनोज दुबे उर्फ बम दुबे उनके पैतृक आवास पोटका के उदाल गांव पहुंचे। पहुंचते ही विधायक संजीव से मिलकर गहरा दु:ख प्रकट किए। विधायक संजीव सरदार ने बताया कि पिछले कई दिनों से टीएमएच में भर्ती थी।

### झामुमो ने नड्डा समेत भाजपा नेताओं का पुतला फूंका

जमशेदपुर। झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय समिति के निदेर्शानुसर पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की ओर से साकची गोलचक्कर पर मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा नेता सह विधायक प्रतिनिधि परवेश शुक्ला के द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है। यह घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की चरम सीमा है। भाजपा के आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम का पदार्फाश करना अत्यंत आवश्यक है। इस शर्मनाक घटना के विरोध में झामुमो ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा और मध्याप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, पूर्व सांसद सुमन महतो, वीर सिंह सुरेन,महावीर मुर्मू, बाबर खान, अरुण प्रसाद, राज लकड़ा, नंटु सरकार,प्रीतम हेंब्रम , गुरमीत सिंह गिल, अजय रजक समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 38 मवेशियों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के रपुरा गांव के समीप से पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 38 मवेशियों को जप्त कर लिया। जबकि मौके पर पशुओं को हांक कर ले जा रहे तीन मजदूरों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान मुख्य पशु तस्कर भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि ग्रामीणों की गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी कमलेश कुमार के निर्देश पर एएसआई काजल कुमार पुलिस बल के साथ रपुरा गांव पहुंचे और सभी पशुओं को जप्त कर लिया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि 38 पशुओं को थाना लाया गया है।

### एडीपीओ ने किया अभियान का निरीक्षण

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय में गढ़वा जिले की एडीपीओ गायत्री साहु ने स्कूल रूआर अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीपीओ ने सर्वप्रथम धुरकी के कन्या मध्य विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश ठाकुर से स्कूल रूआर अभियान के तहत अब तक कितने छात्राओं का नामांकन स्कूल में किया गया है इसकी समुचित जानकारी प्राप्त की। बीपीओ विपिन गुप्ता से एडीपीओ ने कहा कि एक माह तक चलने वाले इस अभियान में सभी वर्ग के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराएं।

## सीसीएल महाप्रबंधक ने महाविद्यालय में किया पुस्तकालय का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड (चरही) हजारीबाग प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक कमलेश कुमार सिन्हा ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सी एस आर मद से भद्रकाली कॉलेज इटखोरी को 3.26 लाख की पुस्तकें तथा पुस्तकों के रखरखाव के लिए 10 बुक सेल्फ का फीता काट कर महाविद्यालय को समर्पित किया। इस मौके पर सीसीएल के अधिकारीगण, प्राचार्य डॉ दुलार हजाम, प्रोफेसर सकेंद्र मिस्त्री, प्रोफेसर ललित मोहन सिन्हा, प्रोफेसर संदीप कुमार सहित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झामुमो ने किया भाजपा का पुतला दहन

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में गुरूवार को शहर के रंका मोड़ पर भाजपा का पुतला दहन किया गया। झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने टाउन हल के मैदान से जुलूस की शक्ल में रंका मोड़ पहुंचकर भाजपा का पुतला दहन किया। मध्य प्रदेश के सिद्धी में भाजपा के कार्यकर्त्ता द्वारा आदिवासी युवक के साथ किये गये कुत्य के विरोध में पुतला दहन कर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि यह त्य भाजपा की चाल, चरित्र, चेहरे एवं मानसिकता को उजागर करता है। भाजपाई दुराचारी एवं व्याभिचारी हैं। भाजपा की सरकार ने देश के अमूल्य संपत्तियों को बेच दिया।

## 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही निगरानी को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान मनरेगा से प्रखंड में चल रहे योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, खराब पड़े जल मीनार, चापानलों के मरम्मत, विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, स्वास्थ्य विभाग, 15वें वित्त आयोग से पंचायतों में चल रही योजनाएं, मनरेगा योजना, जन वितरण प्रणाली की दुकान, आदि को लेकर चर्चा हुई।

## बासुकीनाथ : 25000 से अधिक भक्तों ने जल चढ़ाया

**दुमका।** श्रावणी मेला महोत्सव के तीसरे दिन 24971 श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारी पर जलार्पण किया। जिसमे शीघ्र दर्शनम से 532 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। शीघ्र दर्शनम से 1,59,600 रुपये, दान पेटी से से 1,58,560, गोलक से 58000, अन्य स्रोत से 22777 रुपये प्राप्त हुए। चांदी का सिक्का 5 ग्राम का 2 पीस बिक्री हुआ एवं गोलक से 21 ग्राम सोना प्राप्त हुआ।

**उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ :** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को बाबा फौजदारीनाथ के दरबार में कांवरियों की भीड़ लगी रही। तीन बजे भोर से ही मंदिर परिसर शिवगंगा घाट वह मेला परिसर केसरिया रंग से पटा रहा।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद।** गुरुवार को बरटांड मंडल अंतर्गत सिटी सेन्टर चौक पर भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मतिथि पर बरटांड मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल के अध्यक्षता में बरटांड मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद के विधायक राज सिन्हा के द्वारा सर्वप्रथम माल्या अर्पण कर अपने संबोधन में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के उनके अमूल्य विचारो एवं उनके द्वारा त्याग और बलिदान को धनबाद विधायक ने कार्यकर्ताओ के सामने रखा तथा पूरी भाजपा उनकी मार्ग पर प्रशस्त कर पूरे भारत वर्ष को प्रधान मंत्री के मार्ग दर्शन पर विश्व गुरू बनाने के लिए भाजपा के एक एक कार्यकर्ता वचनबद्ध है। इसके उपरांत धनबाद विधायक राज सिन्हा के द्वारा सिटी सेंटर एवं कंबाइंड बिल्डिंग मोड़ पर महाजनसंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल 9 साल बेमिशाल के लिए जनता से सीधा संपर्क कर उनके समर्थन में 9090902024 पर आम जनता से मिस कॉल कर समर्थन देने के लिए जागरुक किया गया।

## एसकेएमयू कुलसचिव डॉ संजय सिन्हा का हुआ दो माह का सेवा विस्तार

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा को राजभवन से दो माह का सेवा विस्तार हुआ। अब कुलसचिव डॉ सिन्हा को राजभवन के निदेर्शानुसार अतिरिक्त दो माह का सेवा विस्तार दे दिया गया है। इस बाबत राज्यपाल सह कुलाधिपति के आदेश से राजभवन ने पत्र विश्वविद्यालय को भेजा है। पत्र के आलोक में विश्वविद्यालय ने 5 जुलाई को अधिसूचना जारी कर दिया है। भेजे गये आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलसचिव डॉ सिन्हा को 7 जुलाई से दो माह के लिए सेवा विस्तार दिया गया है। डॉ. सिन्हा विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के सह प्राध्यापक है।

## पेज एक का शेष

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ...

**डीसी को मिलेगा जिला कार्यक्रम समन्वय का जिम्मा :** मुख्यमंत्री ने डीआरडीए का पंचायती राज विभाग में विलय के आलोक में मनरेगा के अंतर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी जिलों के उपायुक्तों को देने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत पंचायतों में चल रही योजनाओं का सोशल ऑडिट रेगुलर होना चाहिये। इससे योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही पर अंकुश लगेगा। वहीं, दोषियों पर भी कार्यवाही हो सकेगी।उन्होंने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जो खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं, उसके चारों और वृक्षारोपण करायें। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को वन पप्ता मिल सके, इसके लिए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। सीएम ने इस मौके पर विभिन्न जिलों से आये मुखिया, जिला परिषद सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन और संचालन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में अधिकारियों को यथोचित कदम उठाने का निर्देश दिया। बैठक में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के उपाध्यक्ष एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और सदस्य के तौर पर कृषि मंत्री बादल, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का,अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, अबु बकर सिद्दीक, डॉ मनीष रंजन, प्रशांत कुमार, चंद्रशेखर, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, विशेषज्ञ प्रो रमेश शरण,जॉनसन टोपनो उपस्थित थे।

### पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा से...

इसके अलावा उसके एवं रिश्तेदारों के खाते में 18 करोड़ रुपये से अधिक जमा है। उल्लेखनीय है कि इडी ने बुधवार को लंबी पूछताछ के बाद कृष्णा साहा को देर रात गिरफ्तार किया था। एक जुलाई को कृष्णा साहा को ईडी ने समन भेजकर रांची के क्षेत्रीय कार्यालय में पांच जुलाई को उपस्थित होने को कहा था। शुक्रवार से इडी अधिकारी अब उससे पूछताछ करोंगे। इस संबंध में अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि कृष्णा साहा पर अवैध खान समेत 19 करोड़ रुपये अवैध तरीके से अर्जित करने का आरोप है। साथ ही पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश का सहयोग करने का भी आरोप है। इससे पूर्व 30 जून, 2023 को साहिबगंज के चपांडे पहाड़ पर अवैध खनन के दौरान दो मजदूरों की मौत मामले की इडी ने प्रारंभिक जांच की थी।

### नीति आयोग की टीम का...

वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी नीति आयोग की टीम के मिलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार नीति आयोग की टीम 11 को शाम 7.30 बजे दिल्ली से रांची पहुंचेगी। राज्य सरकार ने झारखंड दौरे पर आ रहे डॉ विनोद कुमार पाल सहित सभी नीति आयोग के सदस्यों को राजकीय अतिथि घोषित किया है। इस बैठक में राज्य में चल रहे हर घर नल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, केंद्रीय मद से बन रही सड़क, स्वास्थ्य एवं रेल हवाई मार्ग के लिए जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### पवार बोले- मैं ही हूं अध्यक्ष...

शरद पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। हम किसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के दावे को गंभीरता से नहीं लेते हैं। चाको ने कहा, हमारा संगठन अभी भी बरकरार है और हम शरद पवार के साथ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर तीन साल में एनसीपी चुनाव कराती है और लोग नियमित रूप से चुने जाते हैं। **आज भाजपा विधायक दल की बैठक :** महाराष्ट्र में एनसीपी मुद्दे को लेकर राजनीति गरमा चुकी है। एकनाथ शिंदे गुट की बैठक के बाद अब भाजपा ने भी विधायक दल की बैठक मुंबई में शुक्रवार को बुलायी है। हाल ही में होने वाले कैबिनेट विस्तार के बाद विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में पार्टी की रणनीति और अन्य मौजूदा मुद्दों पर चर्चा होगी। **शरद पवार से मिले राहुल :** दिल्ली में एनसीपी की कार्यकारिणी बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर पहुंचे। उन्होंने शरद पवार से लंबी बातचीत की।

### एमपी सीएम ने पीड़ित युवक के...

**सियासत के केंद्र में सीधी केस :** दरअसल सीधी में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब किए जाने की घटना से प्रदेश ही नहीं झारखंड समेत कई राज्यों में सियासत गर्म है। झारखंड में कई दल और संगठन उक्त घटना के विरोध में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस की ओर से इसे आदिवासी अस्मिता से जोड़कर पेश किया जा रहा है। एमपी में लगातार हो रहे आदिवासियों से जुड़े अपराधों को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा जा रहा है। कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए 5 नेताओं की कमेटी भी गठित की है।

## कोयला के अवैध खनन करने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा

जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक न्यू टाउन हॉल में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कोयले के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के रोकथाम व कोयले के अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोयले की सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेवारी है। कोयले के अवैध खनन, भंडारण या परिवहन होने पर सारा आरोप जिला प्रशासन और बीसीसीएल पर लगाया जाता है। जबकि इसमें संलिप्त लोग साफ बच जाते हैं। थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि वे नियमित रूप से औचक पेट्रोलिंग करे। कोयला चोरी की एफआईआर दर्ज करते समय बीसीसीएल प्रबंधन से संलिप्त व्यक्ति या व्यक्तियों का नाम, वाहन मालिक का नाम सहित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करें। छापामारी, जब्ती, कोयला चोरी में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी जारी रखें। जहां बड़े पैमाने पर कोयले का भंडारण हो रहा है वहां टीम भेजी जाएगी।

# 31 जुलाई तक लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करें: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय चतरा के सभागार में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्रखंड व अंचल कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, लंबित मामले, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा के कार्य में अनुसूचित जनजाति/ जाति की महिलाओं में कार्य के प्रति भागीदारी, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, अंबेडकर आवास, जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित योजना, फूलो झानों योजना, प्लास ब्रांड, दाखिल खारिज, जाति आवासीय समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर दिया कई आवश्यक दिशा निर्देश। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना राज्य की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना के लक्ष्य को प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत पूर्ण करें। मनरेगा योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में 5 योजना संचालित करने का निदेश दिया और उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा के कार्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति की महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाए। सक्रिय मजदूर के कार्य मे भागीदारी बढ़ाएं।पोटो हो खेल मैदान शत प्रतिशत पूर्ण करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के समीक्षा के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक द्वारा जानकारी दी गई कि प्रखंड स्तर पर 561 प्रधानमंत्री आवास योजना लंबित है। इसे लेकर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लंबित आवास योजना शोभनीय नहीं है 31 जुलाई तक सभी 561 लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य को पूर्ण करें। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक, परियोजना पदाधिकारी रूपेश तिवारी, अनुजा राणा, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## द. अफ्रीका में विषाक्त गैस से 16 की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़ी आबादी वाले शहर जोहान्सबर्ग के बोक्सबर्ग उपनगर की एक मजदूर बस्ती में बुधवार देरशाम जहरीली गैस के रिसाव से 16 लोगों की जान चली गई। हालांकि शुरू में सरकारी प्रसारक एसएबीसी ने 24 लोगों के मरने की सूचना दी थी। कुछ देर बाद प्रांतीय सरकार और पुलिस ने सफाई दी कि अब तक 16 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। यह हादसा एंजेलो स्क्वैटर कैंप के एक यार्ड में नाइट्रेट ऑक्साइड युक्त गैस सिलेंडर में लीकेज से हुआ।

## छह मामलों में इमरान के खिलाफ मुकदमा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सेना मुख्यालय पर हमला समेत छह मामलों में नामजद किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान के समर्थकों ने नौ मई को रावलपिंडी में पाकिस्तान सेना के मुख्यालय पर हमला किया था। इस घटना को सेना ने ह्यकाला दिन करार दिया था।

## अमेरिका में भारतीय मूल के कर्मी की हत्या

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के जॉर्जिया में एक दुकान में काम करने वाले भारतीय मूल के 36 वर्षीय क्लर्क की लूट के दौरान हथियार बंद हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस सिलसिले में दो किशोरों को हिरासत में लिया है। जॉर्जिया के ब्रेन्स शहर में किराने की दुकान में काम करने वाले मंदीप सिंह को 28 जून को 15 साल के दो किशोरों ने गोलियां मार दी थी।

## मेक्सिको में बस खाई में गिरी, 29 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में एक बस के खाई में पलटकर गिर जाने से 29 लोगों की मौत हो गई और अन्य 19 घायल हो गए। यह बस मेक्सिको सिटी से दक्षिणी मैक्सिकन राज्य ओक्साका के शहर योसोंडुआ जा रही थी। ओक्साका के आंतरिक मंत्री जीसस रोमेरो ने कहा कि बुधवार को हुए इस हादसे में एक नवजात, 13 पुरुषों और 13 महिलाओं ने मौके पर दम तोड़ दिया। 21 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## बदरीनाथ हाइवे खुला यात्रियों को राहत

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के बदरीनाथ हाइवे पर छिनका के पास पहाड़ी से भारी मलबा आने के कारण बाधित हो गया था। इसे अपराह्न बाद खोल दिया गया है। सूचना विभाग और स्थानीय पुलिस की ओर से बताया कि आ सुबह छिनका के पास मलबा आने के कारण बंद हाइवे के दोपहर बाद खुलने से यहां फंसे तीर्थ यात्रियों ने राहत की सांस ली है। मार्ग खुलने पर बदरीनाथ से आने जाने वाले तीर्थ यात्रियों के वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है।

## मणिपुर में महिला की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में एक विद्यालय के बाहर गुरुवार सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर एक महिला की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि लाम्फेल थानाक्षेत्र के क्वाकीथेल मायाइ कोइबी में यह महिला किसी काम से विद्यालय गयी थी लेकिन वह किसी विद्यालय से जुड़ी नहीं थी।

## इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दक्षिण बस्तर बटालियन नंबर एक में नक्सली कवासी भीमे ने सुरक्षाबलों के समक्ष समर्पण किया।

# पांच आदिवासी संगठनों ने डाले हथियार

## असम में 1,182 सदस्यों ने राष्ट्र की मुख्य धारा में लौटने की ली शपथ

- मुख्यमंत्री ने आदिवासी कल्याण और विकास परिषद का गठन किया एलान
- शांति मिशन में शामिल होने वाले पांचों संगठनों का स्वागत : डॉ. सरमा

एजेंसी

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की मौजूदगी में पांच संगठनों के 1,182 सदस्यों ने अपने हथियार सौंपकर राष्ट्र की मुख्य धारा में लौटने की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने आदिवासी कल्याण और विकास परिषद के गठन की घोषणा की।

गुरुवार को स्थानीय श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसीएमए, बीसीएफ, आनला, एसटीएफ और एपीए संगठन के 1,182 सदस्यों ने अपने हथियार सौंपकर राष्ट्र की मुख्य धारा में लौटने की शपथ ली। सभी सदस्य अपने पूरे पोशाक में उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आदिवासी कल्याण और विकास परिषद के गठन की घोषणा की। दरअसल, इस परिषद के गठन पर गत 15 सितम्बर, 2015 को पांच आदिवासी सशस्त्र संगठनों के सरकार के साथ हुए ऐतिहासिक शांति समझौते के दौरान सहमति बनी थी। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से असम में विद्रोह को समाप्त कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हस्ताक्षर किये गये आदिवासी समझौते ने आदिवासियों की आकांक्षा को प्रतिबिंबित करने के लिए एक कल्याण और विकास परिषद की स्थापना की गयी है।



शपथ ग्रहण समारोह के साथ सभी ने अपनी वचनबद्धता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम ने शांति का प्रयास रंग लाया है। पूर्वोत्तर में शांति और प्रगति के मिशन में शामिल होने वाले विभिन्न आदिवासी विद्रोही संगठनों के 1,182 सदस्यों का हार्दिक स्वागत करता हूं। शांति समझौते के तहत गुरुवार को राज्य में सामूहिक रूप से संगठनों को भंग करने का औपचारिक रूप से ऐलान किया गया। कार्यक्रम में कोकराझार जिला के गोसाईगांव स्थित माटियाजुरी स्थित शहीद भवन में संगठन को पूरी तरह से भंग करने की औपचारिकता निभाई गयी। इस मौके पर संगठन के सदस्य पूरे परिधान में अपने परिजनों के साथ मौजूद थे।

वहीं, कोकराझार जिला के नायेक गांव में आनला के अस्थायी शिविर में गुरुवार को फ्लैग डाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आज हुए ऐतिहासिक समझौते को अस्थायी शिविर में आनंद और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम स्थल पर पांचों संगठनों के सौंपे गये हथियारों की एक प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी। कार्यक्रम के दौरान पांचों संगठनों के 16 प्रमुख नेताओं ने आदिवासी कल्याण और विकास परिषद के नाम से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद आज औपचारिक रूप से शपथ ग्रहण भी किया। इस मौके पर असम सरकार के मंत्री संजय किसान, पियूष हजारिका, राज्य सभा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह के साथ ही अन्य कई विधायक एवं असम पुलिस के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1996 में राज्य में विशेष दो जनगोष्ठियों के बीच संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद अपने अधिकार की मांग करते हुए आदिवासी जनगोष्ठियों के पांच सशस्त्र संगठनों का जन्म हुआ था। इसमें एक प्रमुख संगठन आदिवासी कोबरा मिलिटेंट आफ असम (आकमा) भी शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री आज 50 हजार करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

- गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में लेंगे भाग
- गोरखपुर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत को करेंगे रवाना
- रायपुर-विशाखापत्तनम कॉरिडोर का करेंगे शिलान्यास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार से छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 50,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर इस दौरे से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान में कार्यक्रमों में शामिल होऊंगा। 50,000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया जाएगा। ये परियोजनाएं कई जिंदगियों को बदल देंगी उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए कार्य करने को हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में रायपुर में शुक्रवार को 6400 करोड़ रुपये से अधिक के हाई-वे प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन और शिलान्यास का सौभाग्य प्राप्त होगा। इससे कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलने के साथ ही राज्य के आर्थिक



विकास और टूरिज्म सेक्टर को भी नई तेजी मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रीनफील्ड रायपुर-विशाखापत्तनम कॉरिडोर के छत्तीसगढ़ सेक्शन के जिन 3 नेशनल हाई-वे प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें से एक उदंती वन्यजीव अभयारण्य से गुजरने वाला है। यहां वन्यजीवों के सुरक्षित आवागमन को पूरी तरह से ध्यान में रखा गया है। इसके लिए 2.8 किलोमीटर लंबी 6-लेन वाली सुरंग के साथ ही वन्यजीवों के आसान आवागमन के लिए 27 रास्ते और 17 बंदर छतरियों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रायपुर में छत्तीसगढ़ भाजपा की रैली में जनता-जनार्दन से संवाद को लेकर बेहद उत्साहित हूं। छत्तीसगढ़ के लोगों का हमेशा से बीजेपी से बहुत मजबूत रिश्ता रहा है। मुझे विश्वास है कि वे अपना आशीर्वाद सदैव बनाए रखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर अत्यंत उत्सुक हूं। इसके साथ ही मुझे वहां कई विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास की भी बेसब्री से प्रतीक्षा है। देशभर में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने में हमारी सरकार निरंतर जुटी है। इसी दिशा में कल गोरखपुर-लखनऊ के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का सौभाग्य मिलेगा। इसके अलावा गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखूंगा।



मुंबई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन किये। मंदिर न्यास समिति की ओर से राष्ट्रपति मुर्मू को गणपति की मूर्ति भेंट कर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

## कन्हैया बने एनएसयूआइ के प्रभारी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को पार्टी ने नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया है।कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। उनके अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से कन्हैया कुमार को एनएसयूआई का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया है।उल्लेखनीय है कि कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने 17वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में बिहार के बेगुसराय से चुनाव लड़ाया था। हालांकि उनको हार का सामना करना पड़ा था।

## सिंहदेव बने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री त्रिभुवनेश्वर शरण सिंहदेव (टी.एस. सिंहदेव) को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है, इसके लिए राज्य सरकार की ओर से राजपत्र में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सलाह पर सिंहदेव को छत्तीसगढ़ राज्य का उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। पिछले दिनों दिल्ली में पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व राज्य के अन्य नेताओं की बैठक हुई थी। इस बैठक के बाद सिंहदेव को उप-मुख्यमंत्री बनाए जाने का फैसला हुआ था।

## बंगाल : जबरन धर्मांतरण में सात के खिलाफ एफआइआर

- हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआइ ने दर्ज किया मामला, मालदा जिले के दो बहनों ने दायर की थी याचिका

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में जबरन धर्मांतरण के सात आरोपियों के विरूद्ध कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय ने दो बहनों की रिट याचिका पर इस जांच का आदेश दिया था।

इन दोनों ने दावा किया था कि उनके पतियों बुद्धू मंडल और गौरंगा मंडल को एक ऐसी पार्टी के लिए काम करने की सजा के तौर पर हिंदू से मुसलमान बना दिया गया जो विधानसभा चुनाव में हार गयी। याचिकाकर्ताओंने यह भी कहा कि उनके पति 24 नवंबर, 2021 से लापता हैं लेकिन सूचित करने के बाद भी पुलिस ने कुछ नहीं किया। लेकिन, पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि दोनो भाइयों ( इन महिलाओं के पतियों) ने स्वेच्छा से इस्लाम अपना लिया और पारिवारिक विवाद के चलते वे घर छोड़कर चले गये।

उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई ने 20 फरवरी को प्राथमिक जांच दर्ज की थी। अधिकारियों ने बताया कि अदालती आदेश पर सीबीआई ने मंगलवार को खुर्शीद शेख, नाजू शेख, बरकती शेख, हबीब शेख, रबीउल शेख, मुक्तादुल शेख और टीनू शेख तथा अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## पाक में ईंधन की कमी से सैन्य अभ्यास कैंसिल

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान की सेना ने ईंधन की कमी के कारण इस साल दिसंबर तक सभी सैन्य अभ्यास कैंसिल कर दिए हैं। सूत्रों के हवाले से वेबसाइट ने बताया है कि सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ट्रेनिंग ने सभी फील्ड फॉर्मेशन और हेडक्वार्टर्स को एक चिट्ठी लिखी है।

इसी चिट्ठी में दिसंबर तक सभी एक्सरसाइज को कैंसिल करने की बात कही गई है।जो पहली वजह इसमें बताई गई उसके मुताबिक रिजर्व फ्यूल और जरूरी साजो-सामान की कमी है। सैन्य दृष्टि से रिजर्व फ्यूल, वॉर रिजर्व से अलग होता है। वॉर रिजर्व विशिष्ट अवधि के दौरान आवश्यक हथियार और ईंधन के लिए होते हैं। देश में पेट्रोल और डीजल के लिए 262 रुपए प्रति लीटर और केरोसिन तेल के लिए 164 रुपए प्रति लीटर तक की कीमत अदा करनी पड़ रही है

# नये शिखर पर सेंसेक्स, निफ्टी ने भी बनाया रिकॉर्ड

- 340 अंक छलांग के साथ 65786 पर पहुंचा सेंसेक्स
- निफ्टी 99 अंक बढ़त के साथ 19,497 की नयी ऊंचाई पर

एजेंसी

**मुंबई।** शेयर बाजार में एक दिन के विराम के बाद गुरुवार को फिर तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 339.60 अंक की छलांग के साथ नये शिखर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 339.60 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर 65,785.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 386.94 अंक की तेजी के साथ 65,832.98 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 98.80 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,497.30 की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह 113.7 अंक उछलकर रिकॉर्ड 19,512.20 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा लगभग पांच प्रतिशत मजबूत होकर सर्वाधिक लाभ में रहा।

**इन कंपनियों के शेयरों में तेजी :** इसके अलावा पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स और विप्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहे।दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस और टाटा स्टील शामिल हैं। बीएसई मिडकैप में 0.79 प्रतिशत और स्मॉलकैप में



0.67 प्रतिशत बढ़त हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली जारी है। उन्होंने गुरुवार को शुद्ध रूप से 2,641.05 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 76.86 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सेंसेक्स में बुधवार को 33.01 अंक की गिरावट आई थी जबकि निफ्टी 9.50 अंक चढ़ा था।

## सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 301.70 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली।** बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बृहस्पतिवार को 301.10 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ बाजार पूंजीकरण नई ऊंचाई पर पहुंचा है। बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 1.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 3,01,70,635.89 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

**निवेशकों ने कमाए 11 लाख करोड़ से अधिक :** निवेशकों ने 11 लाख करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है।

# फिर शादी करेंगे ऋतिक रोशन, आजाद से जुड़ा नाम

मुंबई। अभिनेता ऋतिक रोशन और सबा आजाद काफी दिनों से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह जोड़ी अक्सर इवेंट्स में एक साथ देखी जाती है। पिछले कुछ दिनों से ये खबर जोरों पर है कि ऋतिक और सबा जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं।

ऋतिक और सबा अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। पहली पत्नी सुजैन खान से तलाक के बाद ऋतिक की जिंदगी में सबा आईं।

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, चर्चा है कि दोनों जल्द ही शादी कर लेंगे। हालांकि ये दोनों कब और कहां शादी करेंगे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। ऋतिक पहले ही सबा को अपने परिवार से मिलवा चुके हैं। मार्च की शुरूआत में दोनों की शादी की



खबरें सामने आई थीं। हालांकि, उस वक्त राकेश रोशन ने बताया था कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वे अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए पोस्ट शेयर करते रहते हैं। रोशन और सबा की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी।

## निरहुआ हिंदुस्तानी-4 की शूटिंग लंदन में शुरू

**भोजपुरी** सिनेमा की सक्सेसफुल फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी की फ्रेंचाइजी निरहुआ हिंदुस्तानी-4 की शूटिंग सात समंदर पार लंदन में शुरू हो चुकी है, जिसमें मुख्य रुप से आजमगढ़ के सांसद सह जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और मशहूर अदाकारा आम्रपाली दुबे नजर आने वाली हैं। निरहुआ एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और किंग्स एंटरटेनमेंट लिमिटेड इस फिल्म का निर्माण कर रहा है। निर्माता प्रवेश लाल यादव और अभिषेक किंग कुमार हैं, जबकि भोजपुरी में कई सुपरहिट फिल्में दे चुके निर्देशक मंजुल ठाकुर हैं। फिल्म में एक बार फिर से निरहुआ और आम्रपाली दुबे साथ नजर आएंगे। दोनों की



केमिस्ट्री भोजपुरी के दर्शकों को खूब पसंद आती है, जिसकी एक झलक फिल्म के सेट पर स्पॉट की गई तस्वीरों में दिखाई दे रही है। निरहुआ हिंदुस्तानी-4 को लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि निरहुआ हिंदुस्तानी सीरीज को दर्शकों ने बेहद प्यार और आशीर्वाद से नवाजा है, जिस वजह से आज हम इसकी अगली कड़ी का आगाज कर रहे हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !